


राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातःकिरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

हर खबर पर पकड़





11 सानिया मिर्जा और रोहन बोपन्ना को मियामी ओपन में मिली हार

रूसी राष्ट्रपति का यूक्रेन पर आक्रमण एक रणनीतिक भूल : व्हाइट 12



वर्ष : 12 | अंक : 320 | नई दिल्ली, शुक्रवार, 01 अप्रैल, 2022 | चैत्र कृष्ण, अमावस्या, विक्रम संवत 2078 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


### मौसम

अधिकतम तापमान 38.0°C

न्यूनतम तापमान 22.0°C

दिल्ली में पिछले कई दिनों से हीट वेव की स्थिति बनी हुई है राज्यों में तापमान बढ़ रहा है।

### पोल

**द कश्मीर फाइल्स के बहाने बीजेपी क्या केजरीवाल पर राजनीति कर रही है?**

| | |
|---|---|
| हां | 70% |
| नहीं | 20% |
| कह नहीं सकते | 10% |

### बाजार

| | |
|---|---|
| सोना | 53,075 |
| चांदी | 66,800 |
| सेंसेक्स | 58,568 |
| निफ्टी | 17,464 |

## घर पर हमले के बाद केजरीवाल ने भाजपा पर साधा निशाना

# मैं देश के लिए जान भी दे सकता हूं: केजरीवाल

**कार्यक्रम**

- दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी को गुंडागर्दी शोभा नहीं देती: केजरीवाल

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के घर पर हमले के एक दिन बाद उन्होंने कहा है कि वह देश के लिए जान भी दे सकते हैं। आम आदमी पार्टी ने कहा था कि भाजपा के लोग अरविंद केजरीवाल की हत्या की साजिश कर रहे हैं।

पार्टी की तरफ से कहा गया था कि जब चुनाव में जीत हासिल नहीं कर पाए तो केजरीवाल को मारने की कोशिश की जा रही है। दिल्ली में ई-ऑटो के लॉन्च प्रोग्राम में संबोधित करते हुए केजरीवाल ने कहा, 'केजरीवाल महत्वपूर्ण नहीं है, यह देश जरूरी है।' उन्होंने कहा कि दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी को इस तरह की गुंडागर्दी शोभा नहीं देती। इससे देश के युवाओं को गलत संदेश जाता है। बता दें कि बुधवार को केजरीवाल के घर के बाहर भाजपा युवा मोर्चे के कार्यकर्ता विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। विधानसभा में 'द कश्मीर फाइल्स' पर दिए गए बयान के बाद कई जगहों पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने अरविंद केजरीवाल के खिलाफ प्रदर्शन किए। इसी श्रृंखला में उनके घर के बाहर भी विरोध हो रहा था। इसके बाद आम आदमी पार्टी के नेताओं ने कहा कि भाजपा के लोगों ने केजरीवाल के घर पर हमला किया और सीसीटीवी कैमरे तोड़ दिए। चुप्पी तोड़ते हुए दिल्ली के सीएम ने कहा, हमें मिलकर देश को आगे ले जाना है। हमने लड़ने में ही 75 साल गंवा दिए।




**केजरीवाल के आवास पर हमले को लेकर हाईकोर्ट में याचिका**

केजरीवाल के आवास पर हुए हमले और तोड़फोड़ का मामला बृहस्पतिवार को दिल्ली हाई कोर्ट पहुंच गया। आम आदमी पार्टी के विधायक और पूर्व मंत्री सौरभ भारद्वाज ने इस मामले की जांच के लिए एसआइटी गठित करने की मांग करते हुए दिल्ली हाई कोर्ट में याचिका दायर की है। सौरभ ने अपने अधिवक्ता भारत गुप्ता के माध्यम से दायर याचिका में कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि दिल्ली पुलिस आरोपितों के साथ मिली हुई है।

## पुराने सदस्यों की कमी खलेगी: पीएम

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

राज्यसभा का कार्यकाल पूरा करने वाले 72 सदस्यों को आज विदाई दी गयी और उनके उज्जवल भविष्य के साथ सार्वजनिक जीवन में सक्रिय रहने की कामना की गयी। राज्यसभा का कार्यकाल पूरा करने वालों में भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ नेता और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, सदन के नेता पीयूष गोयल और अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी, कांग्रेस के उप नेता आनंद शर्मा, ए के एंटनी, पी चिदम्बरम, अम्बिका सोनी, जनता दल (यू) के नेता और इस्पात मंत्री राम चन्द्र प्रसाद सिंह और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी और मनोनीत सदस्य मेरी कॉम प्रमुख हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सदस्यों को विदाई देते हुए कहा कि इस सदन का कार्यकाल पूरा करने वाले कई सदस्य बहुत अनुभवी रहे हैं और कई बार ज्ञान से ज्यादा अनुभव की ताकत होती है। अनुभव से समस्याओं का समाधान सरल तरीके से होता है और गलतियां काफी कम होती है। इन सदस्यों के सदन से जाने के बाद अनुभव की भारी कमी महसूस की जायेगी जिसे पूरा करने की नये लोगों पर जिम्मेदारी होगी। उन्हें पूरी जिम्मेदारी से काम करना होगा ।



**राज्यसभा के 72 सदस्यों को दी विदाई**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राज्यसभा के 72 सेवानिवृत्त सदस्यों की विदाई पर राज्यसभा में बयान दिया। उन्होंने कहा कि हमारे राज्यसभा सदस्यों के पास बहुत अनुभव है। कभी-कभी अनुभव में ज्ञान से अधिक शक्ति होती है। हम सेवानिवृत्त सदस्यों से कहेंगे फिर से लौटकर सदन में आएं। राज्यसभा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि ये आजादी का अमृत महोत्सव है। हमारे महापुरुषों ने देश के लिए बहुत कुछ दिया, अब देने की जिम्मेदारी हमारी है। अब आप खुले मन से एक बड़े मंच पर जाकर आजादी के अमृत महोत्सव के पर्व को माध्यम बनाकर प्रेरित करने में योगदान कर सकते हैं। पीएम मोदी ने आगे कहा कि हमने इस संसद में लंबा समय बिताया है। इस सदन ने हमारे जीवन में बहुत योगदान दिया है। इस सदन के सदस्य के रूप में प्राप्त अनुभव को देश के चारों दिशाओं में ले जाना चाहिए।

## संक्षिप्त खबर

### उड़ान योजना के तहत 11 नई एयरलाइंस की शुरूआत

नई दिल्ली। केंद्रीय नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि आम लोगों के लिए हवाई यात्रा को सुगम बनाने के लिए उड़ान योजना के तहत 11 नई एयरलाइंस की शुरूआत की गई है। सिंधिया ने लोकसभा में एक पूरक प्रश्न के जवाब में गुरुवार को कहा कि उड़ान योजना के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विचारधारा थी कि हवाई चप्पल पहनने वाला भी हवाई सफर करे। इसके तहत 11 नई एयरलाइंस की शुरूआत हुई है, जिनमें से तीन स्टार्टअप हैं। यह नागर विमानन क्षेत्र के लिए शुभ संकेत है। उन्होंने कहा कि हम पर भार भी बहुत है क्योंकि तेल के दाम बहुत बढ़ चुके हैं, लेकिन इस संकट में भी हमारा क्षेत्र आगे बढ़ रहा है।

### अप्रैल से नगालैंड, असम व मणिपुर में घट जाएगा शस्त्र बल विशेष अधिकार अधिनियम का दायरा

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने नगालैंड, असम और मणिपुर में सशस्त्र बल विशेष अधिकार अधिनियम के तहत शांत क्षेत्रों को कम करने का फैसला किया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने ट्वीट कर ये जानकारी दी है। ये फैसला कल यानी 1 अप्रैल से लागू हो जाएगा। अमित शाह ने ट्वीट कर लिखा, भारत सरकार ने दशकों बाद नगालैंड, असम और मणिपुर राज्यों में सशस्त्र बल विशेष अधिकार अधिनियम के तहत अशांत क्षेत्रों को कम करने का फैसला किया है। अमित शाह ने कहा, AFSPA के तहत क्षेत्रों में कमी सुरक्षा की स्थिति में सुधार मोदी सरकार द्वारा नॉर्थ ईस्ट में स्थायी शांति लाने और उग्रवाद को समाप्त करने के लिए लगातार प्रयासों और कई समझौतों के कारण तेजी से हुए विकास का परिणाम है।

### नीतीश कुमार को राज्यसभा भेज, बिहार में अपना सीएम बना सकती है बीजेपी

पटना। बिहार में अपना सीएम बनाने की जुगत में बीजेपी अभी बिहार में सबसे बड़ी पार्टी है बीजेपी पटना के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जब से राज्यसभा में जाने की तमन्ना जताई है, उसके बाद से बिहार की राजनीति में जबरदस्त हलचल मच गई है। उधर, बिहार सरकार में जेडीयू की सहयोगी बीजेपी भी नीतीश कुमार को राज्यसभा भेजने का समर्थन कर रही है। बिहार बीजेपी के फायर ब्रांड नेता और विधायक हरि भूषण ठाकुर ने यहां तक कह दिया कि अगर नीतीश कुमार राज्य सभा में जाना चाहते हैं तो बीजेपी उनकी इच्छा को पूरा करेगी और ऐसा होने की स्थिति में फिर बिहार में बीजेपी का मुख्यमंत्री बनेगा। बिहार में कानून व्यवस्था और शराबबंदी के मुद्दे को लेकर जिस तरीके से लगातार नीतीश कुमार का ग्राफ गिरता जा रहा है।

## दिल्ली सहित उत्तर भारत के कई इलाके भीषण गर्मी से परेशान

**गर्मी की मार**

- अगले चार दिन तक अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय में अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश की संभावना है

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

दिल्ली सहित उत्तर भारत के कई इलाके भीषण गर्मी से परेशान हैं। पारा 40 डिग्री सेलसियस के आसपास छू रहा है। मौसम विभाग की मानें तो आगे भी कुछ दिनों में हालात ऐसे ही रहने वाले हैं। गर्मी ज्यादा पड़ने के पीछे बारिश का न होना वजह बताई जा रही है। गर्मी से सबसे बुरा हाल राजस्थान का है।

राजधानी दिल्ली के कई इलाकों में लोगों को गर्म हवाओं और लू के थपेड़ों का सामना करना पड़ रहा है। राजस्थान में तो हालात बहुत ज्यादा खराब हैं। ज्यादातर इलाकों में भीषण गर्मी पड़ रही है। आगे भी राहत के आसार नहीं हैं। मौसम विभाग के मुताबिक मध्य और पश्चिम भारत में अभी अगले 4-5 दिनों में यही स्थिति रहने वाली है। वहीं मौसम विभाग के ताजा अपडेट के मुताबिक अगले चार दिन तक अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय में अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश की संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक, लंबे समय तक शुष्क मौसम के कारण उत्तर पश्चिम भारत में गर्मी बढ़ गई है। अगले चार से पांच दिनों के दौरान उत्तर पश्चिम, मध्य और पश्चिम भारत में लू चलने का अनुमान है। आईएमडी के मुताबिक मैदानी इलाकों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा या सामान्य से 4.5 डिग्री सेल्सियस अधिक होने पर गर्म हवाओं को 'लू' घोषित किया जाता है। सामान्य से 6.4 डिग्री अधिक तापमान होने पर 'भीषण लू' की घोषणा की जाती है।

## मनरेगा के बजट में कटौतियां कर रही है सरकार: सोनिया

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



- जिस मनरेगा का कुछ लोगों ने कुछ वर्ष पहले मजाक उड़ाया था, उसने कोविड काल और लॉकडाउन में करोड़ों गरीब परिवारों को समय से सहायता दी और लोगों की जान बचाने में सकारात्मक भूमिका निभाई: सोनिया

कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी ने सरकार पर महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) को कमजोर करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि सरकार मनरेगा के बजट में लगातार कटौतियां कर रही हैं।

सोनिया गांधी ने लोकसभा में गुरुवार को शून्यकाल के दौरान मुद्दा उठाते हुए कहा कि मनरेगा के बजट में कटौती की वजह से वक्त पर भुगतान और नौकरियों की कानूनी गारंटी कमजोर हो रही है। उन्होंने कहा कि बेरोजगारी लगातार बढ़ रही है, तब भी मनरेगा का बजट 2020 की तुलना में इस वर्ष 35 फीसदी कम है। बजट में कटौती के कारण श्रमिकों के भुगतान में देरी हो रही है।

उन्होंने कहा कि जिस मनरेगा का कुछ लोगों ने कुछ वर्ष पहले मजाक उड़ाया था, उसने कोविड काल और लॉकडाउन में करोड़ों गरीब परिवारों को समय से सहायता दी और लोगों की जान बचाने में सकारात्मक भूमिका निभाई। श्रीमती गांधी ने मांग की कि सरकार मनरेगा के बजट में बढ़ोतरी करे, 15 दिन के भीतर श्रमिकों को उनके काम के बदले भुगतान सुनिश्चित करे और समय पर भुगतान न होने की सूरत में मुआवजे का प्रावधान करे। श्रीमती गांधी के आरोपों के जवाब में ग्रामीण विकास मंत्री गिरिराज सिंह ने हस्तक्षेप करते हुए कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के समय मनरेगा के बजट मात्र 33 हजार करोड़ रुपये था जिसे मौजूदा सरकार ने बढ़कर एक लाख करोड़ रुपये से भी ज्यादा किया है। सूचना प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने श्रीमती गांधी के आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि सरकार ने मनरेगा के बजट में कटौती नहीं की है, बल्कि इसमें बढ़ोतरी की है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में मनरेगा में भ्रष्टाचार होता था जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की मौजूदा सरकार ने मनरेगा के भुगतान को सीधे जनधन खातों के जरिए श्रमिकों तक पहुंचाने का कार्य किया।

**पेट्रोल-डीजल की कीमतें नियंत्रित करे सरकार: राहुल**



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि पेट्रोल और डीजल की कीमतों में लगातार हो रही वृद्धि की सीधी चोट गरीबों पर पड़ रही है और सरकार को जन हित में कीमतें तत्काल नियंत्रित करना चाहिए। राहुल गांधी ने गुरुवार को संसद भवन परिसर में संवाददाताओं से कहा कि उनकी पार्टी इस मुद्दे को संसद में भी उठा रही है लेकिन सरकार विपक्ष की इस मांग को नजरअंदाज कर रही है। उनका कहना था कि सरकार को पेट्रोल और डीजल की कीमतें तत्काल नियंत्रित करनी चाहिए। कांग्रेस नेता ने कहा, हमारे कांग्रेस पार्टी के सांसद संसद में और अन्य नेता तथा कार्यकर्ता पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी के खिलाफ देश भर में प्रदर्शन कर रहे हैं। पिछले 10 दिनों में नौ बार पेट्रोल डीजल के दाम बढ़ाए गए और इसकी सीधी चोट गरीब लोगों पर पड़ रही है, इसलिए हमारी मांग है की बढ़ती कीमतों को सरकार नियंत्रित करें और पेट्रोल डीजल के दाम बढ़ाना बंद करें।

### दिल्ली में 80 पैसे प्रति लीटर महंगा हुआ पेट्रोल-डीजल

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

देश में तेल विपणन करने वाली कंपनियों ने गुरुवार को लगातार सातवें दिन पेट्रोल और डीजल के दाम वृद्धि की। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पेट्रोल-डीजल के दामों में क्रमशः 80-80 पैसे प्रति लीटर की बढ़ोतरी हुई है। इस वृद्धि के बाद दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 101.81 रुपये प्रति लीटर और डीजल के दाम 93.07 रुपये प्रति लीटर हो गया है। राष्ट्रीय राजधानी में बुधवार को पेट्रोल की कीमत 101.01 रुपये और डीजल 92.27 रुपये प्रति लीटर थी। मुंबई में पेट्रोल-डीजल के दामों में 84 पैसे प्रति लीटर की वृद्धि की गयी, जिससे यहां पेट्रोल की कीमत बढ़कर 116.72 रुपये प्रति लीटर और डीजल के दाम 100.94 रुपये प्रति लीटर हो गया है। तेल कंपनियां बीते दस दिनों में अब तक पेट्रोल-डीजल की कीमतें नौ बार बढ़ा चुकी हैं। पेट्रोल-डीजल की कीमतें 137 दिनों की स्थिरता के बाद बढ़नी शुरू हुई हैं।

### कोविड टीकाकरण में 184.06 करोड़ टीके लगे

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

देश भर में राष्ट्रीय कोविड टीकाकरण अभियान के अंतर्गत 184.06 करोड़ से अधिक कोविड टीके लगाए गए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने गुरुवार को यहां बताया कि आज सुबह सात बजे तक 184 करोड़ छह लाख 55 हजार पांच कोविड टीके दिये जा चुके हैं। मंत्रालय ने बताया कि पिछले 24 घंटों में कोविड संक्रमण के एक हजार 225 नये मरीज सामने आये हैं। इनके साथ ही देश में कोरोना रोगियों की संख्या 14 हजार 307 रह गयी है। यह संक्रमित मामलों का 0.03 प्रतिशत है। दैनिक संक्रमण दर 0.20 प्रतिशत हो गयी है।

## नेशनल हाईवे पर सफर आज से होगा महंगा

- 10 से 15% तक बढ़े टोल टैक्स

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता




नेशनल हाईवे पर सफर गुरुवार रात 12 बजे से महंगा हो जाएगा। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने टोल टैक्स में 10 से 65 रुपये तक की बढ़ोतरी की है। छोटे वाहनों के लिए 10 से 15 रुपये जबकि कामर्शियल वाहनों के लिए 65 रुपये तक की बढ़ोतरी की गई है। 1 अप्रैल से हाईवे पर सफर करने के लिए आपको जेब ज्यादा ढीली करनी होगी। NHAI के मुताबिक, दिल्ली के सराय काले खां से चढ़ने वाले वाहन अगर रसूलपुर सिकरोद उतरेंगे (दूरी 31 किलोमीटर) तो 100 रुपये का टोल टैक्स देना होगा। अगर सराय काले खां से भोजपुर उतरेंगे (दूरी 45 किलोमीटर) तो 130 रुपये टोल टैक्स और अगर आखिरी टोल प्लाजा काशी उतरेंगे (दूरी 58.23 किलोमीटर) तो 155 रुपये देने होंगे। इसी तरह बस और ट्रक के लिए रसूलपुर तक के लिए 345 रुपये, भोजपुर तक के लिए 435 रुपये और मेन प्लाजा काशी तक के लिए 520 रुपये देने होंगे। लखनऊ से इस समय 6 नेशनल हाईवे जुड़ते हैं। इनमें से एक हरदोई हाईवे पर अभी टोल लागू नहीं है। वहीं सीतापुर हाईवे पर टोल दरों में अक्टूबर से बदलाव होगा। लेकिन कानपुर, अयोध्या, रायबरेली और सुल्तानपुर जाने के लिए टोल टैक्स अधिक देना होगा। लखनऊ-रायबरेली हाईवे (दखिना शेखपुर प्लाजा) पर अब छोटे निजी वाहन के लिए 105 रुपये देने होंगे, बस-ट्रक दो एक्सल के लिए 360 रुपये। ठीक इसी तरह लखनऊ-अयोध्या हाईवे (नवाबगंज प्लाजा) पर अब छोटे निजी वाहन के लिए 110 रुपये देने होंगे, जबकि बस-ट्रक दो एक्सल के लिए 365 रुपये लखनऊ-कानपुर हाईवे (नवाबगंज प्लाजा) पर अब छोटे निजी वाहन के लिए 90 रुपये देने होंगे, जबकि बस-ट्रक दो एक्सल के लिए 295 रुपये।

### बिहार बोर्ड 10वीं रिजल्ट जारी

## 79.88% स्टूडेंट्स हुए पास रामायणी रॉय ने किया टॉप

पटना, एजेंसी

बिहार स्कूल एजुकेशन बोर्ड ने गुरुवार को बिहार बोर्ड 10वीं रिजल्ट जारी कर दिया है। बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट biharboardonline.bihar.gov.in पर ये नतीजे देखे जा सकते हैं। बिहार बोर्ड 10वीं का रिजल्ट जारी होते ही 16 लाख से ज्यादा स्टूडेंट्स का इंतजार भी खत्म हो गया। बिहार रिजल्ट जारी होने के बाद बोर्ड के चेयरमैन आनंद किशोर ने कहा कि 12, 86,971 स्टूडेंट्स पास हुए हैं। 79.88 फीसदी पास पर्सेंटेज रहा है। बिहार बोर्ड के चेयरमैन आनंद किशोर ने बताया कि पटेल हाई स्कूल और औरंगाबाद की विद्यार्थी रामायणी रॉय ने 487 अंक हासिल करते हुए पहला स्थान हासिल किया है। नवादा जिले की सानिया और मधुबनी के विवेक सेकंड टॉपर रहे हैं। दोनों को 486 अंक हासिल हुए हैं। वहीं, प्रज्ञा कुमारी को 485 अंक मिले, जिसकी वजह से वह तीसरे नंबर पर आई हैं।

**घोषणा** जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 हटाए जाने से ठीक पहले अमरनाथ यात्रा बीच में ही रद्द कर दी गई थी

## 2 साल बाद फिर होगी अमरनाथ यात्रा

- इस साल यात्रा 30 जून से शुरू होगी और 43 दिनों बाद 11 अगस्त को रक्षाबंधन के दिन संपन्न होगी

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



अमरनाथ यात्रा दो साल बाद फिर से शुरू हो रही है। अमरनाथजी श्राइन बोर्ड ने इसकी घोषणा करते हुए बताया कि इस साल यात्रा 30 जून से शुरू होगी और 43 दिनों बाद 11 अगस्त को रक्षाबंधन के दिन संपन्न होगी। ये फैसला उपराज्यपाल मनोज सिन्हा की अध्यक्षता में हुई श्राइन बोर्ड की बैठक में लिया गया। 2019 में जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 हटाए जाने से ठीक पहले अमरनाथ यात्रा बीच में ही रद्द कर दी गई थी। तब जम्मू-कश्मीर के विशेष राज्य होने का दर्जा खत्म करके उसे दो केंद्र शासित प्रदेश में विभाजित कर दिया गया था। इसके बाद कोरोना महामारी की वजह से दो साल से यात्रा स्थगित रही है। 2021 में 56 दिनों की यात्रा की घोषणा हुई थी, लेकिन कोरोना की वजह से बाद में उसे स्थगित कर दिया गया था। कोरोना महामारी के बाद ये पहली अमरनाथ यात्रा होगी। ऐसे में सभी श्रद्धालुओं को कोविड प्रोटोकॉल का पालन करना होगा। 13 साल से कम और 75 वर्ष से अधिक और 6 हफ्ते से ज्यादा की प्रेग्नेंट महिला को यात्रा करने की अनुमति नहीं होगी। श्राइन बोर्ड ने पहलगाम और बालटाल दोनों यात्रा मार्गों पर प्रतिदिन 10 हजार श्रद्धालुओं की संख्या तय करने पर सहमति दी है, इनमें हेलिकॉप्टर से यात्रा करने वालों की संख्या शामिल नहीं होगी। इस बार फ्री बैट्री व्हीकल सुविधा का विस्तार बालटाल से डोमेल के 2 किलोमीटर लंबे यात्रा मार्ग पर करने का फैसला किया गया है। अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा के लिए सुरक्षाबलों की 250 कंपनियों के करीब 1 लाख जवानों को तैनात करने की योजना है। एक अनुमान के मुताबिक, इस बार की अमरनाथ यात्रा में 10 लाख से अधिक श्रद्धालु शामिल हो सकते हैं। अमरनाथ धाम जम्मू-कश्मीर में हिमालय की गोद में स्थित एक पवित्र गुफा है, जो हिंदुओं का सबसे पवित्र स्थल है। माना जाता है कि अमरनाथ स्थित एक पवित्र गुफा में भगवान शिव एक बर्फ-लिंगम यानी बर्फ के शिवलिंग के रूप में विराजमान हैं। बर्फ से शिवलिंग बनने की वजह से इसे 'बाबा बर्फानी' भी कहते हैं। पवित्र गुफा ग्लेशियरों, बर्फीले पहाड़ों से घिरी हुई है। गर्मियों के कुछ दिनों को छोड़कर यह गुफा साल के अधिकांश समय बर्फ से ढंकी रहती है। गर्मियों के उन्हीं दिनों में यह तीर्थयात्रियों के दर्शन के लिए खुली रहती है।

### 1 अप्रैल से 8 बड़े बदलाव

## होम लोन के ब्याज पर सब्सिडी खत्म

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

एक अप्रैल यानी आज से वित्त वर्ष 2022-23 शुरू हो रहा है। इसके साथ ही कई नियम भी बदल जाएंगे। इनका असर हमारी कमाई, खर्च और निवेश पर पड़ेगा।

**प्रॉविडेंट फंड :** जिन कर्मचारियों ने PF अकाउंट में 2.5 लाख रुपए से ज्यादा जमा किया है, उन्हें ब्याज पर इनकम टैक्स देना होगा। टैक्स कैलकुलेशन के लिए अमाउंट को दो हिस्सों में बांटा जाएगा। एक में छूट वाला योगदान, तो दूसरे में 2.5 लाख रुपए से ज्यादा का योगदान रहेगा, जो टैक्सेबल होगा। सरकारी कर्मचारियों के लिए यह सीमा 5 लाख रुपए रहेगी।

**किफायती घर:** अगर आपने पहली बार किफायती घर खरीदा है, तो चुकाए गए ब्याज पर धारा 80 एएअ के तहत 1.5 लाख की अतिरिक्त कटौती का लाभ नहीं मिलेगा। घर की कीमत 45 लाख से कम है, तो अब तक ब्याज भुगतान में डेढ़ लाख तक की कटौती का दावा कर सकते थे। यह कटौती या छूट धारा 24 बी के तहत मिल रही 2 लाख रुपए की छूट के अलावा थी। यह लाभ उन्हीं टैक्सपेयर्स के लिए था, जिन्होंने घर खरीदने के लिए 1 अप्रैल 2019 से 31 मार्च 2022 के बीच कर्ज लिया हो।

**क्रिप्टोकरेंसी:** वर्चुअल करेंसी पर भी 1 अप्रैल से कर संबंधी स्पष्ट नियम लागू होंगे।

### शिवपाल को राज्यसभा भेज सकती है बीजेपी

लखनऊ, एजेंसी

समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के चाचा और प्रगतिशील समाजवादी पार्टी (प्रसपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव ने अपना अलग सियासी रास्ता चुन लिया है। सूत्रों से खबर है कि शिवपाल, भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) की मदद से राज्यसभा जा सकते हैं। सूत्रों का कहना है कि इसके लिए बीजेपी की ओर से हरी झंडी दे दी गई है।

प्रगतिशील समाजवादी पार्टी (प्रसपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव बीजेपी की मदद से राज्यसभा जा सकते हैं। दो दिन तक दिल्ली में बीजेपी के शीर्ष नेतृत्व से मुलाकातों के दौर और फिर लखनऊ में सीएम योगी आदित्यनाथ से मुलाकात के बाद शिवपाल यादव के राज्यसभा जाने की पटकथा तैयार कर ली गई है। उत्तर प्रदेश में जुलाई महीने में राज्यसभा की 11 सीटें रिक्त हो रही हैं।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com

## संक्षिप्त खबरें

### सरिस्का जंगल की आग पर लगभग काबू पा लिया गया है : गहलोत

जयपुर। राजस्थान के अलवर जिले में स्थित सरिस्का बाघ अभयारण्य के जंगलों में लगी आग पर लगभग काबू पा लिया गया है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। गहलोत ने ट्वीट किया, प्रशासन ने सरिस्का की आग पर मोटे तौर पर नियंत्रण कर लिया है एवं अब एक सीमित जगह पर थोड़ी आग बाकी है जिसे भी जल्द बुझा लिया जाएगा। उन्होंने कहा, सरिस्का जंगल में लगी आग को लेकर कल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से फोन पर बात हुई। मैंने उन्हें आश्वासन दिया था कि आग पर शाम तक या कल सुबह तक काबू पा लिया जाएगा। प्रशासन ने सरिस्का की आग पर मोटे तौर पर नियंत्रण कर लिया है। उन्होंने कहा कि सरिस्का के जिस क्षेत्र में आग लगी वह पहाड़ी इलाका है जहां दमकल की गाड़ियां पहुंचने में परेशानी आई थी पर हेलिकॉप्टर के इस्तेमाल से आग पर काबू पा लिया गया है। 400 से ज्यादा वनकर्मी व ग्रामीण लगातार इस कार्य में सहयोग कर रहे हैं।

# चार धाम यात्रा के माध्यम से देश-विदेश में अतिथि देवो भवः का संदेश जाना चाहिए : मुख्यमंत्री धामी

**देहरादून, एजेंसी**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि चार धाम यात्रा के माध्यम से देश-विदेश में अतिथि देवो भवः का संदेश जाना चाहिए। इस बार बहुत अधिक संख्या में श्रद्धालुओं के आने की सम्भावना है। चार धाम यात्रा की तैयारियां उसी के अनुरूप सुनिश्चित की जाएं। गुरुवार को मुख्यमंत्री सचिवालय में चार धाम यात्रा-2022 की तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने यात्रा को श्रद्धालुओं के लिए अधिक से अधिक सुविधाजनक बनाने के लिए पुख्ता व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग को यात्रा मार्गों का स्थलीय निरीक्षण कर सभी आवश्यक सुधार कार्य यात्रा प्रारम्भ होने से पूर्व सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही संबंधित जिलाधिकारियों को भी यात्रा मार्गों पर कार्यों की प्रगति की लगातार मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिये। मार्ग अवरुद्ध होने की स्थिति में तत्काल खोलने के लिए जरूरी मशीनों की व्यवस्था और तैनाती कर ली जाए। जेसीबी मशीनों की ट्रैकिंग के लिए उन्हें



जीपीएस से जोड़ा जाए। यात्रा मार्ग से संबंधित सड़कों पर कहीं भी मलबा या कचरा न रहे। कचरा निस्तारण पर विशेष ध्यान दिया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि चार धाम यात्रा प्रबंधन में टेक्नोलॉजी का उपयोग किया जाए। ट्रैफिक प्रबंधन व संचालन के लिए ड्रोन का भी प्रयोग किया जाए। चार धाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए टोल फ्री नम्बर जारी किया जाएं, जिस पर यात्रा से संबंधित हर प्रकार की जानकारी हो। इस नम्बर को व्यापक प्रचारित भी किया जाए।

इस वर्ष बहुत बड़ी संख्या में यात्रियों के आने की सम्भावना है। किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो, इसके लिए यात्रियों के रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था हो। यात्रा मार्गों पर जगह-जगह पर्याप्त संख्या में पार्किंग की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। डायवर्जन और वैकिल्पक मार्गों की व्यवस्था भी कर ली जाए। जगह-जगह पर

**समीक्षा**
- यात्रा प्रबंधन में टेक्नोलॉजी का बेहतर उपयोग हो

साइन बोर्ड भी लगाए जाएं।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि यात्रा मार्गों पर जाने वाले बसों और टैक्सियों की फिटनेस की जांच सुनिश्चित हो। यात्रा मार्ग पर तैनात किए जाने वाले पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षण दिया जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि नियमों का पालन कराते हुए यात्रियों व श्रद्धालुओं के साथ विनम्रतापूर्वक व्यवहार हो। एक बार एंट्री प्वॉइन्ट पर वाहनों की चेकिंग होने के बाद बार-बार चेकिंग कर यात्रियों को परेशान न किया जाए। विभिन्न स्थानों पर क्वालिटी पेयजल के लिए वाटर एटीएम/वाटर मशीन लगाई जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आवश्यकतानुसार चिकित्सकों की तैनाती कर ली जाए। एयर एम्बुलेंस की व्यवस्था भी हो। यात्रा मार्ग पर रेट लिस्ट के निर्धारण के साथ ही मिलावटखोरी को रोकने के लिए नियमित चेकिंग अभियान चलाया जाए। यात्रा शुरू होने से पूर्व बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री, यमुनोत्री व हेमकुण्ड साहिब में 24 घंटे बिजली आपूर्ति के साथ ही यात्रा मार्गों पर समुचित प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित कर ली जाए। यात्रा मार्ग पर बेहतर संचार व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि चारधाम यात्रा का विभिन्न माध्यमों से व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए। चार धाम यात्रा के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों व अन्य जरूरी सूचनाओं का प्रचार प्रसार हो। चार धामों के साथ ही अन्य धार्मिक स्थलों और पर्यटन स्थलों के बारे में भी जानकारी दी जाए। बैठक में कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज, विधायक शैलारानी रावत, सुरेश सिंह चौहान, संजय डोभाल, दुर्गेश लाल, बद्री केदार मंदिर समिति के अध्यक्ष श्री अजेंद्र अजय, मुख्य सचिव डा. एस.एस.संधु, अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, आनंद बर्द्धन, डीजीपी अशोक कुमार, प्रमुख सचिव आरके सुधांशु, सचिव दिलीप जावलकर, नितेश झा, डा. पंकज कुमार पाण्डेय, शैलेश बगोली, एसए मुरूगेशन, आयुक्त गढ़वाल सुशील कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी और संबंधित जिलाधिकारी उपस्थित थे।

### लक्सर: पीसीएस परीक्षा को लेकर किया ब्रीफ

**लक्सर।** लोक सेवा आयोग परीक्षा की हर्ष विद्या मंदिर पीजी कॉलेज रॉयसी में प्राचार्य द्वारा दिशा-निर्देशों के संबंध में ब्रीफिंग की गई। 3 अप्रैल को आयोजित होने वाली पीसीएस की प्रारंभिक परीक्षा के लिए दिशा-निर्देशों के संबंध में महाविद्यालय के सभी कर्मचारियों की एक ब्रीफिंग प्राचार्य डॉ राजेश पालीवाल द्वारा दी गई। इसमें उन्होंने बताया की सभी कक्ष निरीक्षकों को लोक सेवा आयोग द्वारा जारी दिशा निदेर्शों का पालन करना है और किसी परीक्षार्थी के द्वारा परीक्षा शुरू होने के समय 30 मिनट तक कक्ष से बाहर जाने की अनुमति नहीं होगी उन्होंने यह भी बताया लोक सेवा आयोग के द्वारा होने वाली परीक्षा एक महत्वपूर्ण परीक्षा है जिस को सफल बनाने का दायित्व सभी कार्मिकों का है परीक्षा से संबंधित तकनीकी जानकारी डॉक्टर प्रशांत सिंह ने दी। डॉ. परीक्षित ने फ्लाइंग स्क्वायड के बारे में बताया कि किस तरीके से उन्हें अपने दायित्व का निर्वाह करना है परीक्षा को संपन्न कराने के लिए डॉ अजीत डॉ विनीता अक्षय गौतम रवि दौलत अवतार राणा विश्वनाथ शर्मा वासु प्रतापराव के साथ समस्त महाविद्यालय परिवार के कर्मचारी, शिक्षक मौजूद रहे।

## रंगारंग कार्यक्रमों के साथ राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का समापन



**हरिद्वार, प्रात: किरण संवाददाता**

राजकीय पॉलिटेक्निक सिडकल हरिद्वार के तत्वाधान में राजकीय प्राथमिक विद्यालय रावली महदूद में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर का समापन रंगारंग कार्यक्रमों के साथ संपन्न हुआ। 25 मार्च से आयोजित एनएसएस शिविर का बृहस्पतिवार को सफल समापन किया गया। जिसमें 25 स्वयंसेवियों ने विभिन्न स्थानों पर जाकर साफ सफाई की रैली निकालकर लोगों को जागृत किया एवं उत्तम स्वास्थ्य स्वच्छता अपनाने व युवा पीढ़ी को नशा मुक्त रहने का संदेश दिया। शिविर समापन के अवसर पर मुख्य अतिथि नीरजा ग्राम प्रधान रावली महदूद, संगीता सिंह प्रधानाध्यापिका राजकीय प्राथमिक विद्यालय रावली महदूद, अनिल कुमार प्रधानाचार्य राजकीय पॉलिटेक्निक सिडकल हरिद्वार, किरण खर्कवाल विभागाध्यक्ष फामेर्सी विभाग, सतीश कुमार कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना, प्रदीप कुमार सहायक कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना, शेर सिंह, राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में आरती, दिव्या, राधा, मुस्कान, मनस्वी, भावना, इशू, हिमानी, रागिनी, भास्कर काण्डपाल, लईक अहमद, अंकित, आसिफ, सुरेंद्र, कृष्णा, दीक्षित, तनुज, अरुण, मोहित , प्रशांत, कपिल, नीरज , तुषार , निदान, हर्ष समेत राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज सिडकुल हरिद्वार का कॉलेज प्रशासन मौजूद रहा।

## सेवानिवृत्ति पर शिक्षक को दी विदाई

**भगवानपुर, प्रात: किरण संवाददाता**

राजकीय जूनियर हाईस्कूल हकीमपुर तुर्रा से सेवा निवृत्त हुए मोहम्मद इमरान सहायक अध्यापक का विद्यालय परिवार की ओर से विदाई सम्मान समारोह एवं शैक्षिक उन्नयन गोष्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भगवानपुर उप शिक्षा अधिकारी कुन्दन सिंह रहे। जिसमें जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ हरिद्वार के जिला महामंत्री किरतपाल सिंह ने अपने विचार रखे और कहा कि शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होता शिक्षक समाज का दर्पण होता है जो हमेशा समाज को दिशा देने का काम करता है।

शिक्षक का दर्जा ईश्वर से पहले बताया है क्योंकि ईश्वर तक पहुंचने का मार्ग एक शिक्षक ही बताता है और सभी शिक्षकों से अपील की कि वे बच्चो के सर्वांगीण विकास के लिए अपना सम्पूर्ण योगदान दें। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष पवन सैनी ने कहा कि शिक्षक बच्चो के सर्वांगीण विकास के लिए सदैव तत्पर रहता है। इस अवसर पर अखलाक अहमद जिला कोषाध्यक्ष, जिला उपाध्यक्ष मनीष कौशिक, अरूण शर्मा प्रांतीय संयुक्त मंत्री, मनोज धीमान ब्लॉक अध्यक्ष रूड़की, संजय चौहान ब्लॉक अध्यक्ष बहादराबाद, संजय सैनी ब्लॉक अध्यक्ष भगवानपुर, रिजवान अली ब्लॉक मंत्री भगवानपुर फजलुर्रहमान प्रधान अध्यापक, जिन्दा हसन, किसलय सैनी, नत्थल सिंह, संजय कुमार आदि ने अपने विचार रखे एवं संजय कुमार सिरचन्दी, नरेश कुमार, इसरार अहमद, सुमन सैनी, उषा चमोली, सत्तार अहमद, बासित अली, राजू गौतम, धीर सिंह, हेमेन्द्र भाटिया, प्रदीप कुमार, गुरमीत सिंह, अशोक कुमार, प्रदीप त्यागी आदि भगवानपुर ब्लॉक के शिक्षकों ने कार्यक्रम में प्रतिभाग किया और सेवानिवृत्त शिक्षक को बधाई दी! कार्यक्रम का आयोजन मुकेश कुमार प्रधानाध्यापक एवं संचालन अजहर हसन ने किया।





**समारोह**
- जिलाध्यक्ष पवन सैनी ने कहा - शिक्षक बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सदैव तत्पर रहता है

### ओडिशा पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने चिटफंड कंपनी के निदेशक को गिरफ्तार किया

**भुवनेश्वर।** ओडिशा पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने लोगों से 500 करोड़ रुपये ठगने के आरोप में बहु-राज्यीय चिटफंड कंपनी के निदेशक को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने यह जानकारी दी। ईओडब्ल्यू ने ओडिशा के बरहामपुर शहर से निखिलानंद पशुपालकोन को गिरफ्तार किया। वह 2016 में चिट फंड कंपनी-सक्सेस ऑनलाइन सर्विस सिस्टम प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ आईपीसी की धारा 420 और ओडिशा जमाकर्ताओं के हितों का संरक्षण के तहत मामला दर्ज होने के बाद से फरार था। बरहामपुर में क्षेत्रीय कार्यालय का संचालन करने वाली चिट-फंड कंपनी के पदाधिकारियों के खिलाफ एक स्थानीय व्यक्ति की लिखित शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई थी। ईओडब्ल्यू द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि अब तक की गई जांच से पता चला है कि सक्सेस ऑन-लाइन सर्विस सिस्टम प्राइवेट लिमिटेड का पंजीकृत कार्यालय उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले के वसुंधरा में था और वह देश के विभिन्न स्थानों पर अपने क्षेत्रीय कार्यालयों का संचालन कर रहा था।

## परीक्षाफल घोषित, बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्रों को किया गया सम्मानित



**रुड़की, प्रात: किरण संवाददाता**

सावित्री सक्सेना प्रेम नारायण सरस्वती शिशु विद्या मंदिर का वार्षिक परीक्षा फल परिणाम घोषित किया गया, जिसमें अच्छा प्रदर्शन करने वाले छात्रों को मेयर गौरव गोयल द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त करते हुए मेयर गौरव गोयल ने सभी छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की। कहा कि शिक्षक ही देश की रीड होता है जो सच्चे और ईमानदार नागरिक का निर्माण करते हैं। हमें शिक्षकों का हमेशा सम्मान करना चाहिए और उनके द्वारा दी गई शिक्षा को ग्रहण कर अपने जीवन में आगे बढ़ना चाहिए। इस दौरान मेयर गौरव गोयल का प्रधानाचार्य सुरेंद्र सिंह द्वारा स्वागत किया गया। पार्षद प्रतिनिधि हरीश शर्मा, हर्ष वर्मा धर्मपाल सिंह एडवोकेट आदि ने भी इस वर्ष परीक्षा में उत्तीर्ण हुए सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम का शुभारंभ मेयर द्वारा दीप प्रज्वलित कर एवं सरस्वती वंदना से किया गया। इस अवसर पर नीना धीमान, कल्पना त्यागी, सविता शर्मा, शीतल राजपूत, हिमांशु, सूर्यकांत धीमान, गार्गी सैनी, मंजू पाल, चंद्रप्रभा, प्रांजली, आकांक्षा, शिवानी शर्मा, वैशाली, राजेश रानी, प्रवेश आदि छात्र व उनके अभिभावक गण मौजूद रहे।

## महंगाई के विरोध में उतरे कांग्रेसी सिलेंडरों के साथ किया प्रदर्शन

**रुड़की, प्रात: किरण संवाददाता**

गैस सिलेंडर, डीजल, पेट्रोल व सरसो के तेल पर बढ़ी कीमतो के विरोध में शनिवार को कांग्रेसी सड़क पर उतर आए। किसान कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष सचिन गुप्ता के नेतृत्व में कांग्रेसियो ने सिविल लाइंस में चंद्रशेखर चैंक पर सरकार का पुतल दहन कर नारेबाजी की। कांग्रेसियो ने भाजपा को गरीब विरोधी बताने के साथ ही अवसरवादी भी बताया।

सचिन गुप्ता ने कहा कि हाल ही में विधानसभा चुनाव में भाजपा के नेता सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के दावे करने में लगे हुए थे, लेकिन चुनाव निपटते ही और जनता का वोट मिलते ही भाजपाई तेजी से बदल गए हैं। सरकार ने चुनाव के ठीक बाद आम लोगों को महंगाई की मार दे दी है। कोरोना काल देख चुके देश के आम नागरिक पहले ही रोजगार, अपनों को खोने से परेशान हैं ऊपर से सरकार ने अब फिर से महंगाई की चोट देकर आम नागरिक के सपनों को तोड़ दिया है।

कांग्रेस नेता सचिन गुप्ता ने कहा कि भाजपा हमेशा से ही गरीब और मध्यम वर्ग के खिलाफ रही है। भाजपा केवल कुछ चुनिंदा पुंजिपतियो के हाथों में खेल रही है, जिसकी मार देश के आम नागरिक को झेलनी पड़ रही है। उन्होने चेतावनी दी कि अगर जल्द महंगाई पर काबू नहीं पाया गया तो कांग्रेसी सरकार के खिलाफ सड़कों पर बैठ जाएगें। देश के आम नागरिकों के साथ किसी भी तरह से धोखा और सरकार की मनमानी को सहन नहीं किया जाएगा। इस अवसर पर युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव रितु कंडियाल, मनोज जयंत, हेमेंद्र चैधरी, लवी त्यागी, पंकज सोनकर, रईस अहमद, अमित सोनकर आदि मौजुद रहे।



## ईंधन के दामों में वृद्धि के खिलाफ केरल में कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी**

केरल कांग्रेस ने बृहस्पतिवार को केंद्र सरकार की ईंधन मूल्य निर्धारण नीति का विरोध करते हुए पेट्रोल और डीजल के दामों में की गई वृद्धि को वापस लेने की मांग की। कांग्रेस कार्यकताओं ने प्रतीकात्मक विरोध प्रकट करते हुए एलपीजी सिलेंडरों और वाहनों को माला पहनाई।

केंद्र सरकार ने बृहस्पतिवार को लगातार सातवीं बार ईंधन के दामों में वृद्धि की है, जिसके खिलाफ विरोध प्रदर्शनों का आयोजन किया गया था। पार्टी कार्यकर्ताओं ने अपने घरों और सार्वजनिक स्थानों पर विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस ने कहा कि प्रदेश में चार अप्रैल को जिला कांग्रेस कमेटियों के नेतृत्व में और सात अप्रैल को केपीसीसी के नेतृत्व में धरना व मार्च निकाला जाएगा। केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष और लोकसभा सदस्य के. सुधाकरन अपने परिवार के सदस्यों के साथ अपने गृहनगर कन्नूर में विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए। सुधाकरन ने कहा कि ईंधन और रसोई गैस की कीमतों में लगातार वृद्धि ने लोगों का जीवन दयनीय बना दिया है। पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बृहस्पतिवार को 80 पैसे प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई, जिसके बाद पिछले 10 दिनों में दरों में कुल वृद्धि 6.40 रुपये प्रति लीटर हो गई।





## कीर्ती नगर में कलश यात्रा के साथ हुआ श्रीमदभागवत कथा का आयोजन

**रुड़की, प्रात: किरण संवाददाता**

कीर्ति नगर विकास ट्रस्ट के तत्वाधान में ब्रहस्पतिवार को दुर्गा माता मंदिर गली नंबर 3 लक्सर रोड कीर्ति नगर में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन प्रारंभ किया गया। 6 अप्रैल तक श्रीमद भागवत ज्ञान कथा का आयोजन चलेगा। कथा से पहले आज सुबह 10 बजे कलश यात्रा आयोजन प्रारंभ किया गया। कलश यात्रा दुर्गा माता मंदिर से प्रारंभ होकर संपूर्ण कीर्ति नगर मोहल्ले में भ्रमण करते हुए वापस कथा स्थल पहुंची। जहां विधि विधान के साथ कथा का समापन हो गया। इसमें बड़ी संख्या में महिलाओं पुरुषों ने भाग लिया। कथा व्यास देवी श्री राधा किशोरी ने प्रथम दिन की कथा में श्रीमद् भागवत कथा के महात्म्य का वर्णन किया। कहा कि श्रीमद भागवत कथा को सुनने से ही मनुष्य के पापों का हरण हो जाता है। मनुष्य के अंदर से बुरे विचार हट जाते हैं। उन्होंने कहा कि सभी को परिवार समेत श्रीमद भागवत कथा को सुनना चाहिए। इससे घरों में अच्छे विचारों का वास होगा।



इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष महिपाल सिंह रावत व महिला अध्यक्ष रेखा नेगी, निहारिका ध्यानी, दीक्षिका नेगी, हाणिता रावत, स्निग्धा डोभाल, वंदना ध्यानी, रेखा नेगी, सुमनलता खंतवाल, प्रभादेवी बुडाकोटी, सीमा रावत, सुरमा देवी, राजेश्वरी खंतवाल, योगिता रावत, बबली चौहान, कल्पना देवी, पूजा देवी, सुलोचना देवी, मीना रावत ,सुशीला रावत ,बसंती नेगी, मंदोरी देवी, निशा जुयाल, महिपाल सिंह रावत, शंभू प्रसाद बुडाकोटी, पूर्व अध्यक्ष मातवर सिंह रावत, राजेंद्र सिंह रावत, कुंदन सिंह रावत, धर्म सिंह नेगी, शेर सिंह रावत, राम भरोसा ध्यानी , रमेश चंद्र सिंह बिष्ट, संतन सिंह भंडारी, राम सिंह गुसाईं, प्रेम सिंह नेगी, कुमारी नेहा गुसाईं, सतीश नेगी आदि मौजूद रहे।

## हिमंत विस्वा ने असम के 23 जिलों से आफस्पा की वापसी का स्वागत किया

**गुवाहाटी, एजेंसी**

असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व सरमा ने बृहस्पतिवार को 23 जिलों से पूर्ण रूप से और एक जिले से आंशिक रूप से सशस्त्र बल विशेषाधिकार अधिनियम (आफस्पा) को हटाने के केंद्र के फैसले का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि राज्य में 1990 से आफस्पा प्रभाव में है और (आज का) यह कदम असम के भविष्य में नये अध्याय की शुरूआत का प्रतीक है।

मुख्यमंत्री ने अपने ट्वीट में कहा, नौ जिलों एवं एक उपसंभाग को छोड़कर असम के सभी क्षेत्रों से आफस्पा हटाने के आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के फैसले का मैं पूरे हृदय से स्वागत करता हूं। उन्होंने इस बड़े कदम के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के प्रति आभार भी प्रकट किया। अब राज्य का करीब 60 फीसद हिस्सा आफस्पा के दायरे से बाहर है। उन्होंने कहा, यह राज्य में कानून-व्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार का सबूत है। शांति को सर्वोच्च स्थान मिलने से पूर्वोत्तर अब विकास की नयी राह पर अग्रसर है। पूरे असम में 1990 से प्रभाव में रही अशांत क्षेत्र अधिसूचना अब 23 जिलों से पूरी तरह और एक जिले से आंशिक रूप से एक अप्रैल से हटायी जा रही है। आफस्पा 1990 के बाद राज्य सरकार की समीक्षा के बाद हर छह महीने के लिए बढ़ाया गया। इसे आखिरी बार इस साल 28 फरवरी को छह महीने के लिए बढ़ाया गया था। मुख्यमंत्री ने राज्य के उन लोगों को भी बधाई दी जो शांति में विश्वास करते हैं। उन्होंने कहा, आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के दूरदृष्टिपूर्ण नेतृत्व के कारण यह क्षेत्र भारत के विकास का इंजनझ्र अक्षतलक्ष्मी बनने वाला है। आफस्पा सुरक्षा बलों को अभियान चलाने और बिना वारंट के किसी को भी गिरफ्तार करने की शक्ति प्रदान करता है और अगर सुरक्षा बलों की गोली से किसी की मौत हो जाए तो भी यह उन्हें गिरफ्तारी और अभियोजन से संरक्षण प्रदान करता है।

### गर्भपात कराने के आरोप में महिला चिकित्सक सहित चार गिरफ्तार

**बैतूल।** मध्यप्रदेश के बैतूल में 15 वर्षीय छात्रा का गर्भपात कराने के मामले में एक महिला चिकित्सक सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बुधवार को गिरफ्तार लोगों में महिला चिकित्सक के अलावा पीड़ित छात्रा के माता-पिता एवं उसके साथ दुष्कर्म करने का आरोपी कोचिंग संचालक शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक सिमाला प्रसाद ने बताया कि बैतूल जिले के आमला स्थित एक कोचिंग संचालक द्वारा उसकी कोचिंग में पढ़ने वाली छात्रा के साथ दुष्कर्म कर गर्भवती करने और उसके बाद गर्भपात कराने की सूचना एक अज्ञात व्यक्ति ने फोन पर पुलिस को दी। उन्होंने कहा कि सूचना पर त्वरित संज्ञान लेते हुए बुधवार को जांच-पड़ताल की गई तो पाया गया कि छात्रा के साथ 16 अक्टूबर 2021 को कोचिंग संचालक प्रकाश भोजेकर (26) द्वारा दुराचार किया गया था और पांच माह की गर्भवती होने पर निजी अस्पताल में 22 मार्च 2022 को नाबालिग का गर्भपात कराया गया।

## कोई भी व्यक्ति कानून से ऊपर नहीं, पीड़ित को न्याय दिलाना पुलिस का पहला कर्तव्य: गहलोत

**जयपुर, एजेंसी**

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि कोई भी व्यक्ति कानून से ऊपर नहीं है, पुलिस इसी भावना को ध्यान में रखकर हर मामले में निष्पक्षता के साथ कार्रवाई सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि पीड़ित को न्याय दिलाना पुलिस का प्राथमिक कर्तव्य है। इसमें किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त योग्य नहीं है। उन्होंने कहा कि थाने से लेकर पुलिस मुख्यालय स्तर तक फरियादियों की संवेदनशीलता के साथ सुनवाई कर उनकी पीड़ा को दूर किया जाए। हार्डकोर अपराधियों एवं संगठित अपराधों पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

गहलोत मुख्यमंत्री निवास पर वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से आयोजित पुलिस महानिरीक्षकों एवं जिला पुलिस अधीक्षकों की दो दिवसीय बैठक में गुरुवार को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पुलिस महकमे का प्रतिबद्धता के साथ सुदृढ़ीकरण और आधुनिकीकरण कर रही है। संसाधनों को लेकर किसी तरह की कमी नहीं रखी जा रही है। अब पुलिस की जिम्मेदारी बनती है कि प्रदेश में अपराधों पर अंकुश लगाने और पीड़ितों को त्वरित न्याय दिलाने के दायित्व का पूरे समर्पण के साथ निर्वहन करे।

मुख्यमंत्री ने पुलिस हिरासत में मौतों पर चिन्ता व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसी घटनाओं को सख्ती से रोका जाए। पुलिस अधीक्षक यह सुनिश्चित करें कि पुलिस हिरासत में मौतें न हों। उन्होंने कहा कि न्याय में देरी भी न्याय नहीं मिलने के समान है। इसे ध्यान रखते हुए सभी जिलों के पुलिस अधिकारी तफ्तीश के समय को और कम करने का प्रयास करें तथा थानों में लम्बित मामलों को न्यूनतम स्तर पर लाएं। प्रदेश में शान्ति एवं कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए नवाचार अपनाएं तथा भ्रामक सूचनाओं को रोकने के लिए सोशल मीडिया का उपयोग किया जाए। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी गंभीर घटनाओं को लेकर समय-समय पर प्रेस ब्रीफिंग करें। उन्होंने निर्देश दिए कि यदि किसी भी पुलिसकर्मी की अपराधियों के साथ मिलीभगत पाई जाए तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाए। ऐसे पुलिसकर्मियों की अनिवार्य सेवानिवृत्ति और बर्खास्तगी तक की कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि ऐसे कार्मिकों को अनिवार्य सेवानिवृत्ति देने के लिए गठित समितियों की बैठकें नियमित रूप से आयोजित की जाएं। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि सीआईडी सीबी में केस स्थानान्तरण के लिए पुलिस महानिदेशक एवं अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह एक प्रोटोकॉल तैयार करें ताकि उन्हीं केस को सीआईडी सीबी को सौंपा जाए जिनकी तफ्तीश वहां से होना आवश्यक है। इससे सीआईडी सीबी पर अनावश्यक केसों का दबाव कम होगा और जांच की गुणवत्ता भी बेहतर होगी।

## चिटफंड मामले में ईडी ने की बंगाल के पत्रकार की संपत्ति जब्त

**कोलकाता, एजेंसी**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आई-कोर ग्रुप के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पश्चिम बंगाल के पत्रकार सुमन चट्टोपाध्याय और उनके परिवार के सदस्यों की पांच करोड़ की संपत्ति कुर्क की है।

ईडी ने चल और अचल संपत्तियों में कोलकाता और उसके आसपास स्थित बैंक बैलेंस और डुप्लेक्स फ्लैट को कुर्क किया है। ईडी की जांच सीबीआई मामले पर आधारित है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि आई-कोर ग्रुप ने एक चिटफंड घोटाला किया और इसकी कंपनियों ने अभूतपूर्व रिटर्न के वादे पर बड़ी संख्या में छोटे निवेशकों से धन एकत्र किया। ईडी के अनुसार चट्टोपाध्याय ने व्यक्तिगत रूप से और उनकी कंपनी, दिशा प्रोडक्शंस एंड मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से व्यापार निवेश की आड़ में आई कोर समूह से 9.83 करोड़ की आय प्राप्त की। उन्होंने सारदा समूह जैसी अन्य चिटफंड कंपनियों से भी इसी कार्य प्रणाली के माध्यम से धन प्राप्त किया। वह सारदा समूह मामले में ईडी के निशाने पर थे। पिछले सितंबर में, ईडी ने आई-कोर समूह की कंपनियों, उसके निदेशकों और उनके परिवार के सदस्यों की 300 करोड़ से अधिक की संपत्ति कुर्क की थी।

अब तक की जांच के आधार पर एजेंसी ने मामले में कथित अपराध की आय की गणना लगभग 2,400 करोड़ रुपये की है। उल्लेखनीय है कि आई-कोर ग्रुप के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दिसंबर 2018 में, सीबीआई ने चट्टोपाध्याय को गिरफ्तार किया था। उस समय वे बंगाली दैनिक एई सोमॉय के संपादक थे। इससे पहले आई-कोर समूह के मालिक अनुकुल माइती को सीबीआई ने 2015 में गिरफ्तार किया था। नवंबर 2020 में भुवनेश्वर जेल में उनकी मौत हो गई थी।

## संक्षिप्त खबरें

### पूर्व मंत्री रामविलास पासवान की पत्नी को सरकारी बंगला खाली करने के मामले में हाई कोर्ट से राहत नहीं

नई दिल्ली। दिल्ली हाई कोर्ट ने पूर्व केंद्रीय मंत्री रामविलास पासवान की पत्नी रीना पासवान का सरकारी बंगला खाली कराने के आदेश पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। जस्टिस यशवंत वर्मा ने बंगला खाली करने की प्रक्रिया पर दखल देने से इनकार कर दिया। केंद्र सरकार के संपदा निदेशालय ने अगस्त 2021 में रामविलास पासवान के परिवार को 12 जनपथ स्थित सरकारी बंगले को खाली करने का आदेश दिया था। आज सुनवाई के दौरान रीना पासवान की ओर से पेश वकील ने बंगला खाली करने के लिए चार महीने का समय देने की मांग की। उन्होंने कहा कि इस बंगले में काफी लोग रहते हैं, जिन्हें तुरंत हटाने से समस्या पैदा हो सकती है। सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से एएसजी चेतन शर्मा ने कहा कि बंगला खाली कराने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और रामविलास पासवान के परिवार को 2020 से लेकर अब तक पर्याप्त समय दिया जा चुका है।

### रतन टाटा को भारत रत्न देने की मांग खारिज, हाई कोर्ट ने कहा- यह अदालत का काम नहीं

नई दिल्ली। दिल्ली हाई कोर्ट ने उद्योगपति रतन टाटा को भारत रत्न सम्मान देने की मांग खारिज कर दी है। कार्यकारी चीफ जस्टिस विपिन सांघी की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि ये काम कोर्ट का नहीं है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि ये किस तरह की याचिका है। कोर्ट जब याचिकाकर्ता पर जुर्माना लगाने जा रही थी तब याचिकाकर्ता के वकील एके दुबे ने याचिका वापस ले ली। याचिका राकेश कुमार ने दायर की थी। याचिका में कहा गया था कि रतन टाटा ने पूरी उम्र देश के कल्याण में लगाया है। रतन टाटा ने उद्यमियों को आगे बढ़ने का काफी मौका दिया। याचिका में कहा गया है कि रतन टाटा ने टाटा संस के चेयरमैन पद से हटने के बाद व्यक्तिगत तौर पर भी स्टार्टअप में निवेश किया। याचिका में कोरोना संक्रमण के दौरान रतन टाटा के योगदान का जिक्र किया गया था। याचिका में कहा गया था कि देश के लिए महती योगदान देने वाले 48 लोगों को भारत रत्न दिया गया है। सोशल मीडिया पर रतन टाटा को भारत रत्न देने की लगातार मांग की जा रही है। उल्लेखनीय है कि रतन टाटा को 2000 में पद्मभूषण और 2008 में पद्मविभूषण से नवाजा गया था।

### रमजान में मरकज मस्जिद खोलने की अनुमति

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने गुरुवार को उच्च न्यायालय को बताया कि रमजान के दौरान इबादत के लिए निजामुद्दीन स्थित मरकज मस्जिद को उन्हीं शर्तों के साथ खोलने की अनुमति दे दी गई है जो अदालत ने शब-ए-बारात के दौरान लगाई थीं। उच्च न्यायालय ने 16 मार्च को कुछ शर्तों के साथ शब-ए-बारात के दौरान इबादत के लिए मरकज स्थित बंगले वाली मस्जिद को खोलने की अनुमति दी थी। न्यायालय ने मस्जिद के चारों मंजिलों को खोलने का आदेश देते हुए संबंधित थाना प्रभारी की उस शर्त को भी खारिज कर दिया था, जिसमें प्रत्येक मंजिल पर श्रद्धालुओं की अधिकतम सीमा 100 तय की गई थी। जस्टिस जसमीत सिंह ने पुलिस का पक्ष सुनने के बाद मामले की सुनवाई शुक्रवार तक के लिए स्थगित कर दी है। उच्च न्यायालय ने 16 फरवरी के अपने आदेश में दिल्ली वक्फ बोर्ड को रमजान के दौरान मस्जिद खोलने की अनुमति के लिए संबंधित थाना प्रभारी के समक्ष आवेदन करने का निर्देश दिया था।

### राजधानी की हवा तीन गुनी ज्यादा प्रदूषित रही

नई दिल्ली। दिल्ली के लोगों को प्रदूषण भरी हवा से राहत मिलती नहीं दिख रही है। दिल्ली की हवा में गुरुवार के दिन प्रदूषण का स्तर मानकों से तीन गुना अधिक रहा। वहीं दिल्ली के कई निगरानी केंद्रों पर वायु गुणवत्ता सूचकांक 300 अंक से ऊपर यानी बेहद खराब श्रेणी में दर्ज किया गया। मौसम के अलग-अलग कारकों की वजह से दिल्ली के लोगों को इस बार सामान्य से अधिक प्रदूषण का सामना करना पड़ रहा है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक गुरुवार का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 298 अंक रहा। इस स्तर की हवा को खराब श्रेणी में रखा जाता है। हालांकि यह बेहद खराब श्रेणी से सिर्फ तीन अंक नीचे है। वहीं बुधवार के दिन सूचकांक 276 अंक था, यानी चौबीस घंटे के भीतर इसमें 22 अंकों की बढ़ोतरी हुई है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक गुरुवार शाम पांच बजे दिल्ली की हवा में प्रदूषक कण पीएम-10 की मात्रा 327 माइक्रोग्राम प्रति घनमीटर और पीएम-2.5 की मात्रा 130 माइक्रोग्राम प्रति घनमीटर रही।

# सड़कों पर दौड़ेंगे देश में सबसे ज्यादा इलेक्ट्रिक ऑटो, केजरीवाल ने दिखाई हरी झंडी

## ई-ऑटो शुरू होने से साढ़े तीन हजार परिवारों को रोजगार मिला, इसमें 500 महिलाएं भी शामिल हैं : अरविंद केजरीवाल

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आज आईपी डिपो से इलेक्ट्रिक ऑटो को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और कहा कहा कि दिल्ली की सड़कों पर अब देश में सबसे ज्यादा इलेक्ट्रिक ऑटो दौड़ेंगे। आज से दिल्ली में इलेक्ट्रिक ऑटो चलने शुरू हो गए। 20 ऑटो ड्राइवर्स को मैंने खुद आरसी सौंपी, इनमें महिला ड्राइवर्स भी हैं। बहुत जल्द दिल्ली की सड़कों पर हजारों इलेक्ट्रिक ऑटो दौड़ेंगे। प्रदूषण के खिलाफ हमारी दिल्ली एकजुट होकर लड़ रही है। इनके शुरू होने से साढ़े तीन हजार से अधिक परिवारों को रोजगार मिला है। इसमें 500 महिलाएं भी शामिल हैं। सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली सरकार की ईवी पॉलिसी की पूरे देश में तारीफ हो रही है और दिल्ली को अब ईवी कैपिटल भी माना जाने लगा है। ईवी पॉलिसी लागू होने के बाद पहले साल में ही दिल्ली में कुल खरीदे गए वाहनों में से 10 फीसद इलेक्ट्रिक वाहन हैं। पिछले पांच साल में ईवी पॉलिसी के अंतर्गत 45 हजार से अधिक लोगों को रोजगार मिला है।




**प्रदूषण को देखते हुए हम धीरे-धीरे सभी वाहनों को इलेक्ट्रिक वाहनों की तरफ ले जा रहे हैं- अरविंद केजरीवाल**

दिल्ली की सड़कों पर आज से इलेक्ट्रिक ऑटो भी दौड़ने चालू हो गए। इन ई-ऑटो को हरी झंडी दिखाने के लिए आईपी डिपो आज एक समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि, मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सीएम अरविंद केजरीवाल ने रिबन काट कर कार्यक्रम की शुरूआत की और हरी झंडी दिखाकर सभी ई-ऑटो रवाना किया। इस दौरान दिल्ली के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत, डीडीसी के उपाध्यक्ष जस्मीन शाह और परिवहन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। समारोह को संबोधित करते हुए सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आज दिल्ली वासियों के लिए बहुत अच्छा दिन है कि पहली बार दिल्ली में इलेक्ट्रिक ऑटो शुरू होने जा रहे हैं। आज नीले रंग के सभी ई-ऑटो को हरी झंडी दिखाई गई है। यह सभी ई-ऑटो आज से दिल्ली की सड़कों पर चलने चालू होंगे। प्रदूषण को देखते हुए हम धीरे-धीरे सभी वाहनों को इलेक्ट्रिक वाहनों की तरफ ले जा रहे हैं। उसी श्रृंखला में अब दिल्ली की सड़कों पर इलेक्ट्रिक ऑटो चलने चालू होंगे।

**लोगों में इलेक्ट्रिक वाहनों को लेकर काफी उत्साह है, इसका मतलब साफ है कि ईवी पॉलिसी सही है: मुख्यमंत्री**

सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली सरकार ने जो ईवी पॉलिसी बनाई है, यह बहुत ही शानदार पॉलिसी है। पूरे देश के अंदर इसकी तारीफ हो रही है। दिल्ली देश की राजधानी तो है ही। लेकिन अब यह ईवी कैपिटल भी माना जाने लगा है। हमें यह लगता था कि लोगों को थोड़ा समय लगेगा, जब हम लोगों से कहेंगे कि अगर आप को नई गाड़ी खरीदनी है, तो इलेक्ट्रिक वाहन खरीदो। जितनी तेजी से लोगों ने इलेक्ट्रिक वाहन खरीदना चालू किया है, यह देखकर हमें भी आश्चर्य होने लगा है। जब से ईवी पॉलिसी लागू हुई है। इसके पहले साल के अंदर ही इस साल दिल्ली में जितने वाहन खरीदे गए, उसका 10 फीसद इलेक्ट्रिक वाहन लोग खरीद रहे हैं। लोगों के अंदर भी इलेक्ट्रिक वाहनों को लेकर काफी उत्साह है। इसका साफ मतलब है कि हमने जो ईवी पॉलिसी लागू की है, वो सही पॉलिसी है। पॉलिसी लागू हो रही है और उसे लेकर लोगों के अंदर उत्साह है। ईवी पॉलिसी बहुत अच्छी है और अब पूरे देश के अंदर इसी तरह की ईवी पॉलिसी लागू की जा रही है।

वहीं, परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने कहा कि केजरीवाल सरकार ने महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए कई पहल की है। उनकी लाइसेंस फीस पूरी माफ है। शारीरिक उंचाई को कम किया गया है और तीन साल की बजाय अब एक माह की ट्रेनिंग लेकर महिलाएं डीटीसी या क्लस्टर बसें चला सकती हैं। सीएम अरविंद केजरीवाल ने ई-ऑटो में बैठकर की सवारी और खूबियों को जाना इस अवसर पर सीएम अरविंद केजरीवाल ने महिला व पुरुष ई-ऑटो चालकों को आरसी प्रदान किया। इस दौरान सीएम अरविंद केजरीवाल ने ई-ऑटो का मौका मुआयना किया। परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत और विभाग के अधिकारियों ने उन्हें ई-ऑटो की विशेषताओं से अवगत कराया। सीएम अरविंद केजरीवाल एक महिला चालक के ऑटो में बैठकर कुछ दूर तक सवारी की और इन ऑटो की विशेषताओं और सुरक्षा पहलुओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कुछ चालकों से भी बात की। इस दौरान सीएम अरविंद केजरीवाल ने ई-ऑटो चालक सुनीता चौधरी को मंच पर बुलाकर सभी से उनका परिचय कराया। सीएम ने कहा कि सुनीता जी 2003 से ऑटो चला रही हैं। पांच साल में हमने ईवी पॉलिसी के तहत 45 हजार से अधिक लोगों को नौकरी मिली है। हमने सिंगल विंडो सिस्टम लागू किया है, लोगों को ऑनलाइन पोर्टल पर सभी सुविधाएं मिलेगी- कैलाश गहलोत इस अवसर पर दिल्ली के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने बताया कि हमने सिंगल विंडो सिस्टम लागू किया है। सभी सुविधाएं एक ही जगह मिलेगी। हमने सीईएसएल के साथ मिलकर पोर्टल और साफ्टवेयर को तैयार किया है। दो-तीन साल पहले हमने जब 10 हजार परमिट जारी किए थे। उससे भी हम लोगों ने बहुत कुछ सीखा है। इस बार किसी भी ऑटो चालक भाई-बहन को अगर आवेदन जमा करना है, लोन लेना है और ऑटो खरीदना है, तो वो उसे उस पोर्टल पर जाकर पंजीकरण करना है। लोन लेने की औपचारिकताएं भी पोर्टल के जरिए ही पूरी की जाएंगी। सीएम अरविंद केजरीवाल ने हमेशा यह बात कही है कि जो आप करें, वो एक आम आदमी की नजर में रखकर करें, ताकि उसको कहीं भी जाने की आवश्यकता न हो। उन्होंने बताया कि हर एक ऑटो पर 30 हजार रुपए की सब्सिडी है। साथ ही अगर कोई लोन लेता है, तो उसमें भी 5 फीसद की छूट है। हमारी ईवी पॉलिसी का लक्ष्य है कि तीन किलोमीटर की परिधि में एक चार्जिंग प्वाइंट जरूर मिले। इसमें हमने डिस्कॉम के साथ भी साझेदारी की है। आज की तारीख में अगर आप सबसे सस्ता चार्जिंग प्वाइंट स्थापित कर सकते हैं, तो पूरे देश में एकमात्र दिल्ली ही है। मात्र दो हजार देकर आप चार्जर लगा सकते हैं। आप अपने घर में भी ई-ऑटो को चार्ज कर सकते हैं। इसके अलावा, जितने भी डीएमआरसी के स्टेशन हैं, उन पर भी चार्जिंग प्वाइंट लगाने की हमारी बातचीत चल रही है। वहां भी हम इनको चार्ज करने की सुविधा उपलब्ध कराएंगे। दिल्ली सरकार ने 300 इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशन का टेंडर किया था।

# डांसर राजू पंजाबी पर हुए हमले का मामला दर्ज

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

पंजाबी एक्टर राजू पंजाबी पर हुए हमले के मामले में दिल्ली पुलिस ने शिकायत मिलने के बाद एफआईआर दर्ज कर ली है। उत्तरी रोहिणी पुलिस स्टेशन में दर्ज मामले के अनुसार राजू पंजाबी पर उस समय हमला हुआ जब वह जनसेवा का काम कर रहे थे। इसी दौरान कुछ अज्ञात लोगों ने उनपर हमला बोल दिया। हमले में राजू पंजाबी घायल हो गए। इस दौरान कुछ लोंगो ने 100 नंबर पुलिस को फोन किया। पुलिस राजू को अस्पताल ले गई। राजू पंजाबी एक मशहूर डांसर है और उन पर हुए हमले के बाद उनके शुभचिंतकों ने सोशल मीडिया पर घटना का वीडियो वायरल कर दिया है। 16 मार्च 2022 को हुई इस घटना को संज्ञान लेते हुए पुलिस ने अब इस मामले में एफआईआर दर्ज कर ली है। इस मामले में राजू का कहना




है कि हमले से ऐसा लगता है कि कुछ लोग उनके द्वारा किए जा रहे हैं सामाजिक कार्यों से परेशान हैं और उन्हें नुकसान पहुंचाना चाहते हैं। उन्होंने पुलिस से आग्रह किया है कि इस मामले में जल्द से जल्द हमलावरों को गिरफ्तार किया जाए। वहीं पुलिस का दावा है कि इस मामले में आरोपियों की पहचान की जा रही है जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# सरकार ने कोर्ट में किया निगम चुनाव आयुक्त की नियुक्ति का बचाव

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

आगामी नगर निगमों के चुनाव के संचालन के लिए दिल्ली के मुख्य सचिव विजय कुमार देव को चुनाव आयुक्त के रूप में नियुक्त करने के फैसले का दिल्ली सरकार ने दिल्ली हाई कोर्ट में बचाव किया है। दिल्ली सरकार ने हलफनामा दाखिल करके कहा कि नियुक्ति कानून के अनुसार की गई है। भाजपा के पूर्व विधायक नंद किशोर गर्ग द्वारा दायर याचिका पर जवाब देते हुए सरकार ने कहा कि दिल्ली के उपराज्यपाल की मंजूरी के साथ एक नई और स्वतंत्र नियुक्ति की गई थी। इतना ही नहीं, अधिकारी की प्रतिष्ठा, अनुभव और ट्रैक रिकार्ड संदेह से परे और निर्विवाद है। सरकार ने कहा कि याचिका दायर करने का मकसद और उद्देश्य तीनों नगर निगमों के चुनाव को रोकना और अधिकारी की प्रतिष्ठा को धूमिल करना प्रतीत होता है। ऐसे में इसे खारिज किया जाना चाहिए। यह भी स्पष्ट किया जाता




है कि नियुक्ति का दिल्ली नगर निगमों के आगामी चुनावों से कोई संबंध या संबंध नहीं है। अधिसूचना कानून के शासन का उल्लंघन वहीं, पूर्व भाजपा विधायक और याचिकाकर्ता नंद किशोर गर्ग ने अधिवक्ता शशांक देव सुधि के माध्यम से अधिसूचना को चुनौती देते हुए इसे रद या वापस करने का निर्देश देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि अधिसूचना कानून के शासन का उल्लंघन है और सार्वजनिक कार्यालय की नियुक्ति प्रक्रिया के तय सिद्धांतों का उल्लंघन है। याचिका में नियुक्ति को राजनीति से प्रेरित बताया गया है। बता दें कि दिल्ली में तीनों निगमों को एक करने की कवायद बीते कुछ दिनों से चल रही थी जिसमें बुधवार को बड़ा अपडेट आया कि लोकसभा में निगम के एकीकरण का बिल पास हो गया। बिल को केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने पेश किया था बिल से संबंधित आपत्तियों पर अमित शाह ने विरोधियों को स्पष्ट और सटीक जवाब भी दिया। उन्होंने कहा कि निगमों के एकीकरण से सालाना 150 करोड़ रुपयों की बचत होगी। वहीं, जरूरत के हिसाब से पूरी दिल्ली का विकास होगा। उन्होंने चुनाव के बाद सीटों के परिसीमन की विपक्षी सदस्यों की मांग को भी खारिज कर दी। उन्होंने कहा कि बिना एकीकरण हुए परिसीमन हो ही नहीं सकता है। वहीं, विपक्ष ने इस बिल की टाइमिंग को लेकर सवाल उठाया।

# 10 मई से शुरू होंगी दूसरे, चौथे और छठवें सेमेस्टर के छात्रों की परीक्षाएं

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

दिल्ली विश्वविद्यालय में स्नातक के दूसरे, चौथे और छठवें सेमेस्टर की परीक्षाएं दस मई से शुरू होगी। परीक्षा विभाग ने संभावित तिथि जारी कर दी है। डीयू ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा आफलाइन होगी। छात्र कक्षा में बैठकर परीक्षा देंगे। छात्रों को 15 अप्रैल तक परीक्षा फार्म भरने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं, छात्रों का एक धड़ा आनलाइन परीक्षा का विकल्प देने की मांग पर अड़ा हुआ है। विभिन्न छात्र संगठन विगत कई दिनों से लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं। एनएसयूआइ ने आर्ट फैकल्टी के बाहर मंगलवार से अनिश्चितकालीन धरना- प्रदर्शन भी शुरू किया है। एनएसयूआइ प्रदेश अध्यक्ष कुणाल शेरावत ने बताया कि अन्य राज्यों से आने वाले छात्र आज भी करोना के डर से दिल्ली विश्वविद्यालय नहीं आए हैं। छात्र घर से ही आनलाइन कक्षा ले रहे है। कोरोना के मामले बहुत कम भी नहीं हुए है। कोरोना संक्रमण को लेकर भयभीत हैं। जब पढ़ाई आनलाइन की तो परीक्षा भी आनलाइन



होनी चाहिए। छात्र चाह रहे आनलाइन परीक्षा का विकल्प छात्र आनलाइन परीक्षा का विकल्प चाहते हैं। आंतरिक मूल्यांकन संबंधी दिशानिर्देश जारीडीयू परीक्षा विभाग ने आंतरिक मूल्यांकन, प्रोजेक्ट, इंटर्नशिप आदि के लिए दिशानिर्देश जारी कर दिया है। कहा गया है कि परीक्षा से पहले आंतरिक मूल्यांकन पूरा कर लिया जाए। इन चीजों से पूरा होगा आंतरिक मूल्यांकन आंतरिक मूल्यांकन असाइनमेंट, ट्यूटोरियल, प्रोजेक्ट रिपोर्ट, सेमिनार, प्रश्नोत्तरी, कक्षा में टेस्ट से आदि से होगा। स्नातक, स्नातकोत्तर की प्रायोगिक, मौखिक परीक्षा कोरोना प्रोटोकाल का पालन सुनिश्चित कराते हुए कालेज, विभाग में होंगी।

# ग्रीन लाइन पर 3 अप्रैल तक प्रभावित रहेगा संचालन

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

दिल्ली मेट्रो रेल कारपोरेशन की ओर से ग्रीन लाइन पर नए बनाए जा रहे नए हाल्ट प्लेटफार्म के फिनिशिंग के काम की वजह से ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहेगा। इसके बारे में दिल्ली मेट्रो की ओर से अपने इंटरनेट मीडिया एकाउंट पर जानकारी दी गई है। साथ ही पूरा शेडयूल भी जारी किया गया है। मेट्रो का अपने यात्रियों से निवेदन है कि वो इसी शेडयूल के साथ ग्रीन लाइन पर अपनी यात्रा का कार्यक्रम बनाएं जिससे उनको परेशानी का सामना न करना पड़े। इससे पहले भी मेट्रो की ओर से इसी लाइन पर प्लेटफार्म के निर्माण के संबंध में 30 मार्च तक के लिए शेडयूल जारी किया गया था, अब इसी शेडयूल को आगे बढ़ा दिया गया है। यहां पर फिनिशिंग के कुछ काम बच गए हैं, उनको अगले तीन अप्रैल तक खत्म करने का टारगेट रखा गया है। नए शेडयूल के अनुसार सोमवार से शनिवार तक ब्रिगेडियर होशियार सिंह से पहली मेट्रो सुबह




सात बजे और अंतिम मेट्रो रात नौ बजे चलेगी। वहीं, रविवार को पहली मेट्रो आठ और अंतिम रात नौ बजे चलेगी। ब्रिगेडियर होशियार सिंह से कीर्ति नगर के लिए सोमवार से शनिवार तक पहली मेट्रो 7.18 बजे और अंतिम रात 9.10 बजे चलेगी। रविवार को पहली मेट्रो सुबह 8.18 बजे और अंतिम रात 9.10 बजे मेट्रो चलेगी। इंद्रलोक और कीर्ति नगर से ब्रिगेडियर होशियार सिंह के लिए सोमवार

- मेट्रो का अपने यात्रियों से निवेदन है कि वो इसी शेडयूल के साथ ग्रीन लाइन पर अपनी यात्रा का कार्यक्रम बनाएं जिससे उनको परेशानी का सामना न करना पड़े।

से शनिवार तक पहली मेट्रो सुबह 7.25 बजे और अंतिम रात साढ़े नौ बजे चलेगी। रविवार को पहली मेट्रो सुबह 8.25 बजे और अंतिम रात साढ़े नौ बजे चलेगी। ग्रीन लाइन लाइन के पंजाबी बाग व पिंक लाइन के पंजाबी बाग पश्चिम मेट्रो स्टेशन के बीच इंटरचेंज की सुविधा नहीं है। दोनों स्टेशन एक-दूसरे से थोड़ी दूरी पर स्थित हैं। इस वजह से बहादुरगढ़ व मुंडका की तरफ से आजादपुर, मजलिस पार्क, सरोजनी नगर, साउथ एक्सटेंशन, लाजपत नगर, निजामुद्दीन इत्यादि जगहों पर जाने वाले यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इंटरचेंज स्टेशन बनने पर पिंक व ग्रीन लाइन के यात्री अपनी जरूरत के अनुसार मेट्रो बदल सकेंगे। इस स्टेशन से सिर्फ मेट्रो बदलने की सुविधा होगी। यहां यात्रियों को प्रवेश नहीं मिलेगा।

### कांग्रेस ने महंगाई मुक्त भारत अभियान शुरू किया

नई दिल्ली। दिल्ली कांग्रेस ने पेट्रोल-डीजल और रसोई गैस की बढ़ती कीमतों के खिलाफ महंगाई मुक्त भारत अभियान की शुरूआत की। प्रदेश कार्यालय पर दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष चौ. अनिल कुमार ने कहा कि केन्द्र व दिल्ली सरकार पेट्रोल-डीजल पर एक्साइज ड्यूटी और वैट के जरिए लोगों को लूट रही है। उन्होंने कहा कि चुनावी नतीजों के बाद से ही केन्द्र सरकार लगातार पेट्रोल-डीजल की कीमतों में इजाफा कर रही है। इसके खिलाफ महंगाई मुक्त भारत अभियान तब तक चलता रहेगा, जब तक सरकार कीमतों में कमी नहीं करती है। अभियान के तहत दिल्ली भर में कार्यकर्ता और समर्थक अपने घरों के बाहर गैस सिलेंडर, मोटर साइकिल व स्कूटर पर माला डालकर विरोध-प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि 80-80 पैसे प्रतिदिन की बढ़ोतरी के साथ दिल्ली में पेट्रोल की दर 101.85 और डीजल की दर 93.11 रुपये प्रति लीटर तक पहुंच गई है। इस दौरान केन्द्र व दिल्ली सरकार के खिलाफ नारेबाजी की गई। पूर्व मंत्री प्रो. किरण वालिया, अनिल भारद्वाज, राजेश जैन, हरी शंकर गुप्ता, अमरीश गौतम, वीर सिंह धिंगान, जावेद अली, हरी किशन जिंदल व अन्य लोग इस मौके पर मौजूद रहे।

# विमानों में वन हैंडबैग नीति पर एयरलाइनों को परिपत्र जारी किए गए: सिंधिया

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बृहस्पतिवार को लोकसभा में बताया कि नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो ने वन हैंडबैग नियम लागू करने के विषय पर एयरलाइनों को परिपत्र जारी किए हैं और इनका पालन किया जा रहा है।

लोकसभा में ए.के.पी चिनराज के पूरक प्रश्न के उत्तर में नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने यह जानकारी दी। सदस्य ने पूछा था कि क्या यह सच है कि कोई भी विमानन कंपनी घरेलू उड़ानों में केबिन के भीतर वन हैंडबैग नियम का कार्यान्वयन नहीं कर रही है और अगर ऐसा है तो इसके क्या कारण है ?

सिंधिया ने कहा कि नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो ने वन हैंडबैग नियम लागू करने के लिए 24 फरवरी 2000 को परिपत्र जारी किया था। इसके अनुसार, किसी भी यात्री को विमान में साथ ले जाने के लिये एक बैग से अधिक ले जाने की अनुमति नहीं है।

मंत्री ने कहा कि बाद में विमान



में साथ ले जाने के लिये एक बैग के साथ कुछ अन्य मदों में भी अनुमति दी गई। उन्होंने बताया कि इसमें महिलाओं का हैंडबैग, एक ओवरकोट या एक ऊनी चादर या कंबल, एक कैमरा या 1 जोड़ी दूरबीन, उड़ान के दौरान पढ़ने के लिए उचित मात्रा में पाठ्य सामग्री, छाता या चलने में सहायक छड़ी, शिशुओं के लिए उड़ान के दौरान उपयोग वाली खाद्य सामग्री, बच्चों को ले जाने वाली टोकरी (बशर्ते इसमें बच्चे को ले जाया जा रहा हो), बैसाखी आदि शामिल है।

सिंधिया ने कहा कि इसके अलावा 11 मई 2000 को जारी परिपत्र में विमान में साथ ले जाने के लिये एक बैग के साथ एक अतिरिक्त सामग्री के रूप में एक लैपटॉप ले जाने की भी अनुमति दी गई। नागर विमानन मंत्री ने कहा कि एयरलाइनों द्वारा नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो के 24 फरवरी 2000 और 11 मई 2000 के परिपत्र के अनुरूप दिशा निर्देशों का पालन किया जा रहा है। एयरलाइनों ने अपनी वेबसाइट, सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यमों से इस नियम का व्यापक प्रचार किया है। उन्होंने कहा कि नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो ने 12 जनवरी 2022 की बैठक में एयरलाइन परिचालकों को इन नियमों से अवगत कराया है।

**सूचना** केजरीवाल ने दिल्ली में बेघर और सड़कों पर रहने वाले बच्चों की देखभाल के उद्देश्य से एक व्यापक योजना तैयार की है - जस्मिन शाह

# केजरीवाल ने सड़कों पर रहने वाले बच्चों के पुनर्वास के लिए की फील्ड टास्क फोर्स तैनात

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

केजरीवाल सरकार ने सड़कों पर रहने वाले बच्चों के पुनर्वास के लिए फील्ड टास्क फोर्स तैनात की है। टास्क फोर्स सड़कों पर रहने वाले बच्चों की पहचान कर शैक्षिक, वित्तीय और अभिभावक सहायता प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित करेगी। डीडीसी के उपाध्यक्ष जस्मिन शाह ने कहा कि केजरीवाल सरकार ने दिल्ली में बेघर और सड़कों पर रहने वाले बच्चों की देखभाल के उद्देश्य से एक व्यापक योजना तैयार की है। केजरीवाल सरकार ऐसे बच्चों के लिए 10 करोड़ रुपये की लागत से एक आवासीय स्कूल बनाएगी। दिल्ली बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष अनुराग कुंडु ने कहा कि सड़कों पर भीख मांगने, सामान बेचने और रेड लाइट पर अपना दिन बिताने वाले बच्चों के शोषण का गंभीर खतरा है। दिल्ली



के डायलॉग एंड डेवलपमेंट कमीशन के सहयोग से दिल्ली बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने सलाम बालक ट्रस्ट और यूथ रीच के सहयोग से एक योजना शुरू की है, ताकि सड़क पर मौजूद बच्चों का पुनर्वास के लिए एक फील्ड टास्क फोर्स की तैनाती की जा सके।

दिल्ली की सड़कों पर हजारों बच्चे रहते हैं। जिंदा रहने के लिए गैर-औपचारिक कार्य करने के साथ भीख मांगते हैं। ये बच्चे शहर की सड़कों के असुरक्षित वातावरण में जीवित रहते हैं। यह बच्चे पर्याप्त सुरक्षा, शिक्षा और स्वास्थ्य देखभाल से वंचित हैं। इस योजना का उद्देश्य सड़क पर रहने वाले बच्चों के जीवन स्तर को ऊपर उठाना है। जिससे की इन हालात का मुकाबला कर कमजोर बच्चों को जिम्मेदार नागरिकों के रूप में विकसित करने में मदद की जा सके। टास्क फोर्स सड़क पर रहने वाले बच्चों की पहचान कर शैक्षिक, वित्तीय और अभिभावक सहायता प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित करेगी। दिल्ली सरकार द्वारा आवासीय विद्यालयों के जरिए सड़क पर रहने वाले बच्चों को सीखने एक सुरक्षित वातावरण प्रदान करने की योजना को और मजबूत किया जाएगा। डीडीसी दिल्ली के उपाध्यक्ष जस्मिन शाह ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में दिल्ली सरकार ने दिल्ली में बेघर और सड़कों पर रहने वाले बच्चों की देखभाल के उद्देश्य से एक व्यापक योजना विकसित की है। इस साल के बजट में एक आवासीय स्कूल बनाने के लिए 10 करोड़ रुपये का अलग से प्रावधान किया गया है।

### दुष्कर्म के 15 साल पुराने मामले में भाई-बहन गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने एक नाबालिग के अपहरण और दुष्कर्म के मामले में फरार आरोपी जोगिंदर और कमलेश को गिरफ्तार किया है। जोगिंदर और कमलेश भाई-बहन हैं। आरोपी 15 वर्षों से फरार चल रहे थे। 2009 में इन्हें अदालत ने भगोड़ा घोषित किया था। डीसीपी दीपक यादव ने बताया कि वर्ष 2006 में नांगलोई थाने में अपहरण और दुष्कर्म का एक मामला दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता ने बताया था कि 14 अप्रैल 2006 को 13 वर्षीय बेटी दोस्त के घर जाने के लिए निकली, लेकिन वहां से नहीं लौटी। पीड़ित ने जोगिंदर और उसकी बहन कमलेश पर बेटी को अगवा करने की आशंका व्यक्त की। पुलिस ने छापेमारी कर नाबालिग को बरामद कर लिया और मेडिकल जांच के बाद केस में दुष्कर्म की धारा जोड़ दी। लेकिन आरोपी हाथ नहीं लगे।

भारतीय रेल

भारत सरकार
रेल मंत्रालय
(रेलवे बोर्ड)
ई–निविदा सूचना

सं. आरएस(पोल)/58/0504/2022 नई दिल्ली, दिनांक 30.03.2022

विषय : डीजल इंजनों के लिए क्रैंक केस ऑयल की खरीद के लिए रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड) की ई–निविदा सं. 2022 सीसीएलबी टीसी के लिए ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से कार्यपालक निदेशक, रेल भंडार (आर.एस.), रेल मंत्रालय, (रेलवे बोर्ड), भारत सरकार नीचे दिए गए ब्यौरों के अनुसार ई–निविदा आमंत्रित करते हैं:–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | ई निविदा–सं. | 2022 सीसीएलबी टीसी |
| 2. | कार्य का नाम | अनुसंधान अभिकल्प एवं मानक संगठन (आरडीएसओ) द्वारा यथा अनुमोदित संगत विशिष्टियों के अनुरूप ब्रांडेड क्रैंक केस ल्यूब ऑयल (एचएचपी एवं एल्को इंजनों दोनो के लिए). वर्तमान में नियमित और अनियंत्रित उपयोग के लिए अनुसंधान अभिकल्प एवं मानक संगठन (आरडीएसओ) द्वारा अनुमोदित मल्टीग्रेड ऑयल के निम्नलिखित ब्रांड हैं: (i) सर्वो आरआर–606 एमजी पल्स–II (आई ओ सी) (ii) एचपीआरआर–813 एम (एचपीसी) (iii) मैक आरआर–513 एम (बीपीसी) |
| 3. | अनुमानित मात्रा लीटर में | थोक – 8538000 लीटर; पैक्ड – 53000 लीटर |
| 4. | बयाना | Rs. 50,00,000/– |
| 5. | ई–निविदा को जमा करने की अंतिम तारीख एवं समय | 27.04.2022 को 14:30 बजे |
| 5. | पूर्ण ब्यौरों तथा ई–निविदा के लिए वेबसाइट | http://www.ireps.gov.in |
| 6. | आवंटन शीर्ष | अनुदान सं. 01 |

आज़ादी का अमृत महोत्सव 682/2022

(एस. के. वर्मा)
निदेशक, रेल भंडार (एम)

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातः किरण

# राजधानी किरण

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
नई दिल्ली, शुक्रवार, 01 अप्रैल, 2022

## संक्षिप्त खबरें

### स्कूलों के आगे जर्जर सड़क पर न्यायालय नाराज

नई दिल्ली। दक्षिणी दिल्ली के मदनपुर खादर इलाके में सरकार के स्कूल ऑफ एक्सीलेंस सहित दो सरकारी और एक निगम विद्यालय के सामने जर्जर सड़क पर उच्च न्यायालय ने कड़ी नाराजगी जाहिर की। न्यायालय ने इसे गंगीरता से लेते हुए सरकार और निगम के संबंधित विभागों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। साथ ही सड़क को कचरा मुक्त और इस बारे में स्थिति रिपोर्ट पेश करने का आदेश दिया है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश विपिन सांघी और न्यायमूर्ति नवीन चावला की पीठ ने एक जनहित याचिका पर विचार करते हुए यह आदेश दिया है। पीठ ने याचिकाकर्ता की ओर से पेश तस्वीरों को देखते हुए कहा कि हालत ऐसी है कि इसे शायद ही सड़क कहा जा सकता है। पीठ ने दिल्ली सरकार, दक्षिणी दिल्ली नगर निगम, दिल्ली विकास प्राधिकरण और दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड को नोटिस जारी किया है। न्यायालय ने सभी पक्षकारों को अगली सुनवाई 18 अप्रैल से पहले जवाब दाखिल करने को कहा है। इससे पहले, दक्षिणी दिल्ली नगर निगम ने पीठ को बताया कि सड़क से कचरा साफ कर दिया गया है। पीठ ने सड़क की देखरेख की जिम्मेदारी किसकी है, दिल्ली सरकार या एसडीएमसी या डीयूएसआईबी की।

### दंगे के दो आरोपियों को समानता के आधार पर जमानत

नई दिल्ली। उत्तर-पूर्वी दिल्ली में हुए दंगे के एक मामले के दो आरोपियों को अदालत ने समानता के आधार पर जमानत दी है। इन पर दंगा भड़काने, लूट और हत्या के प्रयास के आरोप हैं। अदालत ने कहा कि हालांकि इन दोनों आरोपियों पर जानलेवा हमला करने का आरोप है लेकिन इनके पांच सहआरोपियों को पहले ही जमानत मिल चुकी है। लिहाजा, इन्हें समानता के आधार पर जमानत दिया जाना उचित है। कड़कड़डूमा अदालत ने दंगा भड़काने और लूट जैसी वारदात को कथित तौर पर अंजाम देने वाले इन आरोपियों को 15-15 हजार रुपये के निजी मुचलके व इतने ही रुपये मूल्य के जमानती के आधार पर सशर्त जमानत दी है। अदालत ने इन आरोपियों को कहा है कि वे तथ्यों व साक्ष्यों से छेड़छाड़ न करें। दरअसल, अदालत ने इस मामले की सुनवाई के दौरान पाया कि आरोपियों के खिलाफ पुलिस आरोपपत्र दायर कर चुकी है। आरोपी एक साल आठ महीने से जेल में बंद हैं।

### अस्पताल के बंद पड़े एक कमरे में लगी आग

नई दिल्ली। दिल्ली के कस्तूरबा अस्पताल के बंद पड़े एक कमरे में गुरुवार दोपहर अचानक आग लग गई। घटना की जानकारी मिलते ही दमकल की चार गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर लगभग आधे घंटे में आग पर काबू पा लिया। इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। फिलहाल जामा मस्जिद पुलिस आग लगने के कारणों की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार जामा मस्जिद के कस्तूरबा अस्पताल में दोपहर 3:50 बजे आग लगने की कॉल दमकल विभाग को मिली थी। कॉल मिलते ही मौके पर चार गाड़ियों को भेजा गया। वहां पहुंचने पर पता चला कि अस्पताल का एक हिस्सा काफी समय से बंद पड़ा हुआ है। इसी हिस्से में एक कमरे के अंदर कबाड़ में यह आग लगी हुई थी।

### यात्री इमीग्रेशन अधिकारी को चकमा देकर हुआ फरार

नई दिल्ली। हांगकांग से निर्वासित एक यात्री इंदिरा गांधी हवाई अड्डे से एक यात्री इमीग्रेशन अधिकारी को चकमा देकर फरार हो गया। यात्री को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया था। काफी तलाश के बाद यात्री के नहीं मिलने पर इमीग्रेशन अधिकारी ने आईजीआई एयरपोर्ट थाने में शिकायत दी। शिकायत पर पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है। पुलिस के मुताबिक, बुधवार की रात हांगकांग से निर्वासित एक यात्री दिल्ली के इंदिरा गांधी हवाई अड्डा पर पहुंचा। इमीग्रेशन विभाग के अधिकारी ने उसे पूछताछ करने के लिए हिरासत में लिया। उसकी पहचान गुरदासपुर पंजाब निवासी अजय कुमार के रूप में हुई। जांच में पता चला कि अजय हांगकांग में शरण लेना चाहता था। लेकिन उसके शरण के दावे को अस्वीकार कर दिया गया। उसे अवैध रूप से हांगकांग में प्रवेश करने पर वहां से निर्वासित कर दिया। इमीग्रेशन विभाग के अधिकारी उससे हांगकांग में शरण मांगने के कारणों के बारे में पूछताछ करना चाहते थे। यात्री को कार्यालय में बिठाया गया था।

## दिल्ली में भाजपा का प्रदर्शन, बोले स्कूल-कॉलेज की जगह खोले जा रहे ठेके

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




वेस्ट पटेल नगर में बृहस्पतिवार को भाजपा ने प्रदर्शन किया। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने दिल्ली सरकार पर जमकर हमला बोला और नई आबकारी नीति का विरोध किया। आदेश गुप्ता ने कहा कि राजधानी दिल्ली में स्कूल-कालेज की जगह ठेके खोले जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि नई शराब की नीति आने के बाद से दिल्ली में अपराध बढ़ गया है। चारों तरफ आपराधिक वारदातें हो रही हैं। आदेश गुप्ता ने केजरीवाल सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि शराब माफिया के साथ गठजोड़ कर लिया गया है। और ड्राई डे की संख्या कम कर दी है। दिल्ली में अवैध तरीके से ठेके खोले गए हैं और महिलाएं भी इसका विरोध कर रही हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि यह नीति दिल्ली को बर्बाद करने वाली है और यह नीत केजरीवाल को निगम से वापस करेगी। वहीं, भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता के साथ मिलकर कई ठेकों को सील किया और केजरीवाल सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि आज दक्षिण दिल्ली के देवली गांव में खुला शराब का ठेका आखिर ग्रामीणों के ढाई महीने के संघर्ष के बाद सील हो गया। केजरीवाल सरकार ने राजधानी में गली-गली में नियम-कायदों को तोड़कर शराब के जो ठेके खोले हैं, उन्हें बंद कराकर ही दम लेंगे। उन्होंने कहा कि देवली गांव के ठेके को बंद कराने के लिए बुजुर्ग, महिलाएं और आसपास के गांवों के लोग भी लगातार संघर्ष कर रहे थे। उनका कहना था कि गांव की आबादी के बीचों-बीच यह ठेका खुलने से पूरे इलाके का माहौल खराब हो रहा है। मास्टर प्लान के नियमों के अनुसार भी यह ठेका नहीं खोला जा सकता। राजधानी में जहां भी नियमों को ताक पर रखकर शराब के ठेके खोले गए हैं, उन सभी को बंद कराया जाएगा। सांसद रमेश बिधूड़ी ने कहा कि दिल्ली के रिहायशी इलाकों, स्कूलों, मंदिरों एवं मुख्य बाजार के बीच में एवं निगम के नियमों का उल्लंघन करके जितने भी शराब के ठेके खोले गए हैं उनमें से अधिकतम ठेकों को भाजपा कार्यकताओं एवं वहां के समाजिक संगठनों ने बंद करवा दिया है। आजादी के बाद दिल्ली पहला ऐसा राज्य है जिन जगहों पर शराब के ठेके नहीं खुलने चाहिए थे वहां भी ठेके खोले गए हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली के अंदर ऐसे 123 वार्ड हैं जहां कानूनों का उल्लंघन करके शराब माफियाओं के साथ गठबंधन करके दिल्ली सरकार ने शराब के ठेके खोले गए लेकिन भाजपा इसको बर्दाश्त नहीं करने वाली और जब तक सभी अवैध शराब के ठेके बंद नहीं हो जाते हमारा संघर्ष जारी रहेगा। कार्यक्रम के संयोजक एवं प्रदेश भाजपा महामंत्री कुलजीत सिंह चहल ने कहा कि आने वाले दिनों में आबकारी नीति के खिलाफ यह आंदोलन और ज्यादा तेज होगा और भाजपा केजरीवाल की शराब नगरी बनाने के मंसूबे को कभी कामयाब नहीं होने देगी। उन्होंने कहा कि भाजपा द्वारा आज दिल्ली के सभी जिलों में सील किए गए 14 अवैध शराब के ठेके जनता की जीत है और जब तक प्रदेश के सभी अवैध शराब के ठेके सील नहीं हो जाते हमारा संघर्ष निरंतर जारी रहेगा। आज 14 जिलों के विभिन्न 14 शराब के ठेकों को सील करने के दौरान असम के भाजपा सह-प्रभारी पवन शर्मा, जम्मू कश्मीर के सह-प्रभारी आशीष सूद, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक विजेन्द्र गुप्ता, महामंत्री हर्ष मल्होत्रा एवं दिनेश प्रताप सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष राजन तिवारी, विरेन्द्र सचदेवा, सुनील यादव, राजीव बब्बर, विधायक ओम प्रकाश शर्मा, अनिल बाजपेई, अभय वर्मा, जितेन्द्र महाजन, महिला मोर्चा अध्यक्ष योगिता सिंह, प्रदेश मंत्री गौरव खारी, योगेन्द्र चंदोलिया, पंकज कुमार जैन, सभी जिला अध्यक्ष सहित प्रदेश, मोर्चा, जिला एवं मंडल के अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## न्यायालय ने 146 नई सीट पर एआईक्यू मॉप-अप चरण की काउंसिलिंग रद्द की

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने 146 से अधिक नई सीट पर विसंगतियों को दुरुस्त करने के लिए नीट-पीजी 2021-22 दाखिलों के लिए ऑल इंडिया कोटा मॉप-अप चरण की काउंसिलिंग बृहस्पतिवार को रद्द कर दी। ये 146 सीट उम्मीदवारों के लिए पिछले दौर की काउंसलिंग में उपलब्ध नहीं थीं और उनके पास इन सीटों में भाग लेने का कोई अवसर नहीं था। न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी की पीठ ने 146 नई सीट पर काउंसिलिंग के लिए विशेष चरण आयोजित करने और दूसरे चरण में अखिल भारतीय कोटा या राज्य कोटा में शामिल होने वाले छात्रों को इसमें भाग लेने की अनुमति दी। पीठ ने स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक को 24 घंटे के भीतर छात्रों से विकल्प आमंत्रित करने और विकल्प मिलने के बाद 72 घंटे के भीतर प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दिया। पीठ ने स्पष्ट किया कि संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत उसके न्यायाधिकार क्षेत्र का इस्तेमाल करते हुए सभी निर्देश दिए गए हैं। उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को केंद्र को नीट-पीजी 2021-22 काउंसलिंग के मॉप-अप राउंड में बृहस्पतिवार तक यथास्थिति बनाए रखने का निर्देश दिया था और स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक से उन मुद्दों पर पुनर्विचार करने को कहा था।

## दिल्ली में चिलचिलाती गर्मी का बरपा रही कहर, फिलहाल राहत की उम्मीद नहीं



नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली की जनता को अगले तीन दिनों तक चिलचिलाती गर्मी से राहत नहीं मिलेगी और इस दौरान यहां का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस रहेगा। मौसम विभाग ने गुरुवार को यह जानकारी दी। मौसम विभाग ने कहा कि देश के उत्तरी क्षेत्रों में लंबे समय से शुष्क रहने के कारण अगले चार-पांच दिनों तक लू चलने की आशंका है।

मौसम विभाग ने ट्वीट किया कि मध्य और पश्चिमी भारत में अगले चार-पांच दिनों में तीव्र गर्म हवाएं चलने की संभावना है और एक से तीन अप्रैल को उत्तर-पश्चिम भारत में गर्म हवाओं की तीव्रता कम होने की संभावना है। बहरहाल, बुधवार को दिल्ली के सफदरजंग क्षेत्र का अधिकतम तापमान 39.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था जो पहले की तुलना में आठ डिग्री से अधिक है। उन्होंने बताया कि मार्च 1951 के बाद यह दूसरा सबसे अधिक अधिकतम तापमान रहा।

मौसम विभाग ने बताया कि महाराष्ट्र के चंद्रपुर और अकोला जिले में अधिकतम तापमान क्रमशः 44.2 डिग्री और 43.2 डिग्री रहा और देश के पूर्वोत्तर क्षेत्रों में अगले दो दिनों तक गर्म हवाओं का प्रकोप जारी रहेगा। मौसम विभाग ने ट्वीट किया कि झारखंड और ओडिशा में 30 मार्च और एक अप्रैल, पश्चिम बंगाल के गंगेटिक में 31 मार्च से एक अप्रैल और 31 मार्च से दो अप्रैल तक छत्तीसगढ़ सहित इन राज्यों के अलग-अलग क्षेत्रों में लू की स्थिति रहेगी।

## दिल्ली में मास्क नहीं लगाने पर अब नहीं होगा जुर्माना, लोगों को मिली बड़ी राहत

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



गुरुवार को हुई डीडीएमए की बैठक से दिल्ली के दो करोड़ लोगोंके लिए राहत भरी खबर आई। दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) ने बैठक में यह एलान किया कि अब राजधानी में मास्क नहीं लगाने पर ना कोई चालान होगा, ना ही कोई जुमार्ना किया जाएगा। डीडीएमए की बैठक में 500 रुपये का जुमार्ना भी किया खत्म किया गया। एहतियात के तौर पर डॉक्टरों, प्रयोगशालाओं और स्वैच्छिक नेटवर्क के जरिये विशिष्ट बीमारियों / स्थितियों की निगरानी होगी। हालांकि महामारी एक्ट जारी रहेगा, ताकि कोरोना जांच और टीकाकरण जारी रहे।

दिल्ली में कोरोना की स्थिति के पूरी तरह से नियंत्रण में होने और संक्रमण दर 0.5 प्रतिशत के आसपास होने पर संतोष जताया गया है। बता दें कि कोरोना की सामान्य होती स्थिति के बीच गुरुवार को डीडीएमए की बैठक हुई। उपराज्यपाल और दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष अनिल बैजल की अध्यक्षता में हुई बैठक में लिए गए फैसले से लोगों को बड़ी राहत है। बैठक में कोरोना महामारी की वर्तमान स्थिति पर चर्चा हुई।

इस दौरान मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के साथ कई वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। बता दें कि देश में कोरोना के मामले तो कम हैं हालांकि विदेश में कोरोना महामारी एक बार फिर से अपने पैर पसार रहा है। भारत के पड़ोसी देश चीन में लगातार कोरोना के मामले बढ़ रहे हैं। इस कारण सरकार दूसरी और तीसरी लहर में हुई परेशानी के बाद चौथी लहर की आशंका के मद्देनजर सतर्क है।

इधर, कुछ दिनों पहले केंद्र सरकार ने राज्यों को एक एडवाइजरी जारी की थी। इसमें कोरोना को लेकर सतर्क रहने और लापरवाही न बरतने की हिदायत दी थी। राजधानी में बुधवार को कोरोना की संक्रमण दर में मामूली बढ़त देखी गई। मंगलवार को संक्रमण दर 0.45 प्रतिशत थी जो बढ़कर 0.50 प्रतिशत पहुंच गई है। कोरोना के 123 नए मरीज मिले। एक मरीज की मौत हो गई ।

वहीं ठीक होने वालों की संख्या भी 100 से अधिक रही। 24 घंटे में 106 मरीज ठीक हुए। सक्रिय मरीजों की बात की जाए तो दिल्ली में 459 सक्रिय मरीज हैं। इनमें से 21 मरीज अस्पतालों में भर्ती हैं, जबकि 315 मरीज होम आइसोलेशन में हैं। कंटेनमेंट जोन की संख्या घटकर 2849 रह गई है।

## मां दुर्गा का हर स्वरूप नारी शक्ति की मिसाल

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



या देवी सर्वभूतेषु शक्ति रूपेण संस्थिता, नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः। देवी की शक्तियों को नमन करता यह श्लोक आज की सशक्त महिलाओं को प्रतिबिंबित करता है। मां के नौ स्वरूपों की नौ शक्तियां हैं और ये शक्तियां नारी में जन्म से ही पाई जाती हैं। आज की नारी ने अपने भीतर की शक्तियों को पहचान लिया है और मां दुर्गा की तरह ही कठिन और विपरीत हालात का सामना करते हुए नए संसार की रचना भी कर रही है।

**दृढ़ता की शक्ति :** मां का शैलपुत्री स्वरूप दृढ़ता का प्रतीक है। वह दृढ़ता, जो अन्याय के प्रति खड़े होने की शक्ति बनती है। पति के सम्मान के लिए स्वयं को भस्मीभूत करने वाली सती ने अपने पिता को कभी क्षमा नहीं किया। पुनर्जन्म में हिमालय की पुत्री बनकर शैलपुत्री कहलाईं। आज की महिलाओं में शक्ति के इस स्वरूप की झलक मिलती है, जो दृढ़ता के साथ जीवन की हर मुश्किल का सामना कर रही हैं।

**संघर्ष से सफलता का मंत्र :** ब्रह्मचारिणी स्वरूप माता के संघर्ष का प्रतीक है। भोले शंकर को पति रूप में प्राप्त करने के लिए देवी ने वर्षों कठिन तपस्या की और अंत में मनचाहे वरदान की स्वामिनी बनी। यह संघर्ष आज की नारी में भी नजर आता है। कर्मठ नारी अबला से सबला बनने के लिए हर पल संघर्ष कर रही है।

**साहस के साथ पा रहीं मंजिल :** मां का चंद्रघंटा स्वरूप साहस का प्रतीक है। बदलते सामाजिक परिवेश में महिलाएं भयभीत होकर चुप नहीं बैठ रहीं, बल्कि अपने अधिकारों के लिए साहस से लड़ रही हैं। बालीवुड कोरियोग्राफर करिश्मा को यह बात गलत साबित करनी थी कि वजन ज्यादा हो तो कोई डांसर या कोरियोग्राफर नहीं बन सकता या वह बालीवुड में काम नहीं कर सकता।

**रचनात्मक है आदिशक्ति :** कुष्मांडा मां को आदिशक्ति कहते हैं, जो संपूर्ण ब्रह्मांड को रचने वाली हैं। आज महिलाओं की रचनात्मकता समाज और देश को सुंदर बना रही है। इंटीरियरमाता यूट्यूब चैनल से मशहूर होने वाली अनन्या भट्टाचारजी आज अपनी रचनात्मकता से अपना व दूसरों का संसार रच रही हैं। वह अपने चैनल पर आंतरिक सजावट के गुर बताती हैं

**ज्ञान, विवेक और चेतना का परचम :** स्कंदमाता ज्ञान की देवी हैं। आज महिलाएं अपने ज्ञान, विवेक और चेतना से हर जगह झंडे गाड़ रही हैं। युवा गणितज्ञ प्रोफेसर नीना गुप्ता को पिछले दिनों राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द ने नारी शक्ति पुरस्कार से सम्मानित किया। नीना राजस्थान की बेटी हैं और भारतीय सांख्यिकी संस्थान में विज्ञानी हैं। नीना को इससे पहले 70 साल पुरानी बीजगणित की पहेली सुलझाने के लिए रामानुजन पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है।

**समझ-बूझ के साथ बढ़ रहीं आगे :** माता कात्यायनी से महिलाओं को हर बात को जांचने-परखने का गुण मिला है। आज वे बहुत सोच-समझकर आगे बढ़ रही हैं। न्यूरोसर्जन के क्षेत्र में महिलाओं के लिए तमाम कठिनाइयां होने के बावजूद डा. श्रद्धा माहेश्वरी ने अपने दृढ़ संकल्प को नहीं छोड़ा। वह मुंबई की प्रसिद्ध महिला न्यूरोसर्जन कही जाती हैं।

**बुराई से सतत मुकाबला :** मां कालरात्रि दुष्टों की, बुराई की संहारक हैं। आज की महिला अत्याचार सहती नहीं, बल्कि डटकर उसका मुकाबला करती है। सीमा सिंह कभी साधारण गृहिणी थीं। उन्होंने अपनी बेटी के लिए सुयोग्य वर खोज निकाला, लेकिन जब बात आगे बढ़ी और सगाई हो गई तो लड़के वालों की तरफ से मांगें बढ़ती गईं।

**शांति व संयम से जीत रहीं जंग :** मां महागौरी शांत हैं। शांत रूप से जिंदगी के हर पल का मनन कर आगे बढें की शक्ति को भी आज की नारी ने खुद में संचित किया है। डाइटीशियन व आस एक प्रयास की संस्थापक दीपिका ए. भाटिया को अंतिम स्टेज पर कैंसर का पता चला, लेकिन उन्होंने अपनी हिम्मत के बल पर इस कठिन समय को जीता।

**शक्ति से ही आएगा स्वावलंबन :** मां की सिद्धिदात्री की भूमिका दात्री की है। आज की परोपकारी महिलाएं खुलकर समाज की बेहतरी में लगी हैं। आम गृहिणी भी अपनी तपस्या से अपने परिवार को सींचती है। सोशल एक्टिविस्ट मुखी रोशनी शर्मा कहती हैं, हम अगर अपनी संस्कृति से जुड़े हैं।

## देवली में शराब की दुकान सील

नई दिल्ली। दक्षिण दिल्ली के देवली गांव में खुला शराब का ठेका ग्रामीणों के विरोध के बाद सील हो गया। दक्षिण दिल्ली नगर निगम के अधिकारियों ने गुरुवार सुबह ठेके को सील कर दिया। इसके साथ ही ग्रामीणों और भाजपा कार्यकताओं का धरना भी समाप्त हो गया। नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी गुरुवार सुबह ग्रामीणों के साथ धरने पर बैठ गए। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार ने गली-गली में नियम-कायदों को तोड़कर शराब के ठेके खोले हैं, उन्हें बंद कराकर ही दम लेंगे। वहीं, धरना करने वाले बुजुर्ग, महिलाएं और आसपास के गांवों के लोगों का कहना था कि आबादी के बीच ठेका खुलने से माहौल खराब हो रहा है। मास्टर प्लान के नियमों के अनुसार भी यह ठेका नहीं खोला जा सकता।

## विकास में आत्मनिर्भरता व सततता में ऊर्जा सबसे महत्वपूर्ण

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



आज दुनिया मे ऐसा कोई भी कार्य नहीं है जिसमे ऊर्जा की सीधी खपत न होती हो। ऊर्जा रहित समाज की कल्पना का मतलब हर तरह की हलचलों का शून्य हो जाना है इसमें कोई भी अतिश्योक्ति नहीं। किसी भी देश की पहचान व प्रगति उसकी जीवनशैली के स्तर से जुड़ी है। दुनिया के बड़े शहर व बाजारों का आधार ऊर्जा ही है। अमेरिका को दुनिया में सबसे ज्यादा विकसित देश मानने के पीछे वहां जुटाई हुई सुविधाएं ही हैं और सुविधाएं बिना ऊर्जा के नहीं जुटाई जा सकतीं। चीन या अन्य कोई देश के बढ़ते बाजार भी ऊर्जा खपत से ही चलते हैं और यही कारण है कि पिछले 200 वर्ष में दुनिया में ऊर्जा खपत बड़ी चचाओं का विषय भी रहा है। आज ऊर्जा किसी भी देश की आर्थिकी के विकास का आधार है। वे देश जो अपनी बढ़त नहीं बना पाए उनका सबसे बड़ा कारण उनके पास ऊर्जा या तकनीक विकल्प का ही बड़ा अभाव रहा है। दुनिया में आज सबसे बड़ा ऊर्जा का आधार कोयला ही माना गया है। वो चाहे कोई भी देश, दुनिया में जहां किसी ना किसी रूप में कोयले को ऊर्जा के रूप में ना देखा जाता है। यह बात दूसरी है कि 3-4 बड़े देशों में जहां कोयले की खपत अत्यधिक है और भारत उनमें से एक है इसके पीछे सबसे बडा कारण अन्य विकल्पों का अभाव माना गया है। आज तक ऊर्जा के अन्य विकल्प कोयले की बराबरी नहीं कर पाए हैं और यही कारण है कि आज भी दुनिया में कोयले की सबसे ज्यादा खपत होती है। आंकड़ा सामने है कि दुनिया में आज भी लगभग 84 फीसदी कोयले का उपयोग उर्जा के लिए किया जाता है। उसी तरह अमेरिका में 11.34 फीसदी, चाइना में 54.3 फीसदी और भारत भी उनमें से एक ऐसा देश है जहां कोयले की खपत ज्यादा होती रही है। अपने देश में भी विकल्प का अभाव रहा है और उसके पीछे वैकल्पिक ऊर्जा की तकनीकी का बहुत बड़ा योगदान माना जाता है। आज भारत में ऊर्जा के लिए लगभग 18.5 लाख टन कोयला प्रतिदिन उपयोग में लाया जाता है यही कारण है कि कोयला ही उर्जा का केन्द्र रहा है।

## 4 महीने पहले ही हुई थी यशदेव की शादी, मौत की खबर सुनकर पत्नी बेसुध

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

कोंडली स्थित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट में मोटर ठीक करने के लिए उतरे यशदेव और नितेश के परिवार का रो रोकर बुरा हाल हो रहा है। हादसे की सूचना मिलते ही परिवार के सदस्य प्लांट पर पहुंच गए। परिवार का आरोप है कि बिना सुरक्षा उपकरण के दोनों को टैंक में मोटर ठीक करने के लिए उतारा गया, अगर उनके पास उपकरण होते तो शायद वह जीवित होते। यशदेव की चार महीने पहले ही शादी हुई थी, पति की मौत की खबर सुनकर पत्नी बेसुध हो गई है। जानकारी के अनुसार यशदेव के परिवार में पिता गजे सिंह, मां ओमवती, पत्नी भावना के अलावा कई सदस्य हैं। यशदेव के रिश्तेदार राहुल ने बताया कि यशदेव की चार महीने पहले ही शादी हुई थी, घर में खुशी का माहौल था। यशदेव पिछले पांच वर्ष से सीवरेज प्लांट में नौकरी कर रहा था, वह सुबह साढ़े सात बजे घर से नौकरी के लिए निकल जाता था। बुधवार देर शाम को प्लांट में काम करने वाले एक कर्मचारी ने फोन करके परिवार को सूचना दी कि यशदेव की टैंक में डूबने से मौत हो गई है। वहीं नितेश के परिवार में पिता सतेंद्र, मां राजेश व भाई विकास कुमार है। नितेश की शादी नहीं हुई थी। उसके परिवार का कहना है कि हादसे के लिए जो भी दोषी है, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

**सूचना** छापेमारी में राशन दुकान में कई अनियमितताएं एवं कमियां पाई गईं

## खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री इमरान हुसैन ने किया लक्ष्मी नगर में राशन दुकान पर छापेमारी

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



खाद्य आपूर्ति विभाग को मिली विश्वसनीय सूचना के आधार पर खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री इमरान हुसैन ने लक्ष्मी नगर क्षेत्र में स्थित एक राशन की दुकान पर छापा मारा। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने पाया कि एफपीएस डीलर द्वारा आवंटित एक ई-पीओएस डिवाइस के बजाय दो ई-पीओएस डिवाइस का उपयोग किया जा रहा है। खाद्य आपूर्ति विभाग की जांच टीम को दोनों एफपीएस की गहन जांच करने का निर्देश दिया गया , जिनके पास ई-पॉस मशीन का आवंटन है । आवंटित ई-पीओएस मशीन के अलावा अन्य ई-पीओएस मशीन का संचालन करना कानून का गंभीर उल्लंघन है, जिससे एफपीएस डीलर द्वारा सब्सिडी वाले राशन का डायवर्सन और दुरुपयोग किया जा सकता है। एफपीएस डीलर की ओर से की जा रही गंभीर अनियमितताओं को गंभीरता से लेते हुए, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री ने मामले की गहन जांच करने और दोषी डीलर के खिलाफ कानून सम्मत तुरंत सभी आवश्यक कार्रवाई करने के लिए कमिश्नर( खाद्य आपूर्ति ) को निर्देश जारी किए और कार्रवाई की रिपोर्ट कल तक उनके समक्ष प्रस्तुत करने को कहा । निरीक्षण के दौरान खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री इमरान हुसैन ने पाया कि राशन की दुकान के परिसर के समीप विभागीय नियमों के विरुद्ध गोदाम भी संचालित किया जा रहा था। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री ने नाराजगी के साथ कमिश्नर ( खाद्य आपूर्ति ) को एफपीएस परिसर से गोदाम के संचालन को प्रतिबंधित करने वाले विभाग के मानदंडों का उल्लंघन करने के लिए राशन डीलर के खिलाफ एक विस्तृत कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री ने राशन डीलर के आचरण को सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय निवासियों के साथ बातचीत भी की। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री ने नोटिस किया कि राशन दुकानों के बाहर स्टॉक, लाभार्थियों की संख्या, हेल्पलाइन नंबर आदि के संबंध में निर्धारित सूचना का उल्लेख नोटिस बोर्ड के माध्यम से उपलब्ध नहीं है । इस पर त्वरित संज्ञान लेते हुए मंत्री ने खाद्य -आपूर्ति विभाग को श्रेणी-वार पात्रता, स्टॉक की स्थिति, लाभार्थियों की कुल संख्या, हेल्पलाइन नंबर आदि के संबंध में अनिवार्य सूचना एफपीएस परिसर के बाहर प्रदर्शित करने को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

## ओखला में चोरी के आरोप में दो लोग गिरफ्तार, चोरी किया गया सामान बरामद

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



ओखला औद्योगिक थाना क्षेत्र पुलिस ने एक नाबालिग के साथ दो चोरों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों के कब्जे से भारी मात्रा में अग्नि सुरक्षा उपकरण यानी स्प्रिंकलर पेंडेंट, वाल्व, कपलिंग आदि बरामद किया गया है। आरोपितों की पहचान हरकेश नगर निवासी सूरज कुमार (22) और राजकुमार (20) के रूप में हुई है। पुलिस उपायुक्त ईशा पाण्डेय ने बताया कि शनिवार को शिकायतकर्ता मनीष खटाना ने बताया कि ओखला फेज दो स्थित उनके स्टोर हाउस के मेन गेट का ताला तोड़कर चोरों ने काफी मात्रा में अग्नि सुरक्षा के उपकरण पार कर दिए। जिसमें स्टेनलेस स्टील कापर व गन मेटल भी शामिल हैं। छानबीन के दौरान पुलिस ने मौके के आसपास मौजूद सीसीटीवी कैमरों को खंगाला। फुटेज में कुछ संदिग्ध दिखाई दिए। पुलिस ने मुखबिरों की मदद से एक आरोपित हरकेश नगर के सूरज की पहचान की, जिसने कुछ दिनों पहले ही हरकेश नगर जंगल में चोरी का कुछ सामान उतारा था। उसके बाद पुलिस ने आरोपित की झुग्गी के आसपास निगरानी रखनी शुरू कर दी। इसी बीच एक दिन आरोपित अपने घर आया और पुलिस ने उसको पकड़ कर झुग्गी की तलाशी ली तो वहां काफी मात्रा में अग्नि सुरक्षा उपकरण मौजूद थे। इसके बाद पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर सख्ती से पूछताछ की तो उसने अपने एक अन्य साथी हरकेश नगर के राजकुमार के बारे में सारी जानकारी दे दी। इसके बाद पुलिस ने दूसरे आरोपित को एक नाबालिग के साथ पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान आरोपितों ने बताया कि वे शराब और नशीले पदार्थों के आदी हैं। वे अलग-अलग जगहों पर रात में चोरी करते थे और चोरी के सामानों को अज्ञात व्यक्तियों को बेचते थे जिससे उन्हें शराब और ड्रग्स खरीदने के लिए पर्याप्त राशि मिल जाती थी। अपनी लत को पूरा करने के लिए पैसे कमाने

## आईईडी रिकवरी मामले में 2 संदिग्धों के स्केच तैयार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने इस साल की शुरूआत में राष्ट्रीय राजधानी के गाजीपुर और सीमापुरी में आईईडी की बरामदगी के सिलसिले में दो संदिग्धों के स्केच तैयार किए हैं। स्पेशल सेल की टीमें विभिन्न राज्यों में संदिग्धों की तलाश में हैं। घटनाक्रम से जुड़े सूत्रों ने बताया कि इस संबंध में 70 से अधिक लोगों से पूछताछ की जा चुकी है। पहली बार 14 जनवरी को गाजीपुर फूल बाजार क्षेत्र में बरामद किए गए विस्फोटकों के निशान के बाद दिल्ली पुलिस द्वारा की गई छापेमारी के दौरान आईईडी मिला था।

**सम्बन्ध–विच्छेद**

मैं धर्मवीर सारस्वत पुत्र श्री रामरूप निवासी एस्कोर्ट कॉलोनी नियर दुधेश्वर मंदिर दौलतराम कॉलोनी दादरी थाना दादरी जिला गौतमबुद्धनगर अपने पुत्र कपिल सारस्वत व पुत्रवधू कोयना शर्मा पत्नी कपिल सारस्वत के दुर्व्यवहार और अनैतिक कृत्य के कारण अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध–विच्छेद करता हूं भविष्य में इनके किसी कृत्य या लेनदेन के लिए मै व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा। वह स्वयं ही जबाबदेह होंगे।

# डीएम की अध्यक्षता में आज से प्रारंभ होने वाली गेहूं खरीद से संबंधित कार्यशाला का आयोजन

बिजनौर, प्रात: किरण संवाददाता



जिलाधिकारी उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में 01 अप्रैल, 2022 से प्रारम्भ होने वाली गेहूं खरीद से संबंधित कार्यशाला का कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजन किया गया। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) प्रभारी अधिकारी विनय कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी नगीना, जिला खाद्य विपणन अधिकारी, बिजनौर अमित द्विवेदी, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहकारिता, तहसीलदार सदर, तहसीलदार चांदपुर, विपणन निरीक्षक नजीबाबाद एवं अफजलगढ़, भारतीय खाद्य निगम के तकनीकी सहायक व अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे। जिलाधिकारी उमेश मिश्रा द्वारा सभी कय केन्द्र प्रभारियों को निर्धारित समय प्रातः 09 बजे से सायं 06 बजे तक क्रय केन्द्रों पर उपस्थित रहकर पूर्ण पारदर्शिता, विश्वसनीयता एवं किसानों के प्रति संवेदनशीलता के साथ गेहूं खरीद सम्पन्न कराने के निर्देश दिए गए। उन्होंने खाद्य विभाग के 09, पीसीएफ के 25 एवं नैफेड के 02 कुल 36 क्रय केन्द्रों का अनुमोदन करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि केन्द्रों को पूरी गंभीरता और निष्ठा के साथ संचालित करें और केन्द्रों पर सभी आवश्यक उपकरण एवं सामग्री उपलब्ध रखें तथा इसके अलावा गर्मी के मौसम के दृष्टिगत किसानों के लिए बैठक के लिए उचित छायादार स्थान एवं पेयजल की व्यवस्था करना भी सुनिश्चित करें। उन्होंने केन्द्रों पर पशुओं को छाया में बैठाने तथा उनके लिए चारा-पानी की भी व्यवस्था केन्द्रों पर करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि जिले के किसानों को बिचैलियों से बताते हुए उनके गेहूं मूल्य को पूरे मानक के अनुसार उपलब्ध कराया जाए ताकि उन्हें शासन द्वारा संचालित गेहूं खरीद योजना का भरपूर लाभ प्राप्त हो सके। उन्होंने सभी सम्बन्धित अधिकारियों एवं केन्द्र प्रभारियों को नियमानुसार गेहूँ खरीद किये जाने के निर्देश दिये तथा सचेत करते हुए कहा कि किसी भी अनियमितता के लिए जीरों टॉलरेन्स पर सम्बन्धित के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने इस बात का विशेष ध्यान रखे जाने के निर्देश दिये कि गेहूँ खरीद केवल वास्तविक किसानों से ही की जायें तथा बिचैलिये इस खरीद में किसी भी अवस्था में शामिल नहीं चाहिएं। समीक्षा के दौरान संज्ञान में आया कि शासन द्वारा न्यूनतम मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत रबी विपणन वर्ष 2022-23 में गेहूँ का न्यूनतम समर्थन मूल्य रू0 2015 प्रति कु० निर्धारित किया गया है तथा खाद्य विभाग की विपणन शाखा एवं पीसीएफ के सभी 36 केन्द्र कल 01 अप्रैल, 2022 से क्रियाशील हो जायेगें। जिले में गेहूँ विक्रय के लिए अब तक कुल 260 किसानों द्वारा पंजीकरण कराया गया है। उन्होंने सभी केन्द्र प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि गेहूँ खरीद के लिए क्रय केन्द्रों पर समस्त उपकरणों दो इलेक्ट्रॉनिक कॉटे, नमी मापक यंत्र, विनोइंग फैन एवं छलना तथा पर्याप्त संख्या में बोरों की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए कल प्रातः निर्धारित समय पर क्रय केन्द्र अनिवार्य रूप से क्रियाशील किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने क्रय केन्द्र प्रभारियों को यह भी निर्देश दिए कि अपने क्षेत्र के किसानों से व्यक्तिगत सम्पर्क करते हुए किसानों के पंजीकरण की प्रगति बढाएं ताकि अधिक संख्या में किसान अपने गेहूं विक्रय के लिए केन्द्रों पर लाने के लिए प्रेरित हो सकें। उन्होंने समस्त उप जिलाधिकारियों एवं तहसीलदारों को पंजीकृत किसानों के नियमित रूप से रकबा सत्यापन करने के भी निर्देश दिये गए। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) प्रभारी अधिकारी (गेंहू खरीद) विनय कुमार सिंह द्वारा केन्द्र प्रभारियों को केन्द्रों पर पर्याप्त मात्रा में भण्डारण स्थान सुनिश्चित करने तथा क्रय किये गए गेहूँ का भारतीय खाद्य निगम में नियमित रूप से प्रेषण किये जाने हेतु निर्देश दिए गए तथा जिन केन्द्रों पर भण्डारण स्थान अपेक्षाकृत कम है, ऐसे केन्द्रों को चिन्हित करते हुए कय किये गये गेहूँ के उठान हेतु विशेष ध्यान दिये जाने हेतु जिला खाद्य विपणन अधिकारी एवं सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहकारिता को निर्देशित किया गया। भारतीय खाद्य निगम के तकनीकी सहायक प्रथम द्वारा अवगत कराया गया कि 12 प्रतिशत से कम नमी का गेहूँ ही क्रय केन्द्रों पर खरीदा जायेगा। जिला खाद्य विपणन अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में पीसीएफ के 06 अन्य कय केन्द्र तथा कय संस्था एसएफसी के 05 क्रय केन्द्र जिलाधिकारी द्वारा अनुमोदित कर दिये गये है जिन्हे शीघ्र क्रियाशील कराये जाने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

# स्वाट सर्विलांस व हल्दौर पुलिस द्वारा हिस्ट्रीशीटर सहित दो बदमाशों को किया गिरफ्तार



बिजनौर, प्रात: किरण संवाददाता

अपराध व अपराधियों के विरुद्ध जिला पुलिस द्वारा चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल पर्यवेक्षण में बुधवार व गुरूवार की रात्रि को स्वाट/सर्विलांस व थाना हल्दौर पुलिस टीम द्वारा नूरपुर-बिजनौर रोड गोलबाग चैराहा के पास मुखबिर की सूचना पर चैकिंग के दौरान क्वीड कार लाल रंग न0 यूपी 30एएल 0424 को पुलिस द्वारा रोकने की कोशिश की गयी तो कार चालक ने पुलिस पार्टी को जान से मारने की नियत से उनके उपर गाडी चढाने का प्रयास किया। पुलिस पार्टी द्वारा सूझ-बूझ के साथ अपना बचाव किया तो उपरोक्त क्वीड कार डिवाइडर में टकरा गयी तथा उसके साथ चल रहे ट्रक न0 यूपी12टी1586 भी गोलबाग चैराहे के पास डिवाइडर से टकराकर रूक गया। पुलिस टीम द्वारा घेराबन्दी कर कार में चालक सीट पर बैठा व्यक्ति व ट्रक के चालक को हिरासत में लिया गया। हिरासत में लिये व्यक्तियों ने अपने नाम क्रमशः गुलशन पुत्र मौ0 आमिर निवासी ग्राम चितौडा थाना जानसठ जनपद मुजफ्फरनगर व प्रमोद सिंह पुत्र धर्मपाल सिंह निवासी ग्राम अलावलपुर नैनो थाना नजीबाबाद जनपद बिजनौर बताया। अभियुक्तों की जामा तलाशी में इनके कब्जे से 02 तमंचे 315 बोर मय 02 जिन्दा कारतूस, नम्बर प्लेट यूपी 12 टी 6740 व उसके कुछ कागजाद तथा 05 मोबाईल भिन्न-भिन्न कम्पनी के बरामद हुये। अभियुक्तों का अन्य एक साथी मोबीन पुत्र नामालूम निवासी बगारा थाना तितावी जनपद मुजफ्फरनगर अंधेरे का फायदा उठाकर कार से उतरकर भाग गया। इस सम्बन्ध में थाना हल्दौर पर मु0अ0सं0 107/22 धारा 307/420/ 411/414/465/482 भादवि बनाम पंजीकृत किया गया।

# इकरा पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया



स्योहारा, प्रात: किरण संवाददाता

इकरा पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षा फल घोषित किया गया जिसमें कक्षा एक से कक्षा पांच में तक प्रथम, द्वितीय व तृतीय आने वाले छात्रो को प्रबंधक द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

इकरा पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षा फल घोषित किया गया।इस मौके पर स्कूल में कक्षा एक में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र हुमेर, कक्षा दो रिजा परवीन, कक्षा तीन वंशिका, चार में मो.कैफ, पांच में फतीमा परवीन ने अपनी अपनी कक्षाओं को टॉप किया। प्रबंधक सदफ अहमद खान द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रबंधक सदफ अहमद ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बच्चों को और लगन के साथ पढ़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि जिन बच्चों ने आज प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया है वह आने वाली कक्षाओं को टॉप करें।

वहीं जिन बच्चों ने अच्छे अंक प्राप्त किए हैं परंतु स्कूल में प्रथम द्वितीय स्थान प्राप्त नहीं किया है वह और कड़ी मेहनत कर स्कूल में टॉपर बनने के लिए कड़ी मेहनत करें। इस मौके पर हाफिज अहमद अली, डा.सादिया खान, आयशा परवीन, अनुराधा सिंह, नीतू सैनी, पुष्पा सैनी आदि मौजूद रहे।

# कुंवर सत्यवीरा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट में कोलाबेरा कंपनी द्वारा 09 छात्र/छात्राओं का हुआ चयन

बिजनौर, प्रात: किरण संवाददाता



कुँवर सत्यवीरा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट बिजनौर में न्यू जर्सी की जानी मानी कंपनी कोलाबेरा ने रिक्रूटमेंट ड्राइव का आयोजन किया, यह कंपनी आइ टी० व प्रॉफेश्नल इन्फॉर्मेशन टेक्नालजी आदि क्षेत्र मे कार्य करती है जिसका एशिया पैसिफिक हैड क्वार्टर वडोदरा (गुजरात) मे स्थित है तथा अन्य ऑफिस यूनाइटेड स्टेट्स, फिलीपींस ,सिंगापुर,कनाडा, आयरलैंड व मलेशिया मे भी स्थित है , तथा कंपनी मे लगभग 4200 कर्मचारी कार्यरत है इस चयन प्रक्रिया मे उक्त कंपनी ने एनालिस्ट पद हेतु बी.टेक के कम्प्युटर साइन्स, इलैक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग, बायो-टेक्नोलॉजी इंजीनियरिंग, सिविल इंजीनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियर, विभाग के अंतिम वर्ष के छात्र छात्राओ का रिक्रूमेंट ड्राइव आयोजित की गई। सर्वप्रथम कंपनी की ओर से सोनू त्यागी (एच.आर कोलाबेरा), ग्रुप निदेशक उमेश गुप्ता व संस्था निदेशक प्रो. (डा.) स्वतन्त्र पोरवाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके ड्राइव का शुभारंभ किया।

इसके उपरांत कंपनी की ओर से सोनू त्यागी ने कंपनी जॉब प्रोफाइल के बारे में विस्तार से बताया तथा सामूहिक चर्चा और व्यक्तिगत साक्षात्कार के माध्यम से छात्रों का गुणवत्ता योग्यता के आधार पर चयन किया। इस ड्राइव मे कॉलेज के 100 छात्र छात्राओ ने भाग लिया, और उसके प्रथम राउंड को पार करते हुए 40 छात्र छात्राएं द्वितीय राउंड मे पहुचे तथा अंतिम राउंड के बाद कुल 09 छात्र छात्राओ का चयन किया गया, जिसमे कम्प्युटर साइन्स की तारिषि बिश्नोई, ऋषभ भटनागर, सोनू कुमार व इंशा परवीन, इलैक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के मो. अमान बायो-टेक्नोलॉजी इंजीनियरिंग की आइमन अमीन, सुरभि ढाका व तूलिका खन्ना और मैकेनिकल इंजीनियर के वैभव कुमार का चयन किया गया, जिनका सैलरी पैकेज 2.22 लाख प्रति वर्ष है तथा जॉब लोकेशन नोएडा है। संस्था सचिव कुंवर उदयन वीरा व कु० रुचिवीरा ने कहा कि यह हम सब के लिए बड़े ही गौरव की बात है कि हमारे छात्र व छात्राओ का चयन जानी मानी कंपनी कोलाबेरा मे हुआ है, इसके लिए कॉलेज निदेशक व उनकी पूरी टीम बधाई के पात्र है। इस अवसर पर संस्था के निदेशक प्रो. (डा.) स्वतन्त्र कुमार पोरवाल ने छात्रों का पथप्रदर्शन करते हुए कहा कि नियोजन की यह प्रक्रिया उसी क्रम मे आने वाले समय मे भी कॉलेज के द्वारा जारी रहेगी। ग्रुप निदेशक उमेश गुप्ता ने छात्र छात्राओ के उज्वल भविष्य की कामना की तदोपरांत संस्था के ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट ऑफिसर अंशिका पाठक व शैवी सोती ने कंपनी के सोनू त्यागी का आभार प्रकट करते हुए छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की कार्यक्रम को सफल बनाने मे समस्त विभागो के विभागाध्यक्ष, डॉ शुएब अली खान, एन पी एस भण्डारी ,सुनील भारद्वाज, राजीव कुमार आदि का विशेष योगदान रहा।

# एसपी ने दो पुलिसकर्मियों को सेवानिवृत्ति पर बधाई दी



बिजनौर, प्रात: किरण संवाददाता

गुरूवार को पुलिस लाइन के सभागार कक्ष में डॉ0 धर्मवीर सिंह, पुलिस अधीक्षक जनपद बिजनौर व डॉ0 प्रवीन रंजन सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक नगर द्वारा सेवानिवृत्त हुए 02 पुलिसकर्मियों आरक्षी रामरतन व आरक्षी नत्थुलाल को बधाई दी गयी। सर्वप्रथम सेवानिवृत्त पुलिस कर्मियों को फूल माला पहनाकर उपहार दिये गये तथा पुलिस विभाग में उनके द्वारा दिये गये महत्वपूर्ण योगदान व उत्कृष्ट कार्य हेतु सम्मानित किया गया। सेवानिवृत पुलिस कर्मियों से ड्यूटी के कार्यकाल के अनुभवों को साझा किया गया एवं उनकी कर्तव्य निष्ठा की सराहना की गयी ।

पुलिस विभाग इनकी इस सेवा के प्रति हृदय से आभारी है और इनके सेवानिवृत्त के पश्चात जीवन के सुखमय, मंगलमय एवं दीघार्यु होने की शुभकामनाएं दी गयी। सभी के उज्वल भविष्य एवं सेवानिवृत्त के उपरान्त स्वस्थ जीवन की कामना के साथ भावभीनी विदाई दी गयी । इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर व प्रतिसार निरीक्षक भी मौजूद रहें।

# डीजल, पेट्रोल व रसोई गैस के दामों में की जा रही बढ़ोतरी का कांग्रेस ने किया विरोध

बिजनौर, प्रात: किरण संवाददाता



गुरूवार को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय अध्यशा सोनिया गांधी के आवाहन पर जिला मुख्यालय पर बिजनौर शहर अध्यशा मीनू गोयल के आवास के बाहर केंद्र सरकार द्वारा दिन प्रतिदिन डीजल पेट्रोल रसोई गैस एलपीजी गैस के दामों में की जा रही बढ़ोत्तरी के विरोध में हाथों में नारे लिखी तख्तियां, खाली गैस सिलेंडर, बिना पेट्रोल की मोटर साइकिल पर माला डाल कर विरोध प्रदर्शन किया।ओर गैस सिलेंडर की आरती उतारी। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष मुनीश त्यागी एवं शहर अध्यशा मीनू गोयल ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार में मँहगाई आसमान छू रही है देश का हर नागरिक महंगाई की आर्थिक मार झेल रहा रसोई गैस गरीब मजदूर की रसोई से बहुत दूर है।भाजपा सरकार मात्र झूठे वादों की गरीब, मजदूर,किसान विरोधी सरकार है ऐसे जन विरोधी नाकरा प्रधानमंत्री को नैतिकता के आधार पर स्वंम अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष मुनीश त्यागी, बिजनौर शहर अध्यक्ष मीनू गोयल,जिला महासचिव नजाकत अल्वी,पूर्व मंत्री ओमवती देवी, आर के सिंह, हीरा देवी, वीरेश गहलौत,देवेन्द्र शर्मा,शिवप्रकाश बाल्मीकि, ज्ञानवती तोमर, कोमन सिंह, विमला शर्मा, आमोद कुमार शर्मा, अरमान, सोनू, अहसान, मिथुन, वसीम अहमद, साजिद, अंसार, दिनेश कुमार,राजवीर सिंह, समीर, नजमुल, विक्की भटनागर आदि कांग्रेस जन मौजूद रहे।

# तीन दिवसीय 93 वें उर्स मुबारक का शुभारंभ हुआ

नजीबाबाद। मौहल्ला पाईबाग स्थित बाबा नन्हें मियां के तीन दिवसीय 93वें उर्स मुबारक का शुभारंभ पूर्व चेयरमैन मुअज्जम खां एड. ने फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि नजीबाबाद सूफी संतों का गंगा जमुनी शहर है। उन्होंने बाबा नन्हें मियां को सादगी और अमन पसंद इंसान बताया। इस मौके पर उन्होंने मजार पर चादर पोशी करते हुए मुल्क में अमनो अमान के लिए दुआ की। बाबा हजरत नन्हे मियाँ रह० अलेह का 93वे सालाना उर्स मुबारक का आगाज 30 मार्च को हो गया। तीन रोजा इस उर्स में मजार पर चादरपोशी, कव्वालियों व लंगर का आयोजन किया गया। उर्स का एक अप्रैल की सुबह कुल शरीफ की दुआ के साथ समापन होगा। भाजपा के वरिष्ठ नेता व श्री महाकाली सेवा दल के अध्यक्ष कान्हा आकाश कर्णवाल व भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डाक्टर राजीव अरोड़ा ने भी नन्हें मियां के मजार पर पहुँचे और फूलों की चादर चढा कर मुल्क में अमनो अमान की दुआ की। इस मौके पर शाहबाज खान, कसीम अहमद एड, डा राजीव अरोड़ा, आकाश कान्हा कर्णवाल, डॉ नईम अख्तर सिद्दीकी, दिलशाद खा,इदरीस अब्बासी, चैधरी शराफत, सूफी नजाकत,अतीक अहमद, सूफी हसन आदि मौजूद थे।

# तरहई मिसरें पर निशस्त का आयोजन किया गया

नगीना, प्रात: किरण संवाददाता



नगर के मुहल्ला शाहजहीर स्थित सफीरउद्दीन के निवास स्थान पर अंजुमन उसूल ए अदब की ओर से सितमगर है न मानेगा खुशामद से न मिन्नत से, तरहई मिसरें पर निशस्त का आयोजन किया गया। जिसकी सदारत उमरदीन सहर ने की व निजामत मुहम्मद शाहिद ने की। निशस्त का आगाज असलम सादिक की नात ए पाक से हुआ।

गजलियात के दौर में इनाम मजीद शाद ने कहा-ना हो मायूस मिल जाएगी तुमको एक दिन मंजिल कदम अपने बढ़ाये जाओ यारों अपनी हिम्मत से। मुहम्मद असलम ने कहा- सदा अखलाक से दुश्मन पर फतह पाई है हमने दिलों को जीतते आये है हम लोगों मोहब्बत से। मुहम्मद अशरफ बिजनौरी ने कहा-मैं आसी हूं मगर मुझको यकी है जात उसकी मेरा अल्लाह मुझको बख्श देगा अपनी रहमत से। मुहम्मद शाहिद ने कहा-करम हम पर है उसका यह बड़ा एहसान है हम पर नवाजा है हमें अल्लाह ने इमां की दौलत से। मुहम्मद यासीन रहबर ने कहा-मेरे अपने कभी जो आगे पीछे मेरे फिरते थे मुझे अब मुफलिसी में देखते है वो हिकारत से,। अनीस अहमद तिश्ना ने कहा-मैं गुरबत में भी लोगों की नजर से यूं नहीं उतराध अभी वाकिफ नहीं है लोग शायद मेरी गुरबत से, ।कारी असलम सादिक ने कहा-ृपड़ेगा उसको समझाना उसी की तर्ज पर सादिकध्सितमगर है ना मानेगा खुशामद से न मिन्नत से,।

मौलवी इकरार साहिल ने कहा-दुआये उसकी साया बनकर मेरे साथ रहती हैध हुआ है फैज ए साहिल मुझे ये मां की खिदमत से,।

शकील अहमद आदिल ने कहा-कभी आते हो तो जाने की जल्दी साथ लाते हो। किसी दिन तो हमारे पास आ जाओ तुम फुर्सत से, ।उमरदीन सहर ने कहा-ृवो जब चाहे तकब्बूर खाक में तेरा मिला डालेध्सितमगर तू अभी वाकिफ नहीं उसकी ताकत से, ।देर रात तक चली इस निशस्त में शायरों ने अपना कलाम सुनकर जमकर वाहवाही लूटी ।ईद के बाद इस तरहई मिसरें-ृए सनम ऐ सनम ऐ सनम,पर निशस्त का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर मास्टर मुहम्मद हनीफ, अनीस,मुहम्मद ताहिर,गुड्डु ,मुबीन,हसनैन लड्डन, वकार अहमद, जुल्फिकार अहमद,बाबू खुर्शीद अहमद, फय्याज,अनीस अहमद,सईद अहमद आदि की मौजूदगी रही।

# नगर की फल मंडी को शहर से बाहर स्थान्तरित करने को ज्ञापन दिया



धामपुर। नगर की फल मंडी को शहर से बाहर स्थान्तरित करने को ज्ञापन दिया गया। बृहस्पतिवार को गणेश चैथ समिति के संरक्षक विजय जैन ने जिला अधिकारी के नाम उप जिलाधिकारी धामपुर को ज्ञापन देकर अवगत कराया कि मछली बाजार जो अत्यधिक आबादी वाला क्षेत्र है वहा पर फल मंडी लगती आ रही है जिससे प्रातः के समय अत्यधिक जाम की स्थिति बनी रहती है शोर शराबा व भीड़ बहुत होती है बड़ी बड़ी गाड़ियों का आवागमन रहता है जिससे आने जाने वालों को एव स्कूल के बच्चों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है आये दिन भीड़ का फायदा उठाकर कुछ शरारती तत्व युवतियों से छेड़छाड़ करते रहते है तथा इस समय कोरोना महामारी का समय चल रहा है विजय जैन ने मांग की फल मंडी को शहर से बाहर स्थान्तरित कराने की मांग की है।

# बंद पड़ी फैक्ट्री में अचानक आग लगने से मची अफरातफरी



नजीबाबाद, प्रात: किरण संवाददाता

बूंदकी मार्ग स्थित बंद पड़ी थम्सअप फैक्ट्री मे अचानक आग लगने से अफरा तफरी मच गई। सूचना देने के काफी देर बाद पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने बड़ मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। बुधवार की रात बूंदकी मार्ग स्थित थम्सअप फैक्ट्री में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने भयंकर रूप धारण कर लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने फायरबिग्रेड को सूचना देते हुए स्थानीय लोगो की मदद से आग बुझाने के प्रयास शुरू किये। सूचना के काफी देर बाद पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने घंटो की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। फैक्ट्री के पास ही गन्ना सोसाईटी है और आसपास कालोनी में लोग रहते है। आग लगने से आसपास के लोगो में अफरा तफरी का माहौल बना रहा। आग क्यों और कैसे लगी इसका सही कारण पता नहीं लग पाया।

# महाराजा भगीरथ स्मृति समारोह का आयोजन 8 को

बिजनौर। सैनी धर्मशाला कमेटी गंज बिजनौर के तत्वावधान में 8 अप्रैल 2022 दिन शुक्रवार को महाराजा भगीरथ स्मृति समारोह का आयोजन किया जा रहा है। सैनी धर्मशाला दारानगर गंज में होने वाले महाराजा भागीरथ स्मृति समारोह में मुख्य अतिथि नूरपुर विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायक राम अवतार सैनी होंगे। जबकि निवर्तमान विधायक चांदपुर कमलेश सैनी इंजीनियर आर पी सिंह कुशवाहा चंद्रपाल सैनी और देवेंद्र सिंह सैनी दिल्ली विशिष्ट अतिथि होंगे उक्त जानकारी देते हुए सैनी सभा के कार्यवाहक जिला अध्यक्ष कल्याण सिंह सैनी निजामत पुरा ने बताया कि 8 अप्रैल 2022 दिन शुक्रवार को सैनी धर्मशाला गंज में प्रातः 11 बजे अपने अतिथियों का सम्मान होगा तथा उसके बाद एक विचार गोष्ठी महाराजा भगीरथ स्मृति दिवस के अवसर पर होगी श्री सैनी ने सैनी समाज के सभी लोगों का आवाहन किया है कि वे 8 अप्रैल को गंज सैनी धर्मशाला पहुंचकर समारोह को सफल बनाएं।

# बाबा नन्हे मियां शाह चिश्ती के तीन दिवसीय उर्स का आयोजन हुआ



नजीबाबाद, प्रात: किरण संवाददाता

बीती रात मोहल्ला पाईं बाग में स्थित बाबा नन्हे मियां शाह चिश्ती के मजार पर तीन दिवसीय उर्स का आगाज पूर्व चेयरमैन मौ०मुअज्जम खां ने फीता काट कर किया तत्पश्चात उन्होंने मजार पर चादर पोशी की और दुआऐं मांगी ।मजार के पगड़ी बंद कव्वाल पूंडरी कलां निवासी जफर रजा और साथियों ने कलाम पेश करके बाकायदा उर्स का आगाज किया। कव्वालियों के प्रोग्राम में स्थानीय श्रद्धालुओं के अलावा आस पास के श्रद्धालु भी काफी संख्या में मौजूद थे। इस अवसर पर मजार के सज्जादा डा०नईम सिद्दीकी ने बताया कि बच्चों के इम्तिहान होने की वजह से प्रशासन ने रात बारह बजे तक ही शांतिपूर्ण तरीके से प्रोग्राम करने की अनुमति दी है जिसकी वजह से श्रोता देर रात तक कव्वालियों का आनंद नही ले सकेंगे। दरगाह कमेटी के इदरीस अब्बासी,मौ० दिलशाद,मौ०राशिद, सूफी नजाकत, चैधरी शराफत ने बताया कि उन्होंने अपनी ओर से तमाम तैयारी की थी लेकिन प्रशासन के आदेशानुसार ही उन्हें प्रोग्राम करना है।

# प्राथमिक विद्यालय बिश्नोई सराय द्वितीय नगर क्षेत्र में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया

नगीना, प्रात: किरण संवाददाता



प्राथमिक विद्यालय बिश्नोई सराय द्वितीय नगर क्षेत्र नगीना में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। और कक्षा एक से पांच तक प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया गिफ्ट पाकर बच्चो के चेहरे खिल उठे। प्रधानाचार्य मनीष कुमार व मुख्य अतिथि पूर्व चेयरमैन प्रभातचन्द गुप्ता ने बच्चों से प्रतिदिन विद्यालय आने व मन लगाकर पढ़ने की अपील की।

नगीना नगर क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय बिश्नोई सराय द्वितीय का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य मनीष कुमार व मुख्य अतिथि पूर्व चेयरमैन प्रभात चंद गुप्ता ने कक्षा पांच की नूर अफ्शा को कक्षा में प्रथम,शहनाज को द्वितीय व चांदनी तृतीय कक्षा 4 में रुही नाज के प्रथम सादिका द्वितीय व अयान के तृतीय स्थान प्राप्त करने कक्षा तीन में आएशा के प्रथम मन्तशा के द्वितीय व कौसर अब्बास व अमान के तृतीय आने कक्षा दो में मरियम के प्रथम अल फिजा के द्वितीय तथा नरगिस जहाँ के तृतीय आने तथा कक्षा एक के अवैस के प्रथम जोया के द्वितीय तथा कशिश व अश्मीरा के तृतीय स्थान प्राप्त करने पर पारितोषिक देकर सम्मानित किया। इस मौके पर पूर्व चेयरमैन प्रभात चंद गुप्ता ने सभी बच्चों से पढ़ लिख कर माता पिता व नगर का नाम रोशन करने व प्रतिदिन विद्यालय आने की अपील की इस मौके पर अभिभावक मौजूद रहे। गिफ्ट के रूप में घड़ी,लंच बॉक्स पेंसिल बॉक्स व पेंसिल प्राप्त कर बच्चों के चेहरे खिल उठे।

# प्रजातंत्र की यह है पुकार: मजबूत प्रतिपक्ष की दरकार....

आज भारत का प्रजातंत्र एक अजीब परेशानी के दौर से गुजर रहा है, प्रजातंत्र की पहली और मुख्य दरकार मजबूत प्रतिपक्ष है और हमारे देश पर मौजूदा काबिज सरकार प्रतिपक्ष चाहती ही नही? सबसे बड़ा मजाक तो यह है कि देश पर राज कर रही भारतीय जनता पार्टी के ही पूर्व अध्यक्ष और मौजूदा केन्द्रीय मंत्री इस मुद्दे पर एकमत नहीं है, पूर्व पार्टी अध्यक्ष और केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह जहां इस देश को कांग्रेस मुक्त बनाने की वकालत कर रहे है, तो दूसरे पूर्व अध्यक्ष व केन्द्रीय परिवहन मंत्री नितिन गड़करी कांग्रेस को मजबूत व सशक्त होने की आवश्यकता प्रतिपादित कर रहे है। अब इन दोनों पूर्व पार्टी अध्यक्षों के तर्कों को गहराई से समझा जाए तो गड़करी जी के तर्क अधिक सही व प्रजातांत्रिक पद्धति के अनुकूल लगते है, जबकि अमित शाह प्रधानमंत्री जी की भावना अनुरूप बयानबाजी कर रहे है। हमारे देश के आदिकवि भी यही भावना बरसों पहले व्यक्त कर चुके है, उन्होंने कहा है- निन्दक नियरे राखिये, आंगन कुटि छबाय, बिन पानी साबुन बिना निर्मल करे सुभाय अर्थात यदि नेतृत्व के आसपास सभी जी-हजूरी वाले लोग होंगे तो बेहतर प्रजातंत्र का पोषण नहीं हो सकता, जब तक निन्दक (प्रतिपक्ष) मजबूती से सामने न खड़ा हो तब तक नेतृत्व की गलती या कमजोरी कौन बताएगा, निन्दक तो बिना पानी व साबुन के मन-मस्तिष्क को निर्मल बना सकता है। प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र भाई मोदी तो अपने पहले राजतिलक के पहले से ही भारत को कांग्रेस विहीन बनाने कि सपना संजोये हुए है और इसे उनका सौभाग्य कहा जाए या देश के प्रजातंत्र का दुर्भाग्य कि कांग्रेस मोदी जी के प्रयासों से नहीं अपने स्वयं के कृत्यों से खत्म होती जा रही है और देश के सबसे प्राचीन और वयोवृद्ध इस राजनीतिक दल के अलावा देश में वर्तमान में कोई ऐसा राजनीतिक दल नहीं है, जो कांग्रेस की जगह ले सके? और प्रजातांत्रिक पद्धति में विश्वास रखने वाले श्री गड़करी यदि कांग्रेस की मौजूदा स्थिति पर चिंता व्यक्त कर रहे है तो वह कतई गलत नहीं है। आज यदि कांग्रेस अपने दुर्दिन के दौर से गुजर रही है तो उसके लिए और कोई नहीं, सिर्फ और सिर्फ कांग्रेस का मौजूदा नेतृत्व ही जिम्मेदार है, क्योंकि पार्टी का नेतृत्व कर रहे दोनों माँ-बेटे अनुभवहीन है और फिर इन दोनों ने पार्टी के अन्य वरिष्ठों को दरकिनार कर रखा है, ऐसी स्थिति में कांग्रेस को बचाये तो आखिर कौन? कांग्रेस का जो इतिहास रहा है, उसका भी माँ-बेटे को ज्ञान नहीं है, इस पार्टी का इतिहास रहा है कि पार्टी अध्यक्ष कोई भी हो, इसका वास्तविक नेतृत्व गांधी-नेहरू परिवार करता रहा है, पिछली शताब्दी के अनेक ऐसे उदाहरण रहे है जब पार्टी अध्यक्ष पद पर सीताराम केसरी व अन्य नेतागण रहे है, किंतु पार्टी की वास्तविक बागडोर गांधी-नेहरू परिवार के हाथों में ही रही, जिस पार्टी का ऐसा इतिहास रहा हो, उस पार्टी की मौजूदा अध्यक्ष इस्तीफा देने का नाटक क्यों कर रही है? अब इस स्थिति पर क्या कहा जाए, एक ओर जहां दो केन्द्रीय मंत्री सत्ता व प्रजातंत्र को अलग-अलग नजरिये से देखकर उसे कांग्रेस की तराजू पर तोल रहे है, वहीं स्वयं तराजू बनी कांग्रेस को स्वयं अपने पलड़े के झुकाव का अनुमान नहीं है? और इससे बड़ा आज का कटु सत्य क्या होगा कि कांग्रेस की चिंता स्वयं पार्टी नेतृत्व व उनके अनुयायियों को उतनी नहीं है, जितनी कि सत्ता से जुड़े प्रतिपक्षी दल के प्रजातंत्र प्रेमी नेता को? अब ऐसे में मौजूदा प्रतिपक्ष विहीन भारत के लिए किसे सही अर्थों में दोषी माना जाए? अब तो देश के जागरूक नागरिकों की सबसे बड़ी और अहम चिंता ही यही है कि प्रतिपक्ष विहीन देश में प्रजातंत्र जीवित रह भी पाएगा या नहीं? क्योंकि अभ्ज्ञी तक का यह इतिहास रहा है कि अंकुश विहीन हाथी पगला जाता है और प्रतिपक्ष विहीन शासक तानाशाह या डिक्टेटर हो जाता है। यही आज भारत की

# रोजगार नहीं तो जीवन कैसे

देवन प्रसाद राय



हममें से प्रत्येक को किसी न किसी स्तर पर अपना जीवनयापन करने के लिये जीविकोपार्जन का साधन चुनना पड़ता है। व्यापार का क्षेत्र, स्वरोजगार तथा सवेतन रोजगार के अनगिनत अवसर प्रदान करता है। आज स्वरोजगार, बेरोजगारी दूर करने का एक अति उत्तम विकल्प है जिससे देश की उन्नति भी होती है। स्वयं के लिये कार्य करना अपने आप में एक चुनौती तथा प्रसन्नता है। रोजगार हर जीवित व्यक्ति के लिए आवश्यक है क्योंकि बिना रोजगार के लोग अपने सपनों के करीब नहीं पहुंच सकते हैं। जीवन के शौक और शोहरत से वंचित रह जाते हैं। कई ख्वाहिशें अधूरी रह जाती हैं, सपने टूट जाते हैं। अपने सपने तो टूटते ही हैं लेकिन साथ-साथ माता-पिता, भाई-बहन और रिलेटिव के भी सपने टूट जाते हैं जो कि व्यक्ति के बेरोजगारी पर देखी जा सकती है। जिस प्रकार से सभी व्यक्ति के लिए कपड़े, रोटी और मकान की आवश्यकता होती है उसी प्रकार से हर व्यक्ति को रोजगार की आवश्यकता होती है। बिना रोजगार के कपड़े, रोटी, मकान प्राप्त करने में काफी कठिनाई होती है, बिना रोजगार के कई चीजों से वंचित रह जायेंगे। जीवन में वह प्राप्त नहीं कर सकते हैं। बेरोजगारी सबसे बड़ा मुद्दा है। युवा शिक्षा पूरी करने के बाद भी रोजगार के लिए दर-दर भटक रहे हैं। नेता किसी भी पार्टी का हो युवाओं की शिक्षा पूरी होने के बाद प्रतिभा के अनुसार रोजगार सुनिश्चित करने का काम करे। आज बेरोजगारी की समस्या विकसित एवं अल्पविकसित दोनों प्रकार की अर्थव्यवस्थाओं की प्रमुख समस्या बनती जा रही है। भारत जैसी अल्पविकसित अर्थव्यवस्था में तो यह विस्फोटक रूप धारण किये हुये है। भारत में इसका प्रमुख कारण जनसंख्या वृद्धि, पूंजी की कमी आदि है। यह समस्या आधुनिक समय में युवा वर्ग के लिये घोर निराशा का कारण बनी हुई है। बेरोजगारी एक विश्वव्यापी समस्या है। बेरोजगारी भारत में आधुनिक समय में एक सबसे बड़ी समस्या के रूप में उभर रही है। बेरोजगारी का तात्पर्य उस अवस्था से होता है जब कार्य करने योग्य व्यक्ति जो कि कार्य करने हेतु तत्पर हैं किन्तु उन्हें कोई रोजगार नहीं मिल पाता ताकि उन्हें नियमित आय प्राप्त हो। बेरोजगारी की समस्या अल्पविकसित देशों में ही नहीं अपितु विकसित देशों में यहां दृष्टिगोचर होती है किन्तु इसकी प्रकृति अल्पविकसित देशों में विकसित देशों की तुलना से भिन्न होती है। इस दृष्टि से भारत एक अल्पविकसित अर्थव्यवस्था है। अल्पविकसित अर्थव्यवस्था में यह समस्या जनसंख्या वृद्धि, पूंजी की कमी, उत्पादक व्यवसायों की कमी, आगतों की कमी, शिक्षा की कमी इत्यादि के कारण उत्पन्न होती है। भारत में तो वैसे ही जनसंख्या वृद्धि भंयकर रूप धारण किये हुए है जोकि बेरोजगारी का एक मूल कारण है क्योंकि सरकार अभी विभिन्न व्यवसायों की योजना रोजगार वृद्धि हेतु बना ही पाती औश्र उसकी तुलना में जनसंख्या बढ़ जाती है। भारत एक विशाल जनसंख्या वाला राष्ट्र है. जनसंख्या जितनी तेजी से विकास कर रही है, व्यक्तियों का आर्थिक स्तर और रोजगार के अवसर उतनी ही तेज गति से गिरते जा रहे हैं। भारत जैसे विकासशील राष्ट्र के लिए यह संभव नहीं है कि वह इतनी बड़ी जनसंख्या को रोजगार दिलवा सके। रोजगार की तलाश में दिन-रात एक कर रहे व्यक्तियों की संख्या, साधनों और उपलब्ध अवसरों की संख्या से कहीं अधिक है। यही कारण है कि आज भी अधिकांश युवा बेरोजगारी में ही जीवन व्यतीत करने के लिए विवश हैंबेरोजगारी से जुड़ा मसला केवल बढ़ती जनसंख्या तक ही सीमित नहीं है। हमारी व्यवस्था और उसमें व्याप्त कमियां भी इसके लिए प्रमुख रूप से उत्तरदायी हैं। भ्रष्टाचार ऐसी ही एक सामाजिक और नैतिक बुराई है, जिसका अनुसरण हमारी सरकारें और व्यवस्था बिना किसी हिंचक के करती हैं। पैसे के एवज में अवसरों की दलाली करना या भाई-भतीजावाद के फेर में पड़ते हुए अपने संबंधियों को स्थान उपलब्ध करवाना कोई नई बात नहीं, बल्कि हमारी सोसाइटी की एक परंपरा है। जिसका कुप्रभाव योग्य व्यक्तियों और उनकी काबिलियत पर पड़ता हैं। परिणामस्वरूप कई युवा विवश होकर अपने परिवार के लिए अनैतिक कृत्यों में लिप्त हो जाते हैं दोषपूर्ण शिक्षा प्रणाली स्वतंत्रता के पश्चात शिक्षा का अधिक विस्तार हुआ है और यह शिक्षा मुख्यतः पुस्तकीय है। अतः इस शिक्षा को प्राप्त कर शिक्षितों में किसी व्यवसाय अथवा व्यापार करने की क्षमता नहीं है। ये केवल सरकारी नौकरी चाहते हैं। ये शारीरिक श्रम नहीं करना चाहते हैं। अनुमानतः प्रतिवर्ष ऐसे दस लाख लोग बेकारों की संख्या में सम्मिलित हो जाते हैं। आवश्यकता यह है कि शिक्षा को रोजगारपरक बनाया जाए, जिससे बेरोजगारों की संख्या को नियंत्रित किया जा सके। ये बेरोजगार लोग समाज में अशांति पैदा कर रहे हैं।

# कौन कर रहा डाक्टरों को खुदकुशी के लिए बाध्य

**अगर यह नहीं किया गया तो डाक्टर बनने से पहले नौजवान सौ–सौ बार सोचेंगे। जान लें कि दौसा में डॉ. अर्चना शर्मा और उनके पति डॉ. सुनीत उपाध्याय का उस इलाके का एक प्रतिष्ठित आनंद अस्पताल है। कुछ दिन पहले उनके पास लालूराम बैरवा नाम का एक शख्स अपनी पत्नी आशा देवी (22) को डिलीवरी के लिए सुबह अस्पताल आया। डिलीवरी के दौरान प्रसुता (आशा देवी) की मौत हो गई, वहीं नवजात सकुशल है। यह एक सामान्य सी प्रसव पीड़ा के दौरान मृत्यु की घटना है कअब शुरू हुआ हंगामा। आशा देवी की मौत के बाद उसके घरवालों ने मुआवजे की मांग को लेकर अस्पताल के बाहर जमकर बवाल काटा। गुस्साए घरवालों ने स्थानीय छुटभैये नेताओं का दबाव बनाकर डॉ. अर्चना शर्मा के खिलाफ हत्या का मामला पुलिस में दर्ज करवा दिया। पुलिस ने इस केस को हत्या के मामल के रूप में दर्ज भी कर लिया। इससे वह महिला चिकित्सा बुरी तरह से घबरा गई और उन्होंने खुदकुशी ही कर ली। महिला डॉक्टर की आत्महत्या के मामले को लेकर राजस्थान के सभी डॉक्टरों ने हड़ताल भी की।**





**आर.के. सिन्हा**
**लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं**

राजस्थान के दौसा जिले में एक महिला डॉक्टर का आत्महत्या करना चीख-चीख कर इस चिंता की पुष्टि कर रहा है कि अब वक्त आ गया है कि देश के डाक्टरों को भी तो बचाया जाए। अगर यह नहीं किया गया तो डाक्टर बनने से पहले नौजवान सौ-सौ बार सोचेंगे। जान लें कि दौसा में डॉ.अर्चना शर्मा और उनके पति डॉ सुनीत उपाध्याय का उस इलाके का एक प्रतिष्ठित आनंद अस्पताल है। कुछ दिन पहले उनके पास लालूराम बैरवा नाम का एक शख्स अपनी पत्नी आशा देवी (22) को डिलीवरी के लिए सुबह अस्पताल आया।

डिलीवरी के दौरान प्रसुता (आशा देवी) की मौत हो गई, वहीं नवजात सकुशल है। यह एक सामान्य सी प्रसव पीड़ा के दौरान मृत्यु की घटना है क अब शुरू हुआ हंगामा। आशा देवी की मौत के बाद उसके घरवालों ने मुआवजे की मांग को लेकर अस्पताल के बाहर जमकर बवाल काटा। गुस्साए घरवालों ने स्थानीय छुटभैये नेताओं का दबाव बनाकर डॉ.अर्चना शर्मा के खिलाफ हत्या का मामला पुलिस में दर्ज करवा दिया। पुलिस ने इस केस को हत्या के मामल के रूप में दर्ज भी कर लिया। इससे वह महिला चिकित्सा बुरी तरह से घबरा गई और उन्होंने खुदकुशी ही कर ली। महिला डॉक्टर की आत्महत्या के मामले को लेकर राजस्थान के सभी डॉक्टरों ने हड़ताल भी की।

दौसा से मिल रही खबरों के अनुसार, असामाजिक एवं अराजक तत्वों के अनैतिक दबाव के कारण ही डॉक्टर ने आत्महत्या की है। यह बेहद दुःखद मामला है। डॉ.अर्चना शर्मा का इन हालातों में संसार से चले जाना दिल दहलाने वाला है। वह बेहद मेधावी मेडिकल की छात्रा रही थीं। जब बहुत से डाक्टर सिर्फ बड़े शहरों तथा महानगरों में ही नौकरी या प्रैक्टिस करना चाहते हैं, तो वह जयपुर से 70 किलोमीटर दूर एक छोटे से कस्बे में अपने पति के साथ प्रैक्टिस कर रही थी। दौसा के लोगों के लिए हर वक्त उपलब्ध रहती थी। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष डॉ. विनय अग्रवाल ने मुझे बताया कि डा.अर्चना शर्मा गांधीनगर मेडिकल कॉलेज में एसोसिएट प्रोफेसर भी रही थीं। वह मानती थीं कि हरेक डाक्टर की जिम्मेदारी है कि वह देश के ग्रामीण इलाकों में रहने वालों की भी सेवा करे। डॉ.अर्चना शर्मा से जुड़े केस से हटकर भी बात करें तो अचानक से अब रोगियों के संबंधी और दोस्त बात-बात पर डाक्टरों की ठुकाई करने लगते हैं। वे यह भूल जाते हैं कि डाक्टर सिर्फ रोगी को ठीक करने का प्रयास भर कर सकता है।

वह कोई भगवान नहीं है। पर डाक्टरों और आम जन के बीच में अविश्वास की खाई गहरी ही होती जा रही है। पिछले कुछ वर्षों से इस तरह की खबरें मीडिया की सुर्खियां बन रही हैं जब रोगी के परिचितों ने डाक्टरों के हाथ- पैर तोड़ दिए। आप अगर कभी राजधानी के राम मनोहर लोहिया अस्पताल में जाएं तो वहां पर आपको बलिष्ठ भुजाओं वाले बहुत से बाउंसर अलग-अलग जगहों पर खड़े हुए मिल जाते हैं। इनकी यहां पर तैनाती की वजह पूछने पर पता चला कि यहां पर डाक्टरों पर लगातार होने वाले हमलों को देखते हुए अस्पताल मैनेजमेंट की तरफ से उन्हें तैनात किया गया है। ये दिन-रात यहां रहते हैं। याद रख लें कि अगर डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भी डाक्टर सुरक्षित नहीं हैं तो फिर बाकी जगहों की बात करना बेकार है। राम मनोहर लोहिया अस्पताल में सरकारी बाबुओं से लेकर देश के सांसदों और मंत्रियों तक का इलाज होता है। कोरोना काल में यहां के डाक्टरों ने अनगिनत लोगों की जानें बचाई थीं। डाक्टरों के साथ बदतमीजी या मारपीट करना किसी भी सभ्य समाज में सही नहीं माना जा सकता । इसकी घोर निंदा सर्वत्र होनी ही चाहिए और जो इस तरह की अक्षम्य हरकतें करते हैं उन्हें कठोर दंड भी मिलना चाहिए। अब भी देशभर में लाखों की संख्या में निष्ठावान डाक्टर हैं। वे रोगी का पूरे मन से इलाज करके उन्हें स्वस्थ करते हैं।

यह सोच सिरे से गलत है कि सभी डाक्टर लूटते ही हैं। इस तरह की मानसिकता के कारण ही डाक्टर और रोगी अब आमने-सामने हैं। इनके संबंधों में पहले वाली प्रेम और सम्मान नजर नहीं आता। आपको पटना से लेकर लखनऊ और दिल्ली से मुंबई समेत देश के हरेक शहर और गांव में सुबह से देर रात तक कड़ी मेहनत करते डाक्टर मिल जाएंगे। यह कोई बहुत पुरानी बात नहीं है जब देशभर के डाक्टरों, नर्सों और अन्य मेडिकल स्टाफ ने कोरोना वायरस को मात देने के लिए अपने प्राणों को भी दाव पर लगा दिया था। जरा सोचिए कि उस भयावह दौर में अगर ऐसे सेवा भावी डाक्टर और नर्स भी हमारे साथ न होते तो क्या होता। वैसे डाक्टरों पर कातिलाना हमलों का इतिहास पुराना है। राजधानी दिल्ली के करोल बाग में डॉ.एन.सी.जोशी का 1947 में कत्ल कर दिया गया था जब वे दिल्ली में भड़के दंगों के घायलों का इलाज कर रहे थे। राजधानी में उनके नाम पर एक अस्पताल भी है। यह याद रखा जाएगा कि ये डाक्टर कोरोना काल में देश की जनता के लिये फश्तिे बनकर आए थे।

कोरोना की दूसरी लहर को प्रलय जैसी स्थिति कहा जा सकता है। तब भी ये हमारे करीब खड़े थे। हमने इन्हें देखा-पहचाना था। ये अपना फर्ज निभा रहे हैं। कोरोना की दूसरी लहर के असर के कारण देशभर के अस्पताल एक अदद बेड से लेकर आक्सीजन, दवाओं वगैरह के लिए कराहने लगे थे। तब ये डाक्टर ही हमारे लिये उम्मीद की किरण के रूप में खड़े हुए थे।। ये दिन-रात रोगियों को बेड दिलवा रहे थे।

ये रोगियों के संबंधियों से फोन और वाट्सएप पर बातें कर रहे थे और करवा भी रहे थे । उन्हें उनके रोगी का ठीक होने का वादा-भरोसा दे रहे थे। उनका वाट्स एप स्टेटस चेक करिए। वे रात के दो बजे भी आन लाइन थे और सुबह पांच बजे भी। अब जब कोरोना के बाद जिंदगी फिर से पहले की तरह पटरी पर वापस लौटने लगी है तो क्या हम इन्हें खुदखुशी करने के लिए बाध्य करेंगे। यही तो दौसा की डॉ. अर्चना के साथ हुआ। वह भी चाहती तो अपने पति के साथ किसी बड़े शहर में चैन से जिंदगी गुजार सकती थी। यह न भूला जाए कि हरेक समाज और पेशे में कुछ धूर्त तो होते ही हैं। पर वे बहुमत में कभी नहीं होते। बहुमत सज्जनों और डॉ. अर्चना शर्मा जैसों का ही होता है। इनके प्रति समाज को कृतज्ञता का भाव तो रखना होगा ही। अब देखना यह है कि अशोक गहलौत की कांग्रेसी सरकार डॉ. अर्चना शर्मा को खुदकुशी करने के लिये उकसाने वालों पर क्या कारवाई करती है।

# आम आदमी पार्टी की नजर अब हिमाचल पर

**आम आदमी पार्टी पूरी ईमानदारी से हिमाचल पर विजय पाने की सोच रही है। यही नहीं गुजरात में भी आम आदमी पार्टी अपनी सरकार बनाना चाहती है। आम आदमी पार्टी के संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अपनी दस साल पुरानी पार्टी को लेकर बहुत आशावान हैं। उनका सीधा लक्ष्य हरियाणा, हिमाचल में अपनी सरकार बनाना है। पंजाब की सफलता को वह हिमाचल के आने वाले चुनावों में भी दोहराना चाहते हैं। हिमाचल ऐसा पहाड़ी राज्य है जहां पर अधिकतर दो पार्टियां ही चुनाव लड़ती आ रही हैं। हालांकि भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस से निष्काषित या अप्रसन्न नेताओं ने अपने–अपने दल गठित कर चुनाव भी लड़ा, लेकिन जीत नहीं पाए। उनमें मंडी के पंडित सुखराम, जो केंद्र में कांग्रेस सरकार में मंत्री भी रहे और विवादों से घिरे भी रहे, ने अपनी पार्टी का गठन किया जिसका नाम था हिमाचल विकास कांग्रेस।**





**रमेश पठानिया**
**लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं**

पंजाब के विधानसभा चुनावों में अभूतपूर्व विजय प्राप्त करने के बाद आम आदमी पार्टी की नजर अब पड़ोसी राज्य हिमाचल पर आ टिकी है। आम आदमी पार्टी पूरी ईमानदारी से हिमाचल पर विजय पाने की सोच रही है। यही नहीं गुजरात में भी आम आदमी पार्टी अपनी सरकार बनाना चाहती है। आम आदमी पार्टी के संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अपनी दस साल पुरानी पार्टी को लेकर बहुत आशावान हैं। उनका सीधा लक्ष्य हरियाणा, हिमाचल में अपनी सरकार बनाना है। पंजाब की सफलता को वह हिमाचल के आने वाले चुनावों में भी दोहराना चाहते हैं।

हिमाचल ऐसा पहाड़ी राज्य है जहां पर अधिकतर दो पार्टियां ही चुनाव लड़ती आ रही हैं। हालांकि भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस से निष्काषित या अप्रसन्न नेताओं ने अपने-अपने दल गठित कर चुनाव भी लड़ा, लेकिन जीत नहीं पाए। उनमें मंडी के पंडित सुखराम, जो केंद्र में कांग्रेस सरकार में मंत्री भी रहे और विवादों से घिरे भी रहे, ने अपनी पार्टी का गठन किया जिसका नाम था हिमाचल विकास कांग्रेस। वर्ष 1998 में गठित इस पार्टी ने चुनाव लड़ा और पंडित सुखराम ही जीत पाए और पार्टी हार गई। कुल्लू के राजा महेश्वर सिंह ने भी 2012 में हिमाचल लोकहित पार्टी का गठन किया, चुनाव लड़ा और फिर पार्टी को 2016 में भंग कर दिया और भारतीय जनता पार्टी में लौट आए। कांगड़ा के राजन सुशांत भी भारतीय जनता पार्टी से पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के कारण निष्कासित किए गए। उन्होंने भी अपना एक दल बनाया, लेकिन सफलता नहीं मिली।

बहुत से लोगों का मानना है कि हिमाचल में केवल दो पार्टी सिस्टम है। पांच साल एक पार्टी सरकार में रहेगी और पांच साल दूसरी पार्टी। कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी पांच-पांच साल सत्ता में रहती हैं। लेकिन इस बार यह स्थिति बदल सकती है। उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, गोवा और मणिपुर में फिर से भारतीय जनता पार्टी की सरकारें बहुमत से बनी हैं। हिमाचल के कर्मठ और लोकप्रिय मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर का यह भरसक प्रयास रहेगा कि उन्हें फिर से हिमाचल की जनता का विश्वास प्राप्त हो, भले ही उन्हें कुछ समय पूर्व हुए उपचुनावों में कोई भी सफलता नहीं मिली हो। उपचुनावों की हार के बाद उन्होंने विकास कार्यों को बड़ी गंभीरता से लिया है।

भले ही कोरोना काल के लगभग दो वर्ष के समय में सरकार कोरोना से निपटती रही और विकास कार्यों की तरफ ध्यान नहीं दे पाई, लेकिन मंडी में 27 दिसंबर 2021 को हुई बड़ी रैली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनता को विश्वास दिलाया कि हिमाचल की प्रगति में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी जाएगी। इसका सीधा इशारा यह भी था कि मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर को जो भी मदद केंद्र से चाहिए, दी जाएगी। उधर आम आदमी पार्टी ने कुछ समय पूर्व दिल्ली के अपने स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन को हिमाचल भी भेजा।

उन्होंने प्रेस वार्ता कर यह सर्वविदित किया कि आम आदमी पार्टी हिमाचल में चुनाव लड़ेगी। पार्टी ने हिमाचल के लिए सदस्यता अभियान भी शुरू किया और कुछ लोग पार्टी में शामिल होने के लिए दिल्ली भी आए। आम आदमी पार्टी के दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने यह कहा है कि जितनी ताकत से उन्होंने पंजाब में चुनाव लड़ा है, उतने ही जोश के साथ वह हिमाचल और गुजरात में चुनाव लड़ेंगे। हिमाचल एक छोटा राज्य है, लेकिन पहाड़ी है और कुछ क्षेत्र दुर्गम भी हैं और हर वोटर तक पहुंचना इतना आसान नहीं है, उस पार्टी के लिए जो पहली बार हिमाचल में बड़े पैमाने पर चुनाव लड़ने की सोच रही है।

लेकिन आजकल चुनावों में आभासी मीडिया का बहुत प्रयोग किया जाता है। कोरोना के चलते बहुत सारी रैलियां वर्चुअली ही संबोधित की गईं। सोशल मीडिया ने भी एक बड़ी भूमिका निभाई लोगों को आपस में जोड़ने और तोड़ने में। पिछले कुछ दिनों से हिमाचल के मुख्यमंत्री हर प्रेस वार्ता में आम आदमी पार्टी के बारे में पूछे गए प्रश्नों का केवल एक ही उत्तर देते हैं कि हिमाचल के लोगों को बाहर का कोई राजनीतिक दल नहीं बहका सकता। हिमाचल में लगभग सभी चुनाव दो पार्टियों में हुए हैं।

तीसरी पार्टी के लिए हिमाचल में कोई जगह नहीं है। हिमाचल की अधिकतर जनता का भी यही मानना है, लेकिन राजनीति और क्रिकेट में कुछ नहीं कहा जा सकता का फामूर्ला चलता है। वोटर किसी भी पार्टी के किसी भी काम से या वादे से प्रभावित होकर उन्हें वोट दे सकता है। किसी ने कल्पना भी नहीं की थी कि पंजाब जैसे राज्य, जहां कांग्रेस और शिरोमणि अकाली दल का कब्जा था, में ये दल इस तरह से हार जाएंगे, उस पार्टी से जो सिर्फ दस साल पुरानी है और अभूतपूर्व विजय हासिल करेगी। यहां तक कि बहुत सारे दिग्गज नेता अपनी जमानत भी नहीं बचा पाए।

आम आदमी पार्टी की इस घोषणा ने कि अब पार्टी हिमाचल में अपनी जीत दर्ज करना चाहती है, हिमाचल के बागी नेताओं, कुछ युवा राजनीतिज्ञों और अवसरवादी नेताओं को अवसर के नए द्वार खोल दिए हैं। लेकिन क्या हिमाचल की जनता उन्हें इस नए रूप में स्वीकार करेगी और यह बदलाव जनता के वोट हासिल कर पाएगा, यह तो आने वाला समय ही बताएगा। हिमाचल की जनता को किसी प्रलोभन में न आकर इस पूरी प्रक्रिया का सही मूल्यांकन करना होगा क्योंकि हिमाचल की राजनीति और बाकी राज्यों की राजनीति थोड़ी अलग है और लोगों की समझबूझ भी। उन्हें बाहर की पार्टी पसंद आएगी, क्या वे उसका चयन करेंगे, यह तो आने वाला समय ही बता सकता है।

# व्यवस्था का अभिशाप

पीके खुराना

आज से ठीक एक सप्ताह पहले यानी गुरुवार 24 मार्च को राजस्थान में एक अद्भुत घटना घटी। अपनी मांग मनवाने के लिए एक निर्दलीय विधायक ने अनोखा तरीका निकाला। बहरोड़ के निर्दलीय विधायक बलजीत यादव भर्ती परीक्षाओं में गड़बड़ियों के विरोध में लगातार 12 घंटे तक दौड़ते रहे। बलजीत यादव ने गुरुवार 24 मार्च को विधानसभा में अपने इस संकल्प का ऐलान किया था कि सरकार बेरोजगारों को नौकरी देने के लिए ली जाने वाली भर्ती परीक्षाओं के आयोजन में कोताही बरत रही है जिससे प्रदेश में बेरोजगारी तो बढ़ ही रही है, जनता में असंतोष भी है। उन्होंने आगे कहा कि सरकार की इस अक्षम्य लापरवाही के विरोध में वे अगले दिन यानी शुक्रवार 25 मार्च को काले कपड़े पहन कर सूरज उगने से डूबने तक दौड़ेंगे। इस पर प्रतिक्रिया करते हुए सदन में प्रतिपक्ष के नेता गुलाबचंद कटारिया ने चिंता जताई और कहा कि यदि इस तरह लगातार दौड़ते रहने के कारण बलजीत यादव की तबियत खराब हो जाए तो पुलिस के जरिए उनको तुरंत रोका जाना चाहिए। बहरोड़ के विधायक यादव ने अपनी दौड़ पूरी होने के बाद कहा कि यह कदम उन्होंने अपने आप को सजा देने के लिए उठाया है। उन्होंने कहा कि हम कानून को मानने वाले हैं, किसी को गोली मार नहीं सकते और कायर भी नहीं हैं कि आत्महत्या कर लें। सरकारें बदलती रहती हैं, लेकिन विधानसभा में सुनवाई नहीं हो पाती है, इसलिए उन्होंने राज्य के युवाओं के प्रति हो रहे अन्याय पर अपना रोष जाहिर करने के लिए स्वयं को कष्ट देने का फैसला लिया। यादव ने कहा कि मैंने तमाम कोशिशें की, हर सेशन में मामले को उठाया, जोर देकर विस्तार से बताया कि किस-किस तरह से बेरोजगारों के साथ अन्याय हो रहा है। खेद की बात है कि विधानसभा में बोलने के बाद भी सरकार के कानों पर जूं तक नहीं रेंगी और सरकार आवश्यक कार्रवाई करने में विफल रही है। भारत इतना बड़ा देश है, 28 राज्यों और 8 केंद्र शासित प्रदेश होने के बावजूद अपने ही देश में राजस्थान के युवाओं को नौकरी नहीं मिलती। इसके लिए केंद्र सरकार कानून बनवाया जाए ताकि राजस्थान के बेरोजगारों के हकों की रक्षा हो। उन्होंने कहा कि लंबे समय तक या तो भर्तियां नहीं निकलतीं, निकलती हैं तो पेपर लीक हो जाते हैं या अफसरों की लापरवाही से परीक्षाएं हाईकोर्ट में अटक जाती हैं। विधायक बलजीत यादव शुक्रवार अपने समर्थकों के साथ सेंट्रल पार्क पहुंचे और उन्होंने सूर्योदय से सूर्यास्त तक लगातार 12 घंटे तक 25 राउंड में 108 किलोमीटर की दौड़ पूरी की। दौड़ लगा रहे बलजीत यादव को रोकने के लिए पक्ष-विपक्ष के कई विधायक सेंट्रल पार्क पहुंचे और उनके उठाए गए मुद्दों के प्रति समर्थन जताते हुए उनसे दौड़ रोकने की गुजारिश की, लेकिन बलजीत यादव नहीं माने और दौड़ जारी रखी। राजस्थान सरकार में जलदाय मंत्री महेश जोशी, रतनगढ़ से बीजेपी विधायक अभिनेष महर्षि, उप-मुख्य सचेतक महेंद्र चौधरी और प्रतिपक्ष के उप-नेता राजेंद्र राठौड़ ने बलजीत यादव को मनाने की कोशिश की। जलदाय मंत्री महेश जोशी तो उन्हें मनाने के लिए ट्रैक पर ही बैठ गए, लेकिन बलजीत यादव भी दौड़ते रहने की जिद्द पर अड़े रहे। हालांकि विधायक बलजीत यादव के समर्थकों ने महेश जोशी सहित अन्य नेताओं को विश्वास दिलाया कि यदि उनकी तबियत थोड़ी भी खराब हुई तो वह तुरंत दौड़ रुकवा देंगे। दौड़ हुई और बारह घंटे बाद समाप्त भी हो गई। एक मंत्री सहित पक्ष-विपक्ष के कई विधायक घटनास्थल पर पहुंचे। सदन में भी इसे लेकर प्रतिपक्ष के नेता गुलाब चंद कटारिया ने चिंता जताई, लेकिन सवाल यह है कि समाधान क्या हुआ? क्या इस घटना के बाद सरकार ने कोई कार्रवाई की? क्या इस घटना के समय जिन विधायकों ने बलजीत यादव के समर्थन की घोषणा की थी, उन्होंने आगे कुछ और किया? सवाल इतना ही नहीं है। सवाल यह है कि ऐसी नौबत ही क्यों आई कि एक विधायक सदन में लगातार एक समस्या का जिक्र करते रहे हैं और सरकार निश्चिंत बैठी रही? इस समस्या के मूल में जाएं तो मालूम होगा कि हमारा संविधान ही ऐसा है कि सरकारों को लापरवाही की असीमित छूट देता है। समझने वाली बात यह है कि जो दल सत्ता में होगा, वह सत्ता होगा ही इस कारण से क्योंकि उसके पास बहुमत है। बहुमत के अभाव में विपक्षी दल न तो कोई कानून बनवा सकते हैं, न रुकवा सकते हैं और न ही किसी कानून में कोई संशोधन करवा सकते हैं। विपक्ष की बात तो छोड़िए, सत्तारूढ़ दल के वे सदस्य जो मंत्रिपरिषद में नहीं हैं, वे भी शक्तिहीन प्यादे ही हैं जो सरकार की हर घोषणा पर सिर्फ मेजें थपथपाने के लिए ही हैं, क्योंकि ह्विप से बंधे होने के कारण वे अपनी मर्जी से वोट तक नहीं दे सकते और यदि सत्तारूढ़ दल के ऐसे सदस्य भी जो मंत्री नहीं हैं, सदन में कोई बिल पेश करें तो उस बिल को सरकारी बिल न मानकर निजी बिल का दर्जा दिया जाता है और किसी विधानसभा में ऐसे किसी भी बिल के पास होने का कोई इतिहास नहीं है। लोकसभा में भी पिछले 52 सालों में एक भी निजी बिल पास नहीं हो पाया है। हमारे संविधान ने विपक्ष की भूमिका तो खत्म की ही है, मंभी पद से वंचित रहे सत्तारूढ़ दल के सदस्यों की भूमिका भी शून्य कर दी है क्योंकि एक बार विधायक या सांसद बन जाने के बावजूद किसी व्यक्ति को अगली बार पार्टी का टिकट मिलेगा या नहीं, यह उसकी काबिलीयत से भी ज्यादा इस बात पर निर्भर करता है कि वह अपनी पार्टी के केंद्रीय नेताओं के गुट को खुश रख पाता है या नहीं। इस दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति के कारण विधायकों और सांसदों की महत्ता शून्य हो गई है और वे जनप्रतिनिधि होने का जितना भी दम भरते रहें, असल में उनके पास कोई अधिकार नहीं हैं और वे शतरंज के प्यादों की तरह गिन-गिन कर एक-एक कदम चलने के लिए मजबूर हैं।

## अयोध्या में दुष्कर्म पीड़िता बच्ची के परिजनों ने अखिलेश से की मुलाकात

लखनऊ। अयोध्या में दुष्कर्म की शिकार एक पांच वर्षीय मासूम बच्ची के चाचा और पिता ने गुरुवार को यहां सपा प्रदेश मुख्यालय में समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव से मुलाकात कर अपना दर्द बयान किया। बच्ची के पिता ने बताया कि 16 मार्च की घटना से अब 15 दिन हो गए। प्रशासन ने कोई मदद नहीं की जबकि बच्ची का एक वर्ष तक इलाज चलेगा। बच्ची ने बताया था कि दुष्कर्म की घटना में तीन लोग शामिल थे। अब तक सभी आरोपियों की गिरफ्तारी भी नहीं हुई है। सरकार ने परिवार की कोई सुध नहीं ली। अखिलेश यादव ने दुःखी परिवार को ढांढस बंधाते हुए कहा कि पवित्र धाम में ऐसी अपवित्र घटना होना दुःखद है और विचलित करने वाली है। पांच वर्ष की मासूम बच्ची मेडिकल कालेज लखनऊ में तड़प रही हैं पर शासन-प्रशासन संवेदनहीन बना हुआ है। सरकार का अभियुक्तों बचाना निंदनीय है। सरकार ने पीड़ित परिवार की कोई मदद नहीं की। दुखी परिवार न्याय चाहता है। अखिलेश ने कहा कि भाजपा सरकार में लगातार बेटियों के साथ अमानवीय घटनाएं हो रही हैं। सरकार बहन-बेटियों को सुरक्षा देने में नाकाम रही हैं। अखिलेश यादव ने पीड़ित परिवार को न्याय दिए जाने की मांग करते हुए सरकार से एक करोड़ रुपए की आर्थिक मदद की मांग की है।

## अपर्णा के बाद शिवपाल भी भाजपा का दामन थाम सकते हैं, अटकलें तेज



लखनऊ

अपर्णा के बाद अब प्रसपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव भी भाजपा का दामन थाम सकते हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात के बाद शिवपाल सिंह यादव के भाजपा में शामिल होने की अटकलें तेज हो गई हैं हालांकि उन्होंने इसको केवल एक शिष्टाचार मुलाकात बताया है एवम भाजपा में शामिल होने पर उन्होंने कहा कि समय आने पर इसका खुलासा कर दिया जाएगा। लेकिन राजनीतिक गलियारों में शिवपाल सिंह यादव के भाजपा में शामिल होने की चर्चाएं हैं। शिवपाल यादव ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ भी बैठक की। आपको बता दें कि विधान सभा चुनाव के दौरान से ही शिवपाल स्वयं को भतीजे अखिलेश के सामने उपेक्षित महसूस कर रहे हैं उन्होंने अखिलेश को चुनाव में अपने 25 प्रत्याशियों की सूची सौंपी थी लेकिन सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने केवल उन्हें (शिवपाल यादव) को ही टिकट दिया और वह चुनाव जीते भी। यह अपेक्षा यहीं खत्म नहीं हुई चुनाव के बाद शिवपाल सिंह यादव को सपा विधान मंडल दल की बैठक में भी नहीं बुलाया गया। संभवतः तभी से शिवपाल सिंह यादव भी अपर्णा यादव के बाद भतीजे का साथ छोड़ने का मन बना रहे हैं। सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव की पुत्र वधू श्रीमती अपर्णा यादव ने भी चुनाव से ठीक पहले सपा छोड़कर भाजपा का दामन थाम लिया था और अब चाचा शिवपाल सिंह यादव भी जल्द ही भाजपा में शामिल हो सकते हैं कयास ये भी लगाए जा रहे हैं कि शिवपाल यादव को भाजपा द्वारा उपचुनाव में प्रत्याशी बनाया जा सकता है अथवा राज्य सभा भेजा जा सकता है।

# आगामी त्यौहार के मद्देनजर थाना परिसर में बैठक आयोजित

### शरारती तत्वों की दे जानकारी, तुरंत होगी कार्रवाई : अमर सिंह

प्रात : किरण संवाददाता, मनोज शर्मा





रहरा। पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार थाना प्रभारी अमर सिंह ने आगामी पर्व माहे रमजान एवं चैत्र नवरात्र के मौके पर क्षेत्र में शान्ति व्यवस्था कायम रखने के लिए क्षेत्र के ग्राम प्रधान एवं अन्य गणमान्य नागरिकों संग बैठक आयोजित की। जिसमें सभी से चैत्र नवरात्र एवं माहे रमजान पर शान्ति व्यवस्था बनाएं रखने की अपील की। गौरतलब है कि जनपद के थाना रहरा प्रभारी अमर सिंह क्षेत्र में शान्ति व्यवस्था कायम रखने के लिए हर सम्भव प्रयासरत रहते है उन्होंने जब से थाने का चार्ज ग्रहण किया है तभी से थाना क्षेत्र में शान्ति व्यवस्था बरकरार है। वह प्रत्येक त्यौहार पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों के साथ बैठक कर क्षेत्र में शान्ति व्यवस्था बनाएं रखने की अपील करते है और यदि कहीं थाना क्षेत्र में किसी भी शरारती तत्वों द्वारा शान्ति व्यवस्था भंग करने का प्रयास भी किया तो उन्होंने तुरंत कार्यवाही करके शान्ति कायम की है। इसी कड़ी में शनिवार को चैत्र नवरात्र और ठीक दो दिन के बाद माहे रमजान का महीना शुरू हो रहा है। जिससे क्षेत्र में शान्ति व्यवस्था बनी रही इसके लिए गुरुवार को थाना परिसर में किसी के द्वारा क्षेत्र के गणमान्य लोगों एवं ग्राम प्रधानों से शान्ति बनाएं रखने की अपील की साथ ही कहीं पर किसी के द्वारा शान्ति व्यवस्था को भंग करने की कोशिश की तो कड़ी कार्यवाई को चेताया। कहा कि त्यौहारों को शान्ति पूर्वक मनाने के लिए धर्मगुरु क्षेत्र के लोग को जागरूक करें बैठक में ग्राम प्रधान पौरारा इशरत अली, अजय पाल यादव, नन्हे सिंह, ग्राम प्रधान पतेई, पवन कुमार, हरिओम सिंह, योगेश त्यागी, दीपक त्यागी, कैलाश गुप्ता, पुनीत त्यागी, समर पाल सिंह, लेखपाल अमित शर्मा, पुष्प सैनी, छत्रपाल सिंह, राहुल कुमार, मिंटू शर्मा, पुलिस टीम से एस एस आई अभितेन्द्र सिंह, एस आई जितेंद्र कुमार, सहित क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्ति मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने किया जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण



अमरोहा, प्रात : किरण संवाददाता

मुख्य सचिव उत्तरप्रदेश शासन के निर्देश के क्रम में गुरुवार को डीएम बालकृष्ण त्रिपाठी ने जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। डॉक्टर और स्टाफ की उपस्थिति का जायजा लिया। स्वास्थ्य सेवाओं को परखा। इस दौरान चिकित्सक व स्टाफ के कई कर्मी अस्पताल से नदारद मिले। इस पर डीएम ने कड़ी नाराजगी जताते हुए बिना बताए अस्पताल से नदारद रहने वाले चिकित्सक व स्टाफ के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश चिकित्सा अधीक्षक को दिए हैं। बता दें कि मंगलवार को जिलाधिकारी ने जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया था। स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया था। इस दौरान 12 चिकित्सक अस्पताल से नदारद मिले थे। अस्पताल से नदारद रहने वाले चिकित्सकों का स्पष्टीकरण तलब कर एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए थे। 2 दिन बाद डीएम ने फिर जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान भी कई चिकित्सक व स्टाफ कर्मचारी अस्पताल से नदारद मिले। डीएम ने अस्पताल से नदारद होने वाले चिकित्सक व कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश चिकित्सक अधीक्षक को दिए हैं। डीएम के निरीक्षण से अस्पताल में हड़कंप मचा रहा।

## रमजान एवं नवरात्र के मद्देनजर साफ-सफाई के निर्देश

हसनपुर, प्रात : किरण संवाददाता

नवरात्र व रमजान के मद्देनजर नगर के प्रमुख मंदिरों व मस्जिदों की सजावट की गई है। ईओ व नगर पालिका अध्यक्ष ने शहर में साफ सफाई रखने के निर्देश दिए हैं। नवरात्र दो अप्रैल से शुरू हो रहे हैं, जबकि माहे रमजान तीन अप्रैल से शुरू हो रहा है। इसके मद्देनजर मंदिर व मस्जिदों में साफ सफाई की जा रही है। गुरुवार को ईओ निहाल सिंह ने इस संबंध में सफाई नायक व सफाई कर्मचारियों की बैठक लेते हुए निर्देशित किया कि शहर में पहली अप्रैल से विशेष साफ सफाई अभियान चलाया जाए। गली मोहल्ला को साफ करने के संग फांगिंग भी की जाए। चेतावनी दी कि सफाई कर्मचारी और सफाई नायक द्वारा कार्य में लापरवाही बरती गई तो उसके विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान दिनेश, अजयपाल, राजा, दीपक आदि मौजूद रहे।

## आवारा कुत्तों के हमले में पूर्व प्रधान घायल

अमरोहा , प्रात : किरण संवाददाता

आवारा कुत्तों के झुंड ने आम के बाग में चारा काट रहे पूर्व प्रधान पर हमला बोल दिया। पूर्व प्रधान गंभीर रूप से घायल हो गए। सीएचसी में भर्ती कराया गया है। गुरुवार को क्षेत्र के गांव दादूपुर निवासी उमराव सिंह पुत्र हरज्ञान सिंह गुरुवार सुबह आम के बाग में हरा चारा काटने गए थे। इस दौरान कहीं से आवारा कुत्तों का झुंड आ गया। पूर्व प्रधान पर हमला बोल दिया। कुत्तों के काटने से उमराव सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। चीख-पुकार सुनकर दौड़े किसानों ने किसी तरह कुत्तों को भगाया। पूर्व प्रधान को आनन-फानन में सीएचसी में भर्ती कराया गया। उपचार जारी है। बताया जा रहा है कि क्षेत्र में कुत्तों का झुंड घूम रहा है।कुत्तों के आतंक को लेकर क्षेत्र में दहशत फैली हुई है। बार-बार गुहार के बाद भी अधिकारी कुत्ते पकड़वाने के लिए गंभीर नहीं हैं।क्षेत्र के गांव करनपुर निवासी भोला सिंह का आठ वर्षीय बेटा अर्पित बुधवार सुबह खेत पर गया था, जहां आवारा कुत्तों के झुंड ने बच्चे पर हमला बोल दिया। अर्पित बुरी तरह जख्मी हो गया। चीख पुकार पर दौड़े किसानों ने किसी तरह कुत्तों को भगाया। अर्पित को नगर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। अर्पित गांव के स्कूल में कक्षा तीन का छात्र है। उधर, क्षेत्र के गांव दीपपुर निवासी सतीश की 12 वर्षीया बेटी मोनिका मां के साथ हरा चारा काटने के लिए मंगलवार शाम खेत पर गई थी। वह मां से कुछ दूरी पर काम कर रही थी। इस दौरान अचानक आवारा कुत्तों के झुंड ने हमला बोल दिया। मोनिका को नोच कर बुरी तरह जख्मी कर दिया। मां की चीख-पुकार पर आसपास के खेतों पर काम कर रहे किसान मौके पर पहुंचे और कुत्तों को लाठी-डंडों से दौड़ाया। मोनिका नगर के स्कूल में कक्षा पांच में पढ़ रही है। इससे कुछ देर पहले आवारा कुत्तों ने बावनखेड़ी गांव निवासी अकील की चार वर्षीया पुत्री अलीना व मुजीब खान के 11 वर्षीय बेटे मोहम्मद अहद को काटकर बुरी तरह जख्मी कर दिया। दोनों बालक खेत पर गए हुए थे। घायल बच्चों का निजी अस्पतालों में उपचार चल रहा है। कुत्तों के हमले को लेकर क्षेत्र में दहशत फैली हुई है। ग्रामीणों ने अधिकारियों से कुत्ते पकड़वाने की मांग की है।

## चैत्र नवरात्र कल से, सज गए देवी मंदिर

अमरोहा। चैत्र नवरात्र कल से शुरू हो रहे हैं। नवरात्र पर्व के चलते देवी मंदिरों में साफ-सफाई से लेकर भव्य सजावट की गई है। नौ दिन तक देवी मंदिर श्रद्धालुओं से गुलजार रहेंगे। बाजारों में भी चहल-पहल देखी जा रही। खरीदारी से बाजार गुलजार हैं। शनिवार को कलश स्थापना के साथ देवी के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा की जाएगी। देवी भक्त नौ दिन तक उपवास रखकर देवी माता की पूजा करेंगे। नियम संयम से रहते हुए माता रानी का ध्यान करेंगे। विधि विधान से पूजा अर्चना करेंगे। देवी भक्तों ने नवरात्र व्रत की सभी तैयारी पूरी कर ली है। पूजा के लिए सभी सामग्री खरीद ली है। शहर के वासुदेव तीर्थ स्थल, प्रसिद्ध दुर्गा मंदिर, चामुंडा मंदिर, बाबा गंगानाथ मंदिर, चौरासी घंटे वाला मंदिर, कामनाथ शिव मंदिर , गजस्थल का प्राचीन शिव मंदिर सहित विभिन्न प्रसिद्ध मंदिरों में पूजा अर्चना के लिए देवी भक्तों का तांता लगेगा। नवरात्र के चलते देवी मंदिरों की साफ-सफाई से लेकर भव्य सजावट की गई है। प्रकाश की उचित व्यवस्था की गई है। सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम रहेंगे।

# प्रधानाध्यापक दिनेश चंद्र दुबे के सेवानिवृत्त पर शिक्षकों ने दी भावभीनी विदाई

मैनपुरी , प्रात : किरण संवाददाता



जनपद मैनपुरी के विकास खंड बेवर के माध्यमिक विद्यालय में तैनात प्रधानाध्यापक दिनेश चंद दुबे आज सेवानिवृत्त हो गए स्कूल स्टाफ ने इस विदाई की घड़ी में भावभीनी विदाई देकर सम्मानित किया आपको बता दें के प्रधानाध्यापक दिनेश चंद दुबे एक बहुत ही शांत प्रिय शिष्टाचारी अनुशासित शिक्षक रहे स्कूली छात्र-छात्राएं भी इन्हें बेहद प्यार करते है दिनेश चंद्र दुबे जनपद मैनपुरी विकास खंड बेवर अंतर्गत मेरापुर छदामी मैं बने हुए पूर्व माध्यमिक विद्यालय पर तैनात थे।

प्रधानाध्यापक दिनेश चंद्र दुबे महादिया के निवासी हैं। विदाई समारोह के मौके पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षक को छात्र छात्राओं के साथ जात-पात व्यापार नहीं करना चाहिए हमारे लिए तो यह सभी बच्चे बालक बालिकाओं के समान हैं। अभिभावकों को अपने बच्चों को टाइम टेबल से स्कूल भेजना चाहिए जिससे उनका भविष्य उज्जवल बन सके वही हम सब शिक्षकों की भी यही भूमिका रहनी चाहिए किस टाइम टेबल के हिसाब से विद्यालय पहुंचकर छात्र छात्राओं को उच्च शिक्षा दें जिससे आगे चलकर यह बच्चे शिक्षकों का नाम रोशन कर सके जब हमारे छात्र-छात्राएं उच्च पद पर आसीन होते हैं तो हम शिक्षकों को बहुत खुशी मिलती है हम लोगों का यही प्रार्थना चाहिए कि बच्चों को अच्छा मार्गदर्शन दें बावने अच्छी शिक्षा प्रदान करें इस मौके पर सभी शिक्षकों ने माल्यार्पण और सीनरी व श्रीमद् गीता और गिफ्ट देकर सम्मानित किया। समस्त लोगों ने प्रधानाध्यापक दिनेश चंद्र दुबे का भव्य स्वागत किया और हार्दिक बधाइयां दी। इसी मौके पर गिरेंद्र सिंह (व्यापार मंडल अध्यक्ष), राहुल यादव, प्रधान मनोज कुमार, सचिन दुबे डीलर, स्कूल स्टाफः- ताहर सिंह, सुनील कुमार, विक्रम भूषण, मुनीष कुमार, उपेंद्र यादव, अमित कुमार, कौशलेंद्र, कमल किशोर, अनित, संन्यारर्थी, संगीता, श्याम सिंह, राजेंद्र सिंह, विपिन पाल, दिनेश चंद्र राजपूत, विजय बहादुर, बृजेश, उमेश कुमार, प्रदीप, विकास, अभिनीत राठौर, सरवन लाल, ओंकार, सचिन कुमार, शरद मिश्रा आदि लोग विदाई समारोह में सम्मिलित रहे।

## निरीक्षण में दो कर्मचारी मिले गैरहाजिर

हसनपुर , प्रात : किरण संवाददाता

एसडीएम अनिल कुमार ने गुरुवार को नगर पालिका कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान दो कर्मचारी गैरहाजिर मिले। उनका वेतन काटने की संस्तुति की गई है। निरीक्षण के दौरान हड़कंप मचा रहा। ईओ को निर्देशित किया कि शहर में बेहतर तरीके से साफ सफाई की जाए। जलापूर्ति में किसी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए।

## मोहसिन रजा को मिला इनाम

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ की नेतृत्व वाली पहली सरकार में अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री रहे मोहसिन रजा को हाल में ही नई मंत्रिमंडल में जगह नहीं मिली। इसके बाद से मोहसिन रजा को लेकर कई कयास लगाए जा रहे थे। इन सबके बीच मोहसिन रजा को एक बार फिर से योगी सरकार ने बड़ा इनाम दिया है। विधान परिषद सदस्य मोहसिन रजा को राज्यपाल ने यूपी राज्य हज समिति के अध्यक्ष के रूप में निर्वाचन को अधिसूचित कर दिया है। इसका मतलब साफ है कि अब मोहसिन रजा यूपी राज्य हज समिति के कार्यालय पहुंचकर अपना कार्यभार संभालेंगे। इसके साथ ही मोहसिन रजा को राज्यमंत्री का भी दर्जा प्राप्त हो गया। आपको बता दें कि योगी आदित्यनाथ की नेतृत्व वाली पहली सरकार में मोहसिन रजा अक्सर सुर्खियों में रहा करते थे। वह टीवी पर चर्चा में खूब शामिल होते थे। हालांकि, उन्हें योगी सरकार पार्ट 2 में जगह नहीं मिल पाई। भाजपा ने इस बार मोहसिन रजा की जगह दानिश आजाद अंसारी को अल्पसंख्यक कोटे से मंत्री बनाया।

## एस0जे0डी पब्लिक स्कूल में वितरित किए गए रिपोर्ट कार्ड प्रथम द्वितीय तृतीय बच्चों को किया गया सम्मानित

मैनपुरी , प्रात : किरण संवाददाता



नगर के राजा बाग स्थित एस०जे०डी पब्लिक स्कूल में वार्षिक प्रगति पत्र वितरण समारोह आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि मनीष सक्सेना (विकास अधिकारी (एल.आई.सी) एवं विशिष्ट अतिथि लख्मीचंद बघेल द्वारा मां सरस्वती के समीप दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया इस मौके पर मुख्य अतिथि मनीष सक्सेना ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि परीक्षा में प्रतिभाग करने से बच्चों में छिपी हुई प्रतिभा निखर कर सामने आती है बच्चे शिक्षा में आगे बढ़ कर देश व समाज की तरक्की के प्रति अग्रसर हो। शिक्षा से ही हर द्वार खुलते हैं । इस अवसर पर अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि को माला पहनाकर एवं शाल ओढ़ाकर एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय में उत्कृष्ट परिणाम के छात्रों को शील्ड देकर पुरस्कृत किया गया। विद्यालय में अपनी-अपनी कक्षाओं में प्रथम आने वाले छात्र-छात्राओं में सरयू यादव, प्रयाग कश्यप, अभिषेक शर्मा, कल्पना, अंशिका यादव, वैष्णवी, दिव्या यादव, निर्जरा, लक्ष्मी, अंशित, समर्थ, सनी प्रताप, सुमित शर्मा, प्रवेश सक्सेना एवं द्वितीय एवं तृतीय अन्य छात्रों को भी सम्मानित किया गया और अतिथि लख्मीचंद बघेल (प्रधान) जी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि जिन बच्चों ने प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त किया है वे अपने परिश्रम को जारी रखें और जो प्रथम द्वितीय नहीं आ सके वह निराश ना हो और अपना प्रयास जारी रखें।इस अवसर पर डॉ जय सिंह, डॉ ओवेन्द, राजेश, संतोष, देवेंद्र, जनवेश, हरीनाथ, शिवानी, भावना, स्कंदा ,शिवांश, राजश्री, मधु ,कंचन, दामिनी तिवारी ,नीतू , चंद्रवती, समीक्षा,विनय ,अभिषेक मिलावली , अजय और चुन्नी आदि उपस्थित रहे।

# उर्दू पत्रकारिता दिवस पर सम्मानित हुए डॉ. सिराजुद्दीन हाशमी एडवोकेट

अमरोहा, प्रात : किरण संवाददाता




उर्दू पत्रकारिता द्विशताब्दी समारोह समिति के तत्वावधान में इंडियन इस्लामिक कल्चर सेंटर में आयोजित समारोह के दौरान अमरोहा की प्रमुख सामाजिक हस्ती अंजुमन-ए-तरकी उर्दू उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष हाशमी एजुकेशनल ग्रुप के अध्यक्ष डॉ. सिराजुद्दीन हाशमी एडवोकेट को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। उनकी चिकित्सा और शैक्षिक सेवाएं। उल्लेखनीय है कि उर्दू पत्रकारिता के 200 वर्ष पूरे होने पर भारत के विभिन्न उर्दू पत्रकारों द्वारा दिल्ली में भारतीय इस्लामी संस्कृति केंद्र में एक समारोह का आयोजन किया गया था पूर्व उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी और पूर्व मुख्यमंत्री और कश्मीर के केंद्रीय मंत्री गुलाम नबी आजाद, जिन्हें हाल ही में विशिष्ट अतिथि के रूप में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था, ने भी इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में शिरकत की।डॉ नदीम-उल-हक, अध्यक्ष, बंगाल उर्दू अकादमी और डॉ. फारूक, निदेशक, हिमालयन ड्रग्स भी उपस्थित थे। डॉ. सिराज-उद-दीन हाशमी एडवोकेट को उक्त सभी अतिथियों द्वारा उनकी साहित्यिक, सामाजिक, चिकित्सा एवं शैक्षिक सेवाओं के लिए विशेष सम्मान से नवाजा गया।संयोजक समिति उत्सव लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के संबंध में, साहित्यिक हलकों में खुशी का माहौल है जब देश की महत्वपूर्ण राजनीतिक, सामाजिक और प्रिय उर्दू हस्तियों को सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित किया गया है।इस संबंध में कौसर अली अब्बासी मुस्लिम समिति के अध्यक्ष अमरोहा के अध्यक्ष नसीम अहमद खान और प्रवक्ता मंसूर अहमद एडवोकेट निदेशक सलमान हैदर जूनियर हाई स्कूल अमरोहा इकबाल हैदर अमरोहा सैयद शीबन कादरी बज्म जिंदा दिलान और इलायची क्लब अमरोहा से हाजी महबूब हुसैन जैदी इस्लाम इंटरनेशनल एडवोकेट शाहरुख खान और फ्लाइंग फाउंडेशन से फहीम नबी सिद्दीकी अमरोहा मुहम्मद अहमद जैदी मुस्तफा सिद्दीकी पूर्व अध्यक्ष नगर परिषद अमरोहा हाजी अकबर अहमद अंसारी और डॉ अफसर परवेज सदस्य नगर परिषद अमरोहा फहीम शाह नवाज और कमर नकवी के अलावा, वरिष्ठ पत्रकार डॉ. मेहताब अमरोही और अन्य ने भी डॉ. सिराजुद्दीन हाशमी को उनकी चिकित्सा और शैक्षिक सेवाओं के लिए सम्मानित किए जाने पर बधाई दी।

# बैंकर्स द्वारा अधिकांश योजनाओं में निर्धारित लक्ष्यों की शत-प्रतिशत की पूर्ति

मैनपुरी , प्रात : किरण संवाददाता



मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार ने जिला सलाहकार समिति बैंकर्स की बैठक में विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं मे ऋण वितरण की बेहतर प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि बैंकर्स द्वारा अधिकांश योजनाओं में निर्धारित लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पूर्ति की है, सभी बैंकर्स बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग के अधिकारी, बैंकर्स आपस में इसी प्रकार समन्वय स्थापित कर आगामी वित्तीय वर्ष में भी अभी से लक्ष्यों की पूर्ति करने में जुट जाएं ताकि अधिक से अधिक लाभार्थियों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल सके और वह अपना स्वतः रोजगार स्थापित कर स्वावलंबी बन सकें। उन्होंने बैंक ऑफ इंडिया, भारतीय स्टेट बैंक के प्रतिनिधियों से कहा कि प्रधानमंत्री स्वःनिधि योजना के लंबित आवेदन पत्रों पर 10 अप्रैल तक प्रत्येक दशा में ऋण वितरण करना सुनिश्चित करें, यह योजना केंद्र सरकार की सबसे महत्वाकांक्षी योजना है और इसकी उच्च स्तर से सघन मॉनिटरिंग की जा रही है। सी.डी.ओ. ने कहा कि कुछ बैंकर्स द्वारा धनराशि जमा कराने में रुचि ली जा रही है लेकिन ऋण वितरण में कोई दिलचस्पी नहीं ली जा रही जिस कारण जनपद का सीडी रेशियो संतोषजनक नहीं है, बैंकर्स इस ओर ध्यान दें, ऋण वितरण में सबसे खराब प्रगति भारतीय स्टेट बैंक, अबर्न को-ऑपरेटिव बैंक, एक्सिस बैंक की है, सम्बन्धित शाखा प्रबन्धक जमा धनराशि के सापेक्ष कम से कम 60 प्रतिशत धनराशि का ऋण वितरण लाभार्थियों का करना सुनिश्चित करें। उन्होने मुख्यमंत्री युवा स्वःरोजगार योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कायर्क्रम, स्पेशल कंपोनेंट, मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन आदि की बिन्दुवार समीक्षा की श्री कुमार ने किसान केडिट काड की समीक्षा भी की बैठक में आर.बी.आई. प्रतिनिधि विवेक कुमार, जिला विकास प्रबंधक नवाड अनुपम दत्ता, परियोजना अधिकारी डूडा आर.के. सिंह, जिला कृषि अधिकारी सूय प्रताप सिंह, अपर सांख्यिकी अधिकारी उद्योग गणेश चन्द्र सहित अन्य अधिकारी, विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधक आदि उपस्थित रहे, बैठक का संचालन जिला अग्रणी जिला प्रबंधक अनिल प्रकाश तिवारी ने किया।

## सभी गन्ना विकास परिषदों को मौसम की दैनिक रिकॉर्डिंग रखने के निर्देश

लखनऊ। गन्ना विकास एवं चीनी आयुक्त संजय आर भूसरेड्डी ने प्रदेश के सभी उप गन्ना आयुक्तों एवं जिला गन्ना अधिकारियों को गन्ना विकास परिषदों मे दैनिक मौसम रिकॉर्ड रखने के निर्देश दिये हैं, जिससे आवश्यकतानुसार मौसम के आंक ड़ों का उपयोग कर विभागीय कार्यक्रमों को अधिक प्रभावी रूप से क्रियान्वित किया जा सके। भूसरेड्डी ने बताया कि गन्ने के उत्पादन एवं रिकवरी आदि पर जलवायु एवं मौसम की दशाओं का प्रत्यक्ष प्रभाव पड़ता है। प्रतिकूल मौसम की स्थिति में गन्ने के उत्पादन एवं चीनी के परते पर प्रतिकूल असर पड़ता है। उन्होंने यह भी बताया कि वर्तमान में मौसम का कोई अपना डाटा स्त्रोत विभाग के पास उपलब्ध नहीं है, जबकि मौसमी परिवर्तनों के कारण उत्पादन में साइक्लिक उतार चढ़ाव से चीनी का उत्पादन प्रभावित होता है और गन्ना तथा चीनी उत्पादन के पूवार्नुमान बनाने में भी कठिनाई होती है।

# गुड़ कारोबारी एवं किसान के घर से 10 लाख की चोरी, जांच में जुटी पुलिस

नौगावां सादात, प्रात : किरण संवाददाता



बेखौफ चोरों ने बुधवार रात पूरे गांव में उत्पाद मचाया। गुड़ कारोबारी और किसान के घर को निशाना बनाकर चोरों ने नकदी-जेवरात समेत दस लाख रुपये का सामान चोरी कर लिया। घटना की जानकारी गुरुवार तड़के घरवारों के जागने पर हुई। इसके बाद पुलिस को सूचित किया गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। पीड़ितों ने घटना की तहरीर दे दी है।यह घटना नौगांवा सादात थानाक्षेत्र के बोरा-बोरी गांव की है। यहां पर गुड़ कारोबारी मोहम्मद निसार खान का परिवार रहता है। उनके परिवार में पत्नी के अलावा दो बेटे हैं। बड़ा बेटा मोहम्मद अफसर सऊदी अरब में नौकरी करता है। जबकि छोटा बेटा मोईन खान बीए का छात्र है। मोहम्मद अफसर की पत्नी और एक बेटी भी है। बुधवार की रात परिवार के सभी सदस्य कमरों के बाहर आंगन में सो रहे थे। तहरीर के अनुसार, रात में किसी समय चोर दीवार फांद कर घर में दाखिल हो गए और मोहम्मद अफसर के कमरे में घुसकर 40 हजार रुपये की नगदी, नौ तोला सोना और एक किलो चांदी चोरी कर ली। जबकि दूसरी घटना पड़ोस में ही रहने वाले किसान मोहम्मद हनीफ के घर में हुई। पेशे से किसान हनीफ के परिवार में पांच बेटे हैं। बड़ा बेटा जुबेर सऊदी अरब में रहता है। तीन महीने पहले ही वह सऊदी अरब से घर आया था। दो महीने बाद जुबेर अपने भाई निसार को लेकर वापस सऊदी अरब जाने वाला था। फिलहाल दोनों भाई वीजा तैयार करा रहे है। इसके लिए उन्होंने दो दिन पहले ही भैंस बेची थी।घटना से दोनों परिवारों के सदस्यों के होश उड़ गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। सीओ विजय कुमार राणा ने भी मौका मुआयना किया। फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर सबूत जुटाए। दोनों पीड़ित परिवारों ने घटना की तहरीर दे दी है। पुलिस घटना की जांच पड़ताल में जुटी है।

घटना का मौके पर जाकर निरीक्षण किया गया है। तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की जा रही है। जल्द ही घटनाओं का खुलासा कर दिया जाएगा।

विजय कुमार राणा, सीओ सिटी

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



## संक्षिप्त खबरें

### रिश्वतखोर पुलिस कर्मियों की लगातार हो रहे हैं शोसल मीडिया पर वीडियो वायरल

संभल। योगी सरकार बनने के बाद संभल पुलिस का नया कारनामा एक दारोगा दो कॉन्स्टेबिल अस्सी हजार की रिश्वत लेते हुये शोशल मिडिया पर बिडियो वायरल और अब एक दारोगा दो कांस्टेबिल का वीडियो रिश्वत लेते वायरल हो रहा है।

### कृषक इंटर कॉलेज नंदपुर बीटा में छात्र-छात्राओं को किया परीक्षाफल वितरित

संभल कृषक इंटर कॉलेज नंदपुर बीटा पोस्ट सैदपुर गंगू में छात्र छात्राओं को परीक्षा फल वितरित किया गया इसमें प्रथम श्रेणी में पास हुए छात्र छात्राओं को प्रधानाचार्य अशोक कुमार, प्रबंधक श्रवन कुमार त्यागी, द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया।

### पुलिसकर्मियों को उपहार व प्रशस्ति पत्र भेंट किया गया

संभल। पुलिस लाइन में श्री चक्रेश मिश्र पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा अधिवर्षता आयु पूर्ण करने पर सेवानिवृत्त हुए निम्न पुलिसकर्मियों को उपहार व प्रशस्ति पत्र भेंट किया तथा शॉल व फूलमाला पहनाकर उनके उत्तम स्वास्थ्य की शुभकामाएं देकर भावभीनी विदाई गयी।

### होली मिलन समारोह का आयोजन

संभल। प्रबेन्द्र शर्मा चाणक्य बिचार मंच व अंतरराष्ट्रीय सबदेशी भारत दल द्वारा शबतन्त्रा संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी कल्याण परिवार परिषद जनपद सम्भल में होली मिलन समारोह का आयोजन टैंकी मोहल्ला में हुआ इसमें मुख्य अतिथि जिला मुख्य विकास अधिकारी उमेश त्यागी मौजूद रहे कुछ वक्ताओं ने अपने विचार रखे।

### आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में एमपी पुलिस कव्वाल को पकड़ने आई कानपुर

कानपुर। मध्यप्रदेश के भोपाल के रीवा के मंगवा में आयोजित उर्स में कव्वाल ने मंच से भारत के लिए धमकी भरे शब्दों का इस्तेमाल किया था। जिसके बाद से उसके खिलाफ मध्य प्रदेश एफआईआर दर्ज की गई है। उनकी गिरफ्तारी के लिए बुधवार की देर रात कानपुर पहुंची और मुकदमे के आरोपित कव्वाल के ठिकानों पर छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान कानपुर पुलिस ने सहयोग करते हुए आरोपित को पकड़ने में जुट गई है। दरअसल, यह कव्वाल शरीफ परवाज बैकनगंज के दलेलपुरवा कानपुर का रहने वाला है। जिनके खिलाफ मुकदमा दर्ज हो चुका है और अब गृह मंत्री के आदेश के बाद गिरफ्तारी के लिए एमपी की पुलिस कानपुर में डेरा डाले हुए है। फिलहाल एमपी पुलिस ने क्षेत्र में भी पूछताछ की है। कव्वाल घर में मौजूद नहीं हैं। मामले में कानपुर ज्वाइंट पुलिस आयुक्त (जेसीपी) आनंद प्रकाश तिवारी ने बताया कि एमपी में जनपद के एक कव्वाल द्वारा एक कार्यक्रम के दौरान आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। जिस पर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज है और एमपी की पुलिस टीम उन्हें पकड़ने जनपद आई है।

### नाबालिग से छेड़छाड़, फांसी के फंदे पर लटकाया, बुलंदशहर पुलिस ने शुरू की जांच

बुलंदशहर। खानपुर कस्बा निवासी पीड़ित पिता ने एक युवक व उसके माता-पिता के खिलाफ अपनी नौ वर्षीय बेटी के साथ छेड़छाड़ व हत्या का प्रयास करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कस्बा निवासी पीड़ित पिता ने दर्ज कराए मुकदमे में बताया कि उसकी पुत्री व पुत्र गांव में अपनी दादी के पास रहते हैं। जबकि वह स्वयं पत्नी के साथ गाजियाबाद में रहकर मेहनत मजदूरी करता है। 10 मार्च को उसकी पुत्री को आरोपित नितिन ने घर में घुसकर कमरे में बन्द कर लिया और उसके साथ छेड़छाड़ की। पीड़िता के छोटे भाई द्वारा शोर मचाने पर आरोपित मौके से फरार हो गया। पीड़िता स्वजन को कमरे में फांसी के फंदे पर झूलती मिली थी, जिसे स्वजन ने नीचे उतारा। आरोप है कि आरोपित के माता-पिता ने पीड़िता का उपचार कराने के लिए बुलंदशहर के एक अस्पताल में भर्ती करा दिया। जहां उसे उसकी बेटी से नहीं मिलने दिया जा रहा है। वहीं आरोपित के माता-पिता पर कार्रवाई नहीं करने दबाव बनाने बनाया जा रहा है। पुलिस ने पीड़िता के पिता की तहरीर पर आरोपित उसके माता-पिता के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

# सीएम योगी का भ्रष्टाचार पर बड़ा एक्शन सोनभद्र डीएम को किया गया निलंबित

लखनऊ, एजेंसी



योगी आदित्यनाथ ने दोबारा मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के एक सप्ताह के भीतर भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। उन्होंने सोनभद्र जिलाधिकारी (डीएम) टीके शिबू को खनन मामले में अनियमितता के आरोप में निलंबित कर दिया है। 2012 बैच के आईएएस अधिकारी टीके शिबू के खिलाफ बड़ी कार्रवाई कर सीएम योगी ने स्पष्ट कर दिया है कि पूर्व की भांति ही भ्रष्टाचार पर जीरो टालरेंस की नीति इस कार्यकाल में भी सख्ती से लागू रहेगी। इस कार्रवाई के बाद डीएम के ऊपर विभागीय जांच बैठा दी गई है। वाराणसी के कमिश्नर को पूरे मामले की जांच सौंपी गई है। उत्तर प्रदेश शासन की तरफ से कहा गया है कि सोनभद्र जिलाधिकारी टीके शिबू के विरुद्ध जिले में खनन और अन्य निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार की शिकायतें जनप्रतिनिधियों द्वारा की जा रही थी। इसके अलावा इनके खिलाफ सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी करप्शन करने की शिकायत की थी।

उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2022 के दौरान भी जिला निर्वाचन अधिकारी के रूप में भी उन्होंने लापरवाही बरती थी। पोस्टल बैलट पेपर सील नहीं किया गया जिसके कारण पूरे जिले का मतदान निरस्त करने की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। इस वजह से सार्वजनिक स्थल पर उसकी तस्वीरें वायरल हो गई थीं। इस मामले को विंध्याचल मंडल मीरजापुर क्षरा जनप्रतिनिधियों को विश्वास में लेकर दोबारा सील किया गया था। जनसामान्य तथा जनप्रतिनिधियों से भी इनकी दूरी की शिकायत मिल रही थी।

सरकार की तरफ से कहा गया है कि सोनभद्र जिलाधिकारी टीके शिबू के खिलाफ भ्रष्टाचारों के आरोपों की जांच विंध्याचल मंडल के कमिश्नर ने की थी। जांच में आइएएस टीके शिबू को प्रथम दृष्टया दोषी पाया गया था। इसके बाद उन्हें निलंबित किया गया है। डीएम पर लगे आरोपों की जांच के लिए वाराणसी मंडल के कमिश्नर को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। जांच पूरी होने तक वह राजस्व परिषद उत्तर प्रदेश लखनऊ से सम्बद्ध रहेंगे। इस दौरान वह बिना किसी लिखित अनुमति के मुख्यालय नहीं छोड़ सकते हैं।

**जानकारी**

- पूर्व की भांति ही भ्रष्टाचार पर जीरो टालरेंस की नीति इस कार्यकाल में भी सख्ती से लागू रहेगी
- इस कार्रवाई के बाद सोनभद्र जिलाधिकारी (डीएम) टीके शिबू के ऊपर विभागीय जांच बैठा दी गई है
- इसके अलावा इनके खिलाफ सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी करप्शन करने की शिकायत की थी
- उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2022 के दौरान भी जिला निर्वाचन अधिकारी के रूप में भी उन्होंने लापरवाही बरती थी

### बिजली के ट्रांसफार्मर में लगी आग, बड़ा हादसा होने से टला



मैनपुरी। तहसील रोड तांगा स्टैंड पर रखे विद्युत ट्रांसफार्मर में शॉर्ट सर्किट के चलते आग लग गई काफी देर तक ट्रांसफार्मर जलता रहा। गनीमत रही विद्युत ट्रांसफार्मर फटा नहीं, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। दुकानदारो ने बताया की मोहल्ले में विद्युत खंभे पर रखे 10 केवी के विद्युत ट्रांसफार्मर में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई। ट्रांसफार्मर में आग लगी देख शहर में अपने अपने घरों व दुकानों की बिजली सप्लाई बंद कर दी। काफी देर तक ट्रांसफार्मर जलता रहा। ब्रस्पतिवार को सुबह करीब 11.30 को ही ट्रांसफार्मर में आग लगने की सूचना मैनपुरी विद्युत विभाग को दी गई। सूचना मिलते ही विधवा के कर्मचारियों ने काफी मशक्कत के बाद शहर की विद्युत व्यवस्था सुचारू की।

## वार्षिक एन.सी.सी ए0एन0ओ कॉन्फ्रेंस का हुआ आयोजन



लखनऊ, प्रातः किरण संवाददाता

बीरबल साहनी मार्ग, लखनऊ स्थित 3 यूपी नेवल एन.सी.सी यूनिट कार्यालय में 31 मार्च 2022 को वार्षिक ए0एन0ओ कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता इकाई के कमान अधिकारी कैप्टन नवेंदु सक्सेना द्वारा की गई। कॉन्फ्रेंस का मुख्य एजेंडा आगामी प्रशिक्षण सत्र में होने वाले विभिन्न नौसैनिक कैंप, राष्ट्रीय व सामाजिक गतिविधियों नदी अभियानों के आयोजन से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर चर्चा तथा वर्ष 2022-23 के प्रशिक्षण कार्यक्रम की रूपरेखा निर्धारित करना था। कॉन्फ्रेंस में एन0सी0सी की नेवल इकाई से संबद्ध लखनऊ के प्रमुख शिक्षण संस्थानों के ए0एन0ओ ने हिस्सा लिया। सीनियर डिविजन के कॉलेजों से एसोसिएट एन0सी0सी ऑफिसर लेफ्टिनेंट कमाण्डर जे0पी सिंह, लेफ्टिनेंट डी0के सिंह, सब लेफ्टिनेंट प्रनव मिश्रा तथा केयर टेकर ऑफिसर रवीन्द्र विक्रम सिंह उपस्थित थे। जूनियर डिविजन के स्कूलों से ए0एन0ओ सेकेंड ऑफिसर विरेंद्र सिंह, सेकेंड ऑफिसर जोसेफ मसीह, सेकेंड ऑफिसर सुदीप बनर्जी, थर्ड ऑफिसर देवेंद्र सिंह, थर्ड ऑफिसर संजय मिश्रा तथा केयर टेकर ऑफिसर विमलेश गुप्ता, सतीश पांडेय, करमवीर तथा प्रीती शर्मा भी उपस्थित रहे। कॉन्फ्रेंस के दौरान कमान अधिकारी ने सभी ए.एन.ओ के सक्रीय भागीदारी की सराहना की और कहा कि भविष्य में होने वाली एन.सी.सी की समस्त गतिविधियों में उनका बहुमुल्य योगदान अत्यंत आवश्यक है।

## बोर्ड पेपर लीक मामले में पांच और आरोपितों पर मुकदमा, अब तक 22 लोग गिरफ्तार

बलिया, एजेंसी



यूपी बोर्ड परीक्षा के अंग्रेजी विषय के प्रश्न पत्र लीक किए जाने के मामले में स्पेशल टास्क फोर्स और बलिया पुलिस का शिकंजा कसता जा रहा है। ताबड़तोड़ गिरफ्तारियां की जा रही है। गुरुवार को पांच और आरोपितों के नाम जुड़ गए। बुधवार की शाम तक कुल 17 गुरुवार सुबह तक 22 लोग गिरफ्तार हो चुके थे। गुरुवार को पांच लोगों को हिरासत में लिया गया है। इनके खिलाफ उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम 1998 और धारा 66 बी आइटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। इस तरह हाईप्रोफाइल प्रकरण में कुल 22 लोगों पर शिकंजा कस गया है। मामले में डीआइओएस डा. ब्रजेश मिश्र व पत्रकार जेल भेजे जा चुके हैं। जबकि कई और लोगों के खिलाफ कार्रवाई तेज हो गई है।

दो दिन पहले वायरल हो गया था पेपर : जिस अंग्रेजी विषय के वायरल पेपर को लेकर डीआइओएस विभाग कठघरे में खड़ा है, दरअसल वह मंगलवार को ही इंटरनेट मीडिया पर सुर्खियां बटोर रहा था। मामले में कई और जिम्मेदारों की तलाश चल रही है। प्रकरण में पुलिस ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों में कार्रवाई चल रही है। बलिया शहर, सिकंदरपुर और नगरा थाने में गिरफ्तार किए गए आरोपितों में तीन पत्रकार हैं। इसके अलावा कई लोग शिक्षण संस्थान से ताल्लुक रखते हैं। मामला मंगलवार को वायरल हुआ था। प्रशासन को इस मामले की भनक बुधवार को लगी। दोपहर में अचानक अंग्रेजी विषय की परीक्षा निरस्त करने के आदेश हुए और पुलिस ने गिरफ्तारियां शुरू कीं।

बुधवार को इनकी हुई थी गिरफ्तारी : शहर कोतवाली पुलिस ने डीआइओएस डा. ब्रजेश मिश्र व अजीत ओझा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इसी तरह नगरा पुलिस ने बृजभान यादव, जय प्रकाश यादव, जनार्दन यादव, सुनील कुमार, राकेश यादव, अनमोल, अनूप चौहान, अभिषेक यादव, दिग्विजय सिंह व मनोज गुप्ता को हिरासत में लिया जबकि सिकंदरपुर से शुभेन्द्र यादव, अहमद रजा, ओम प्रकाश वर्मा, सुधीर कुमार यादव व सुजीत वर्मा की गिरफ्तारी हुई थी।

### वार्षिकोत्सव जील 2022 खेलकूद प्रतियोगिताएं सम्पन्न

लखनऊ। गोमतीनगर स्थित आईआईएलएम एकेडमी आफ हायर लर्निंग के वार्षिकोत्सव जील 2022 के खेलकूद प्रतियोगिताएं शुक्रवार को सम्पन्न हो गयी। चार दिवसीय 14वें वार्षिकोत्सव में विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं के सेमीफ इनल एवं फाइनल मुकाबले खेले गए। जिसमें शहर के 35 से ज्यादा स्नातक व स्नात्कोत्तर एवं प्रबंध संस्थानों के छात्रों ने अपनी प्रतिभा का भरपूर प्रदर्शन किया। खेलकूद में भाग लेने वाले प्रतिभागियों का उत्साह एवं जोश देखने योग्य था। हर प्रतिभागी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करके पदक हथियाने को आतुर दिख रहा था। वहीं प्रतिभागियों के समर्थक अपनी टीम का मनोबल बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे थे। जिन प्रतिभागियों ने जीत दर्ज की उनका उल्लास शिखर पर था जिन्हें हार मिली वह निराश तो जरूर थे लेकिन उन्हें संतुष्टि थी कि उन्होंने अपना भरपूर प्रयास किया। खिलाड़ियों ने खेल भावना का भरपूर प्रदर्शन किया जो प्रशंसनीय है। खेलकूद प्रतियोगिताओं के सम्पन्न होने के बाद पुरस्कार वितरित किए।

## 15 तक जिलों का भ्रमण और चुनावी नतीजों का अध्ययन कर समिति जयंत चौधरी को सौंपेगी रिपोर्ट

लखनऊ, एजेंसी

उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव के बाद अब राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) संगठन पर फोकस करने जा रहा है। इसके लिए पार्टी ने तीन सदस्यीय समिति गठित कर दी है। इसमें रालोद के राष्ट्रीय महासचिव बाबा हरदेव, केपी चौधरी व चौधरी प्रवीण सिंह शामिल हैं। यह समिति पार्टी के मूल ढांचे में परिवर्तन करने का रोडमैप तैयार करेगी। समिति 15 अप्रैल तक प्रदेश के विभिन्न जिलों में भ्रमण कर अपना प्रतिवेदन राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी को सौंपेगी। विधानसभा चुनाव के नतीजों का भी अध्ययन यह समिति करेगी। समिति जिलों में जाकर यह देखेगी कि संगठन को किस तरह मजबूत किया जाए। पार्टी का मानना है कि चुनाव संगठन लड़ता है। ऐसे में यदि संगठन मजबूत रहेगा तो पार्टी चुनाव में और अच्छा प्रदर्शन करेगी। समिति संगठन में कहां-कहां बदलाव करना है और इसके मूल ढांचे में किस तरह परिवर्तन करना है इसकी विस्तृत रिपोर्ट तैयार करेगी।



वहीं, रालोद सदन से लेकर सड़क तक जनता के मुद्दे मजबूती से उठाएगी। रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी ने पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए कि देश में बढ़ रही महंगाई, रोजाना बढ़ रहे पेट्रोल-डीजल के दाम व गरीब व मध्यम वर्ग पर बढ़ रहे आर्थिक बोझ को मुद्दा बनाया जाए। रालोद किसानों के मुद्दे मजबूती से सदन से लेकर सड़क तक उठाएगी। रालोद अध्यक्ष ने पार्टी के विधायकों व पूर्व विधायकों को संगठन के साथ मिलकर काम करने के निर्देश भी दिए। बता दें कि उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी (सपा) के साथ गठबंधन कर राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) को संजीवनी मिल गई है। गठबंधन में रालोद को 33 सीटें मिली थीं, इनमें से आठ पर सफलता प्राप्त कर ली है। उसे इस बार करीब तीन प्रतिशत वोट मिला है। वर्ष 2017 में 1.78 प्रतिशत मत से संतोष करना पड़ा था। दरअसल, रालोद पिछले कई वर्षों से प्रदेश में अपनी खोई सियासी जमीन तलाश रही थी जो शायद इस बार विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी से गठबंधन के बाद हुई जीत में कुछ नजर भी आई है। वर्ष 2017 का चुनाव सपा और कांग्रेस के साथ मिलकर लड़ने वाली रालोद को केवल एक सीट मिली थी। जीता हुआ विधायक बाद में भाजपा में चला गया था, जिससे पार्टी शून्य पर चली गई थी। उसे मात्र 1.78 प्रतिशत वोट मिले थे।

## संभल कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिला कार्यालय पर महंगाई को लेकर किया विरोध प्रदर्शन

संभल, प्रातः किरण संवाददाता



कांग्रेस कार्यालय पर महंगाई को लेकर विरोध में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने महंगाई मुक्त भारत अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत आलम सराय कांग्रेस कार्यालय पर गैस सिलेंडर एवं डीजल कैन पर फूल माला पहनाकर महंगाई का विरोध किया है अध्यक्ष तौकीर अहमद के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने डीजल व गैस सिलेंडर के बढ़ते दामों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया और कांग्रेसी कताओं ने कहा कि मोदी सरकार ने जनता को धोखा दिया है और जनता को ठगा है निराश किया है जनता के वोट हासिल करने के लिए पेट्रोल डीजल गैस सिलेंडर की कीमतों को कुछ दिनों तक रोके रखा था वोट हासिल कर सरकार बनते ही उपरोक्त पेट्रोलियम पदार्थों की मूल्य में अधिकतम वृद्धि की है जनता की जेब काटकर उन्हीं के खून पसीने की कमाई के कुछ अंश से जनता को लॉलीपॉप दे कर बेवकूफ बनाया जा रहा है आम जनता के लिए उपयोग गैस सिलेंडर व पेट्रोलियम पदार्थों पर दिन बाद दिन मूल्य वृद्धि कर देश की जनता की कमर तोड़ने का कार्य किया जा रहा है एक और जनता को करोना कॉल के दौरान बर्बाद हुए कार्यों से बुरी तरह लोग बेरोजगारी के कारण अपने परिवार का पालन पोषण नहीं कर पा रहे हैं वहीं दूसरी ओर भाजपा सरकार ने घरेलू गैस सिलेंडर के दाम का कांग्रेस सरकार के समय से तीन गुना बढ़ा दिए हैं हम कांग्रेस पर मांग करते हैं कि डीजल पेट्रोल का गैस सिलेंडर के दामों में कमी करके समय के मूल्य तक लाकर जनता को महंगाई कम करने के लिए दिए गए वादे को पूरा करें।

## पेट्रोल-डीजल के बढ़ते दामों को लेकर मायावती ने उठाए सवाल बोलीं- केन्द्र सरकार इसे कम करने के लिए उचित कदम उठाएं

लखनऊ, एजेंसी



उत्तर प्रदेश में बढ़ती हुई महंगाई को लेकर आज बसपा सुप्रीमो मायावती और समाजवादी पार्टी ने भाजपा पर हमला बोला वहीं अखिलेश यादव ने पेपर लीक होने के मामले में सरकार का घेराव किया। बता दें कि पिछले दस दिनों से लगातार यूपी में पेट्रोल व डीजल के दामों में बढ़ोत्तरी से जनता परेशान हो चुकी है। कई शहरों में पेट्रोल के दाम 100 रुपये के पार हो चुका है। तेल कंपनियां हर रोज 80-80 पैसे की बढ़ोत्तरी कर रही हैं। इसी को लेकर मायावती और समाजवादी पार्टी ने अपने ट्विटर हैंडल से ट्वीट कर भाजपा पर हमला बोला है। बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने बढ़ती हुई महंगाई पर सरकार को घेरा। उन्होंने ट्वीट करते हुए लिखा कि, ह्यदेश के पांच राज्यों में विधान सभा आमचुनाव सम्पन्न होने के बाद अब तक उत्तर प्रदेश सहित पूरे देश में डीजल व पेट्रोल आदि के कई बार दाम बढ़ चुके हैं, जिसकी सीधी मार गरीब एवं मध्यम वर्गों पर पड़ रही है। केन्द्र सरकार इसे कम करने हेतु उचित कदम जरूर उठाये।

समाजवादी पार्टी ने भी पेट्रोल डीजल की बढ़ती कीमतों को लेकर भाजपा सरकार पर हमला बोला है। समाजवादी पार्टी ने ट्वीट करते हुए लिखा कि, महंगाई, महंगाई, महंगाई, दिन प्रतिदिन पेट्रोल डीजल के दाम बढ़ाकर सरकार आम आदमी के जख्मों को कुरेद रही है। लगातार नौवें दिन दामों में बढ़ोत्तरी कर भाजपा ने साबित कर दिया है कि उसे जन सरोकार से नहीं सिर्फ अपनी तिजोरी भरने से मतलब है। अब तक छह रुपये अधिक बढ़ चुके हैं दाम : 22 मार्च से पहले करीब साढ़े चार महीने के लंबे अंतराल से कीमतें स्थिर थीं। इनमें कोई बदलाव नहीं किया गया था। इसके बाद 22 मार्च को पहली बार कीमतों में वृद्धि की गई और तब से अब तक कीमतों को कुल 6.40 रुपये प्रति लीटर तक बढ़ाया गया है। मंगलवार से शुरू हुई थी पेट्रोल-डीजल के दामों में बढ़ोत्तरी : वाराणसी में सोमवार को पेट्रोल 96.11 रुपये प्रति लीटर था यह मंगलवार को बढ़कर 96.91 रुपये प्रति लीटर हो गया था। इसी प्रकार डीजल 87.63 रुपये प्रति लीटर से 88.44 रुपये प्रति लीटर हो गया था।

एक प्रकार से पेट्रोल में 80 पैसे प्रति लीटर और डीजल में 71 पैसे प्रति लीटर की बढ़ोत्तरी की गई थी। गोरखपुर में भारत पेट्रोलियम के पंपों पर अब पेट्रोल प्रति लीटर 96.14 रुपये में मिल था। इससे पहले पेट्रोल 95.34 रुपये प्रति लीटर में मिल रहा था। इसी तरह डीजल 87.67 रुपये में मिला था। पहले डीजल 86.87 रुपये प्रति लीटर मिल रहा था। स्पीड पेट्रोल की कीमतों में भी प्रति लीटर 80 पैसे की बढ़ोत्तरी की गई थी। पहले स्पीड पेट्रोल 98.03 रुपये प्रति लीटर में मिल रहा था। मंगलवार को इसकी कीमत 98.83 रुपये प्रति लीटर थी।

**ज्ञापन** आप कार्यकर्ताओं ने एडीसीपी लखनऊ के माध्यम से राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

## सीएम के घर पर हुए हमले के विरोध में आप ने किया विरोध प्रदर्शन

लखनऊ, एजेंसी



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास पर भाजपा के गुंडो की ओर से किये गये कायराना हमले पर आप कार्यकर्ताओं ने प्रदेश भर के सभी जिलों में विरोध-प्रदर्शन किया। लखनऊ में जिला महासचिव अफरोज आलम के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने जबरदस्त विरोध-प्रदर्शन किया। इस दौरान पुलिस से कार्यकर्ताओं की झड़प हुई और कई कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर उनको ईको गार्डेन पार्क ले गई। आप कार्यकर्ता दोषियों को सजा दिये जाने की मांग कर रहे थे। लखनऊ में विरोध प्रदर्शन के दौरान राज्यपाल के नाम प्रेषित ज्ञापन को एडीसीपी लखनऊ ने लिया।

प्रदेश महासचिव दिनेश सिंह पटेल ने कहा कि भाजपा डर गई है और अब वो आम आदमी पार्टी के सीएम अरविंद केजरीवाल के मारने पर तुल गई है। पंजाब की जीत को भाजपा हजम नहीं कर पा रही है। यही वजह है वो कायराना हरकतें कर रही है। उन्होंने कहा कि बीजेपी दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की हत्या कराना चाहती है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से कल पुलिस की मौजूदगी में पुलिस के साथ भारतीय जनता पार्टी के गुंडे मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के दिल्ली स्थित आवास पर पहुंचे और उन्होंने घर के सीसीटीवी तोड़े और सिक्योरिटी के बूम बैरियर तोड़े। उससे साफ होता है कि वो उनको नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से वहां गये थे। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी बाबा साहेब के नक्शे कदम पर चलने वाली और लोकतन्त्र में विश्वास करने वाली पार्टी है। आम आदमी पार्टी लखनऊ इस हमले की कठोर निन्दा करती है और राजपाल महोदया से ये मांग करती है कि दोषियों पर तुरंत कानूनी कार्यवाही करके उन्हें जेल भेजने का आदेश दिया जाय।

विरोध प्रदर्शन में जिला महासचिव अफरोज आलम, तुषार श्रीवास्तव, सुभाषनी मिश्रा, ललित वाल्मीकि, शिवम, राजीव पांडेय, आकाश मिश्रा, पंकज यादव, शादाब राइन, इरम, अमित चोपड़ा, सैयद मोहम्मद तकी, आलोक सिंह, प्रखर श्रीवास्तव, रानी कुमारी, रितु अग्रवाल, रीता सिंह, इस्मा, वीरेंद्र गुप्ता, जॉनी, पीके बाजपेई, मुकेश शुक्ला, ललित तिवारी, अनिल जैन, कृपा निधान, मोहम्मद शहीद, राम सागर शुक्ला, रविप्रकाश सैनी, राजेश कुमार रावत, मोहम्मद मतीन, ललित तिवारी, अनिल जैन और प्रदेश कोषाध्यक्ष राजीव पाण्डेय भी मौजूद रहे।

## पहली अप्रैल को पीएम नरेंद्र मोदी करेंगे परीक्षा पर चर्चा

लखनऊ, एजेंसी



हाईस्कूल, इंटरमीडिएट समेत अन्य कक्षाओं की परीक्षाओं को देखते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल यानी पहली अप्रैल को परीक्षा पर चर्चा करेंगे। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री परीक्षा के दौरान होने वाले तनाव से छात्रों को उबरने के मंत्र देंगे वहीं परीक्षा को एक उत्सव के रूप में मनाने के लिए छात्रों को प्रोत्साहित भी करेंगे। इसके लिए स्कूलों की तैयारियां अंतिम चरण पर हैं। कार्यक्रम को लेकर सभी केन्द्रीय विद्यालयों, राजकीय इंटर कालेजों, जवाहर नवोदय विद्यालय व अन्य सभी विद्यालयों द्वारा कार्यक्रम को सभी छात्रों तक पहुंचाने का प्रयास अंतिम चरण पर है। केंद्रीय विद्यालय अलीगंज की प्रिंसिपल संगीता यादव, जिला विद्यालय निरीक्षक डा. अमरकांत सिंह ने बताया कि सारी तैयारियां अंतिम चरण पर हैं। एलईडी टीवी लगा ली गई हैं। बच्चों के बैठने की व्यवस्था भी कर ली गई है। कोरोना काल के बाद जो छात्र आफलाइन परीक्षा में शामिल होने जा रहे हैं, उनके लिए परीक्षा पर चर्चा बहुत उपयोगी है। प्रधानमंत्री का सरल भाषा में छात्रों के साथ किया गया संवाद छात्रों को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ उनके अद्वितीय व्यक्तित्व एवं अभिव्यक्ति क्षमता का निर्माण करता है। जवाहर नवोदय विद्यालय पिपरसंड के प्राचार्य वीके बाजपेई ने बताया कि प्रधानमंत्री पहली अप्रैल को सुबह 11 बजे स्कूली बच्चों के साथ सीधे संवाद करेंगे। कार्यक्रम दूरदर्शन के सभी चैनलों जैसे डीडी नेशनल, डीडी न्यूज, डीडी इंडिया द्वारा सीधे प्रसारित किया जाएगा। कार्यक्रम की लाइव स्ट्रीमिंग कई वेबसाइट तथा शिक्षा मंत्रालय के यूट्यूब चैनल, फेसबुक लाइव और स्वयंप्रभा के माध्यम से प्रसारित किया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### जीजा बनकर 38 हजार रुपये ठगे

फरीदाबाद। साइबर ठगों ने जीजा बनकर भांजे की बीमारी के नाम पर एक युवक के खाते से 38 हजार रुपये उड़ा लिए। पीड़ित की शिकायत पर एसजीएम नगर थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आदर्श कालोनी निवासी हनी ने पुलिस को बताया कि उनके पास एक फोन काल आई थी। काल करने वाले ने उनसे कहा कि वह उनका जीजा बोल रहा है। उसके भांजे की तबीयत खराब है। वह गुरुग्राम के अस्पताल में भर्ती है। उसे रुपयों की आवश्यकता है। इस पर हनी ने ज्यादा ध्यान नहीं दिया। इसके बाद उस व्यक्ति ने बात घुमाते हुए कहा कि वह उनके खाते में एक लाख रुपये डलवा रहा है। इसके बाद हनी के मोबाइल पर एक लिंक आया। उन्होंने जैसे ही लिंक पर क्लिक किया, उनके खाते से 38 हजार रुपये कट गए। तब उन्हें ठगी का अहसास हुआ। जिस खाते में रुपये गए वह लोकेश बाबू के नाम पर है। हनी की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### कूलर के कारखाने में आग, आठ कामगार झुलसे

नोएडा। नोएडा के थाना बादलपुर क्षेत्र के विश्नोली गांव के पास कूलर के एक कारखाने में बृहस्पतिवार सुबह भयंकर आग लग गई, जिससे वहां काम कर रहे आठ लोग झुलस गए, इनमें अधिकतर महिलाएं हैं। मुख्य दमकल अधिकारी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि थाना बादलपुर क्षेत्र के विश्नोली गांव के पास श्री श्याम नामक कूलर का पैड व घास बनाने का कारखाना है। इस कारखाने में सुबह पांच बजे भयंकर आग लग गई। उन्होंने बताया कि आग की सूचना पाकर मौके पर दमकल विभाग की आधा दर्जन गाड़ियां पहुंची और तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। उन्होंने बताया कि घटना के वक्त कारखाने के अंदर 24 से ज्यादा कामगार थे जिन्हें दमकल कर्मियों और पुलिस कर्मियों ने बाहर निकाला। उन्होंने बताया कि आग के चलते आठ लोग झुलस गए हैं, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनमें पांच महिलाएं गंभीर रूप से झुलसी हैं और एक की हालत गंभीर बनी हुई है। उन्होंने कहा कि आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

### सिटी मजिस्ट्रेट दफ्तर पर आप का प्रदर्शन

नोएडा। आम आदमी पार्टी (आप) के जिलाध्यक्ष भूपेंद्र जादौन के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को सेक्टर-19 सिटी मजिस्ट्रेट दफ्तर पर प्रदर्शन किया। उन्होंने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के घर पर हमले पर विरोध जताया। आप कार्यकर्ताओं ने हमला करने वालों की गिरफ्तारी और घटना की जांच उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश की निगरानी में कराने की मांग की। इस संबंध में सिटी मजिस्ट्रेट को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। इस दौरान आप के प्रदेश अध्यक्ष सभाजीत सिंह ने सीएम अरविंद केजरीवाल के घर किए गए हमले की निंदा की। उन्होंने इस घटना को शर्मनाक बताया। इस मौके पर आप के प्रत्याशी रहे पंकज अवाना, विनय पटेल, मीनाक्षी श्रीवास्तव, ओमवीर यादव, संजय चेची, प्रो एके सिंह, पूनम सिंह, नितिन प्रजापति, राकेश अवाना, राहुल सेठ, तरुन तंवर, परशुराम चौधरी, मुकेश प्रधान, कैलाश शर्मा, ऋषि बैसोया, प्रशान्त राज, मुकुल अवाना व प्रमोद सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# महंगाई पर कांग्रेस का जोरदार प्रदर्शन



- पेट्रोल, डीजल और गैस के बढ़ते दामों को लेकर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की

गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता

गुरुवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बढ़ती महंगाई के विरोध में डीजल पेट्रोल और गैस के बढ़े दामों को वापस लेने की मांग करते हुए गुरुग्राम के सोहना चौक पर जमकर प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन का नेतृत्व कांग्रेस व्यापार सेल के चेयरमैन पंकज डावर ने किया। इस मौके पर कुलदीप कटारिया, अशोक भास्कर, अशोक टोंक, अमित कोचर, महावीर बोहरा, रवि राज, धर्मेंद्र मिश्रा, निर्मल यादव, रेखा यादव, रश्मि शर्मा, ओम प्रकाश पंचाल, जय सिंह हुड्डा, नरेश वशिष्ट, सनी यादव, रिंकू वाल्मीकि, राजेंद्र पंचाल, जितेंद्र बेरवाल समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। प्रदर्शन के दौरान पंकज डावर ने कहा कि भाजपा की सरकार अब तानाशाही रवैया अपना रही है जिसको लेकर जब चाहे डीजल पेट्रोल के दाम या फिर रसोई गैस के दाम व अन्य खाद्य सामग्री के दामों में बढ़ोतरी कर रही है। भाजपा शासनकाल में लोगों को दो वक्त की रोटी भी नसीब नहीं हो पा रही है। पंकज डावर ने कहा कि कांग्रेस के कार्यकर्ता आम जनता की समस्याओं को लेकर लगातार प्रदर्शन करते रहे हैं, आज महंगाई के दौर में आम जनता की मांग को लेकर हम प्रदर्शन कर रहे हैं और यह प्रदर्शन आगे भी इसी तरह जारी रहेगा। प्रदर्शन के दौरान सभी कार्यकर्ताओं ने मिलकर सोहना चौक पर गैस सिलेंडर और स्कूटी पर माला फूल चढ़ाकर तेल और गैस के बढ़ाए गए दामों का विरोध जताया और भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

# गुरुग्राम दमकल बेड़े में शामिल हुई 8 नई गाड़ियां



- मेयर ने पूजा करके नई गाड़ियों का किया स्वागत व हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता

साइबर सिटी के दमकल बेड़ें में सरकार की ओर से 8 नई दमकल गाड़ियां भेजी गई हैं। वीरवार को गुरूग्राम की मेयर मधु आजाद ने विधिवत पूजा-अर्चना करके नई गाड़ियों का स्वागत किया तथा हरी झंडी दिखाकर जिला के सातों फायर स्टेशनों की ओर रवाना किया।इस मौके पर मेयर ने प्रदेश सरकार का धन्यवाद करते हुए कहा कि गुरूग्राम जिला में प्रदेश सरकार द्वारा 8 दमकल गाड़ियां भेजी गई हैं, जिसकी आवश्यकता भी थी। उन्होंने इसके लिए दमकल विभाग के उपनिदेशक (तकनीकी) गुलशन कालरा के प्रयासों की सराहना की। मेयर ने कहा कि इन 8 नई गाड़ियों के आने से गुरूग्राम का दमकल विभाग और भी मजबूत हुआ है। उन्होंने कहा कि आग लगने जैसी घटनाओं पर तुरंत काबू पाने के लिए प्रत्येक दमकल केन्द्र पर पर्याप्त वाहनों का होना अत्यंत आवश्यक है। दमकल विभाग के उपनिदेशक (तकनीकी) गुलशन कालरा ने कहा कि प्रदेश सरकार की ओर से भेजी गई इन 8 गाड़ियां में 5 बड़ी गाड़ियां तथा 3 छोटी गाडियां शामिल हैं। इनमें से पटौदी, उद्योग विहार, भीमनगर, सैक्टर-29 व सैक्टर-37 में एक-एक बड़ी गाड़ी दी गई है तथा सैक्टर-29, सोहना व मानेसर स्थित दमकल केन्द्रों में एक-एक छोटी गाड़ी दी गई है।इस मौके पर नगर निगम गुरूग्राम की अतिरिक्त आयुक्त डा. वैशाली शर्मा, निगम पार्षद सुभाष सिंगला, अश्विनी शर्मा, हेमन्त, शीतल बागड़ी, भाजपा नेता अनिल यादव, पूर्व निगम पार्षद गजेसिंह कबलाना, भाजपा नेता अनिल यादव कन्हैयी व नीरज यादव सहित सभी दमकल केन्द्रों के अधिकारी उपस्थित थे।

# चिकित्सकों के साथ जबरदस्ती समाज को बहुत महंगी पड़ेगी: डॉ. सारिका वर्मा

गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता



आए दिन चिकित्सकों के साथ मारपीट जोर जबरदस्ती हंगामा के वारदात बढ़ते जा रहे हैं, लेकिन ऐसे हादसे समाज को बहुत महंगे पढ़ेंगे। ऐसा कहना है गुरुग्राम आई एम ए सचिव डॉ सारिका वर्मा का।

राजस्थान के दौसा जिले में प्रसव के बाद महिला को पोस्टपार्टम हैम्रेज यानी रक्त बहने की वजह से मृत्यु हो गई। डॉक्टरों के जटिल प्रयास के बाद भी मरीज बच नहीं पाई। रिश्तेदारों और स्थानीय राजनीतिक लोगों ने अस्पताल के बाहर मरीज के शव को रखा और खूब हल्ला करते हुए धरना दीया। जिला प्रशासन और पुलिस ने दबाव में आकर डॉक्टर के खिलाफ धारा 302 (हत्या) एफ आई आर दर्ज कर दिया। इतने दबाव और डर के बाद गोल्ड मेडलिस्ट डॉ अर्चना शर्मा ने अपनी जान ले ली और सुसाइड नोट में लिखा है की मासूम डॉक्टरों के ऊपर अत्याचार ना किया जाए। डॉ सारिका वर्मा ने बताया सुप्रीम कोर्ट के अनुसार किसी भी डॉक्टर पर एफ आई आर तभी हो सकती है जब जिला मेडिकल बोर्ड स्थापित करे डॉक्टर की लापरवाही का मामला है। इसके अलावा डॉक्टर को हिरासत में नहीं लिया जा सकता। इसके बावजूद पुलिस मीडिया और रिश्तेदार भीड़ बनकर डॉक्टर को परेशान करते हैं और शारीरिक या मानसिक रूप से प्रताड़ित करते हैं।

एक गोल्ड मेडलिस्ट डॉक्टर जो देश ने आज खो दिया उसके मौत का जिम्मेदार कौन है ?आज पूरे राजस्थान में डॉक्टरों ने स्ट्राइक की है और मांग उठाई है कि पुलिस प्रशासन के खिलाफ कारवाई की जाए कि किस बिना पर हत्या का एफ आई आर दर्ज किया गया। डॉ अर्चना की मृत्यु पर सभी आई एम ए गुडगांव के डॉक्टरों ने शोक प्रकट किया है और उम्मीद जताई है की सरकार की ओर से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### महिला के खाते से 60 हजार निकाले

नोएडा, प्रात: किरण संवाददाता

ठग ने पेटीएम के रुपये रिफंड दिलाने के नाम पर महिला से 60 हजार रुपये ऐंठ लिए। आरोपी ने महिला के मोबाइल पर लिंक भेजकर जालसाजी की। इस संबंध में उन्होंने सेक्टर-20 थाने में केस दर्ज कराया है। पुलिस को दी शिकायत में ज्योति यादव ने बताया कि वह सेक्टर-11 में रहती हैं। उन्होंने 29 मार्च को पेटीएम से ट्रेन के टिकट बुक किए थे। इस दौरान महिला से गलत ट्रांजेक्शन हो गया। उन्होंने रिफंड लेने के लिए इंटरनेट पर पेटीएम कस्टमर केयर का नंबर सर्च किया। इस दौरान एक नंबर पर कॉल की। कॉल रिसीव करने वाले ने खुद को केयर सेंटर का कर्मचारी बताया। आरोपी ने महिला से कहा कि वह उनका पैसा रिफंड करा देगा। इसके बाद आरोपी ने महिला के मोबाइल पर एक लिंक भेजा।

# सेक्टर-62 में चालक को बेहोश कर लूटपाट

नोएडा, प्रात: किरण संवाददाता

बदमाशों ने सेक्टर-62 में चालक को नशीला पदार्थ सुंघाकर उससे ई-रिक्शा, मोबाइल और नकदी लूट ली। आरोपियों ने सेक्टर-37 से चालक का ई-रिक्शा बुक किया था। होश आने के बाद पीड़ित ने बदमाशों के खिलाफ सेक्टर-39 थाने में केस दर्ज कराया है।

पुलिस को दी शिकायत में राजा कुमार नाम के व्यक्ति ने बताया कि वह ई-रिक्शा चलाकर परिवार का गुजारा करते हैं। वह 28 मार्च को सेक्टर-37 में सवारियों का इंतजार कर रहा था तभी एक व्यक्ति उनके पास आया। उसने राजा से सेक्टर-62 चलने के लिए कहा। राजा के भाई सुरेश सिंह का कहना है कि आरोपी सवारी के तौर पर ई-रिक्शा में आगे बैठा था। कुछ दूर जाने के बाद उसने सुरती बनाने के बहाने राजा के मुंह पर नशीला पाउडर फेंक दिया। राजा ने मास्क नहीं पहना था, जबकि आरोपी ने मास्क पहन रखा था। इसके कुछ देर बाद ही राजा बेहोश हो गया। आरोपी ने सेक्टर-62 के पास राजा को ई रिक्शा से फेंक दिया। फिर बदमाश राजा का ई-रिक्शा, मोबाइल और नकदी लूटकर फरार हो गया। आसपास के लोगों की मदद से राजा को नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां उसे करीब 18 घंटे बाद होश आया। इसके बाद मामले की शिकायत पुलिस को दी गई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

### नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा निर्माण की विस्तृत योजना को छह अप्रैल को मिलेगी मंजूरी

ग्रेटर नोएडा, प्रात: किरण संवाददाता

नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा निर्माण की विस्तृत योजना को नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड (नियाल) की छह अप्रैल को होने वाली बोर्ड की बैठक में मंजूरी मिलने की संभावना है। यमुना विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डा. अरुणवीर सिंह ने यह जानकारी दी। वर्ष 2024 में नोएडा हवाईअड्डे से यात्री सेवाएं शुरू करने का लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि हवाई अड्डे का निर्माणकार्य मई से शुरू हो सकता है।

यमुना अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड अधिगृहीत जमीन में चारदीवारी का निर्माण करा रही है। निर्माण कार्य शुरू करने से पहले कंपनी ने निर्माण की विस्तृत योजना स्वीकृति के लिए नियाल को सौंपी थी, नियाल ने इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड से इसका तकनीकी परीक्षण कराया ।

# नवरात्रों पर बाजारों में श्रद्धालुओं की लगी है भीड़



गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता

- पूजन व खाद्य सामग्रियों में आई है तेजी

चैत्र नवरात्रों को लेकर शहर के विभिन्न बाजारों व शॉपिंग कॉम्पलैक्स स्थित दुकानों पर सामान खरीदने वाले श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। शनिवार से मां दुर्गा के नवरात्रे शुरू हो रहे हैं। शहर के मुख्य सदर बाजार, सोहना चौक, जैकबपुरा, ओल्ड व न्यू रेलवे रोड, एमजी रोड स्थित शॉपिंग मॉल्स स्थित दुकानें नवरात्रों के लिए सज गई हैं। इन दुकानों पर जहां मां दुर्गा की पूजा में इस्तेमाल होने वाली सामग्री की बिक्री हो रही है, वहीं श्रद्धालुओं द्वारा व्रत रखे जाने पर खानपान की वस्तुओं की भी खूब बिक्री हो रही है। मां दुर्गा के 9 स्वरूपों की प्रतिमाओं की खरीददारी करते श्रद्धालु दिखाई दिए। दुकानों पर श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है, जिनमें महिलाओं की संख्या सबसे अधिक है। जहां पूजन सामग्री महंगी हो गई है, वहीं व्रत के दौरान इस्तेमाल होने वाले कुट्टू और सिंघाड़े के आटे के दामों में गत वर्ष की अपेक्षा 25 प्रतिशत की बढोतरी हो गई है। फलों के दामों में भी महंगाई का असर दिखाई देने लगा है, लेकिन फिर भी श्रद्धालुओं की आस्था नवरात्रों के प्रति कम होती दिखाई नहीं दे रही है। आलू के दामों में भी वृद्धि हुई बताई जाती है। माता की चुनरी 50 रुपए तक मिल पा रही है जबकि नारियल 50 से 60 रुपए तथा ड्राई फ्रूट के दामों में भी गत वर्ष की अपेक्षा अधिक वृद्धि हुई है।

## मां शीतला के दर्शनों के लिए उमड़ रहा है श्रद्धालुओं का सैलाब



- अभी तक लाखों श्रद्धालु कर चुके हैं मां शीतला के दर्शन

गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता

चैत्र नवरात्रों पर मां शीतला मंदिर में मेले का आयोजन चल रहा है। मार्च के तीसरे सप्ताह में मेले का शुभारंभ हुआ था,तभी से बड़ी संख्या में श्रद्धालु मां शीतला के दर्शन करने के लिए आ रहे हैं। शीतला माता श्राईन बोर्ड ने माता के दर्शन करने के लिए आने वाले श्रद्धालुओं के लिए सभी सुविधाएं मंदिर परिसर में उपलब्ध कराई हुई हैं। गत दिवस तक लाखों श्रद्धालु मां शीतला के दर्शन कर अपनी मनोकामना पूर्ण होने की मां से प्रार्थना भी कर चुके हैं। ये श्रद्धालु हरियाणा से ही नहीं, अपितु देश के विभिन्न प्रदेशों उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तराखंड, पंजाब, राजस्थान, मध्यप्रदेश, हिमाचल प्रदेश, महाराष्ट्र आदि से बड़ी संख्या में।

# उप्र ही है दिल्ली की सत्ता की धुरी : लक्ष्मी नारायण

फरीदाबाद, एजेंसी

योगी सरकार में गन्ना विकास और चीनी मिल मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण का कहना है कि उत्तर प्रदेश ही दिल्ली की सत्ता की धुरी है। मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में यूपी के राष्ट्रवादी किसानों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को और अधिक सशक्त बनाने के लिए भाजपा को वोट दी है। इन नतीजों ने 2024 में होने वाले लोकसभा चुनावों में भाजपा की मजबूत नींव डाल दी है। यहां सेक्टर-9 स्थित अपने समधी सुभाष चौधरी के निवास पर आए चौ.लक्ष्मी नारायण ने दैनिक जागरण से बातचीत में कहा कि चुनाव से पहले पश्चिमी उत्तर प्रदेश और ब्रज क्षेत्र के किसानों के रुख को लेकर राजनीतिक विश्लेषकों में ऊहापोह की स्थिति थी। चुनाव में किसानों ने कोई नया चमत्कार नहीं किया है। जो किसानों की मूल भावना जानते हैं, उन्हें पता था कि यूपी के किसान भी राजस्थान व हरियाणा जैसा ही परिणाम देंगे। यही हुआ भी। पश्चिमी यूपी व ब्रज क्षेत्र में भी चुनावों में किसानों ने अपेक्षाकृत सकारात्मक परिणाम दिए। अपनी बात को पुख्ता करने के लिए तर्क देते हैं कहा कि राजस्थान में विधानसभा चुनाव भाजपा हार गई। इसके बावजूद वहां के किसानों ने लोकसभा चुनाव में 25 की 25 सीट भाजपा और उसके सहयोगी दल की झोली में डाल दी। हरियाणा में भी चुनाव से पहले किसान नाराज थे मगर 2019 के लोकसभा चुनाव में सभी दस सीट भाजपा की झोली में डाल दीं। इसी तरह अब विधानसभा चुनाव में भी प.उत्तर प्रदेश और ब्रज के किसानों ने भाजपा को ही सबसे ज्यादा सीट दी हैं। गन्ना मंत्री का कहना है कि वे किसानों की नाराजगी दूर करने का मंत्र जानते हैं। प्रगतिशील किसान जानता है कि उसकी प्रगति किस राजनीतिक दल के साथ होगी। फिलहाल भाजपा को किसानों के साथ संवाद कायम रखना है। किसानों को उसकी फसल का उपयुक्त और समय से भुगतान करवाना है। इसलिए उन्होंने अपना मंत्रालय संभालते ही सबसे पहला कदम यह उठाया है कि इस बार जब तक एक भी गन्ना खेत में खड़ा रहेगा तब तक उत्तर प्रदेश की चीनी मिल बंद नहीं होंगी।

# मालाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने 180 जरूरतमंद बालिकाओं की शिक्षा में किया सहयोग

गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता



- समाजसेवा एवं महिला सशक्तिकरण के लिए समर्पित होकर काम कर रहा मालाबार गोल्ड: परमिंदर कटारिया

मालाबार गोल्ड एंड डायमंड्स गुरुग्राम ने सीएसआर के तहत अपने सामाजिक दायित्व का निर्वहन करते हुए 200 जरूरतमंद बच्चियों की शिक्षा में सहयोग किया है। इसके लिए गुरुग्राम के आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चियों की काउंसलिंग कर उनकी शिक्षा के लिए अधिकतम 10 हजार रुपए तक सीधे उनके परिवारों के खाते में जमा करने की घोषणा की गई ताकि इस धनराशि से यह सभी परिवार अपनी बच्चियों की शिक्षा में सहयोग कर सकें। इसके लिए आयोजित कार्यक्रम के दौरान मालाबार गोल्ड एंड डायमंड्स प्रबंधन ने बताया कि बच्चियों को एक साल के लिए अधिकतम दस हजार रुपए तक की राशि प्रदान की जाएगी जिससे वो अपनी 12वीं तक की पढ़ाई पूरी कर सकें।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में पहुंचे गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला ने बालिकाओं का उत्साहवर्धन करते हुए इसके लिए मालाबार की पूरी टीम को हृदय से धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बालिकाओं की शिक्षा में मदद करना मालाबार गोल्ड का सराहनीय कार्य है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचे गुरुग्राम के पूर्व डिप्टी मेयर परमिंदर कटारिया ने इस नेक कार्य के लिए मालाबार गोल्ड को कोटि कोटि धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि मालाबार गोल्ड द्वारा समाजसेवा और महिला सशक्तिकरण के लिए समर्पित होकर काम किया जा रहा है।

इस महान कार्य के लिए मालाबार गोल्ड एवं डायमंड्स प्रबंधन की जितनी भी प्रशंसा की जाए वह कम है। परमिंदर कटारिया ने कहा कि आज हरियाणा के साथ पूरे देश में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान तभी सफल होगा जब मालाबार गोल्ड की तरह ही हम सभी अपने सामाजिक दायित्व का निर्वहन करेंगे। कार्यक्रम के दौरान पूर्व पार्षद मंगत राम बागड़ी, समाजसेवी जुगल रैना, समाजसेवी रविंद्र भारद्वाज, अंबिका प्रसाद, नरेंद्र कटारिया, कर्मवीर, सोनू वालिया, ललित कटारिया, शैलेन्द्र, आर पी सिंह, कृष्ण पंडित और सुशील कुमार आदि उपस्थित रहे।

### दोस्त का हत्यारोपी बदमाश मुठभेड़ में दबोचा

ग्रेटर नोएडा, एजेंसी

सेक्टर ईकोटेक-3 पुलिस ने दोस्त की हत्या करने के मामले में फरार बदमाश को गुरुवार की सुबह मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ में उसके पैर में गोली लगी थी। उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस ने बुधवार को इस हत्याकांड का खुलासा कर चार आरोपियों को गिरफ्तार कर किया था। एडीसीपी सेंट्रल नोएडा इलामारन ने बताया कि पुलिस मुठभेड़ में घायल हुआ बदमाश अमन मूलरूप से मध्य प्रदेश का रहने वाला है। फिलहाल वह ग्रेटर नोएडा के हल्दौनी गांव में रह रहा था। अमन ने अपने चार अन्य साथी फारुक उर्फ सफी, आकाश, मोहन और संजय के साथ मिलकर अपने दोस्त विवेक की हत्या कर दी थी। सभी आरोपी इकोटेक तीन स्थित औद्योगिक क्षेत्र की बंद पड़ी फैक्टरियों में चोरी करते थे। विवेक भी चोरी की घटनाओं में शामिल था। आरोपियों को शक था कि विवेक पुलिस की मुखबिरी करता है। इसके चलते इन सभी ने एक राय होकर 25 मार्च की रात को विवेक की हत्या कर दी थी।

# स्मार्ट सिटी से पकड़कर अरावली की पहाड़ियों में छोड़े जाएंगे बंदर

फरीदाबाद, प्रात: किरण संवाददाता

- नगर निगम ने जारी की निविदाएं, खाने का किया जाएगा बंदोबस्त

स्मार्ट सिटी के लोगों को बंदरों के आतंक से निजात दिलाने के लिए नगर निगम ने योजना तैयार कर ली है। इसके अनुसार बंदरों को पकड़कर अरावली की पहाड़ियों में छोड़ा जाएगा। बंदर दोबारा आबादी का रुख ना करने को ध्यान में रखकर बंदरों के लिए अरवली में ही खाने का बंदोबस्त किया जाएगा। योजना को कामयाब करने और लोगों को परेशानी से निजात दिलाने के लिए निगम बंदरों को पकडने वाली टोलियों का सहयोग लेगा। जिसकी एवज में निगम का सहयोग करने वाली संबंधित टोलियों को मेहनताना भी दिया जायेगा। इसके लिए नगर निगम ने मंगलवार की टेंडर जारी कर दिए हैं। इस अभियान में सहयोग करने वाली टोली पांच अप्रैल तक टेंडर भर सकते हैं। इसके बाद बंदरो को पकड़ने के लिए अभियान शुरू कर दिया जाएगा। फरीदाबाद में कई वर्ष से बंदरो की तादाद बढ़ती जा रही है। निगम सूत्रों के अनुसार शहर में करीब 15 हजार बंदर हो चुके हैं। नगर निगम के कर्मचारियों का आरोप है कि दिल्ली नगर निगम के कर्मचारी दिल्ली से बंदरों को पकड़कर फरीदाबाद की सीमा में छोड़ जाते है। ऐसी सूचना भी नगर निगम फरीदाबाद को मिलती है लेकिन जब मौके पर जाते है तो वहां कोई नही मिलता है। बहरहाल, अभी तक किसी को रंगे हाथ नही पकड़ा गया है। कर्मचारियों का कहना है कि अब दिल्ली सीमा पर पहरा देने की तैयारी की जा रही है। बहरहाल अब, एक्सपर्ट टीम आने के बाद इस पर काम किया जाएगा।

**लोगो पर हमलावर होने से बढ़ रही परेशानी**

बंदर सहित बेसहारा पशुओं के आतंक की शिकायत नगर निगम में बढ़ती जा रही हैं। गंभीर रूप से लोगों को जख्मी किए जाने के मामले भी निगम के पास पहुंच रहे हैं। वहीं सांड के हमले में मौत के मामले भी सामने आ चुके हैं। शहर की गलियों बाजारों में मौजूद बंदर भी अब खतरनाक ढंग से लोगों पर हमलावर हो रहे हैं। पिछले वर्ष गाँव बडखल में सुबह छत पर गए एक बच्चे पर बंदरो ने हमला कर बच्चे की गर्दन में दांत काफी अंदर तक गाड़ दिये थे। बच्चे को जख्मी हालत में बीके अस्पताल ले जाया गया था।

**तीन हजार लोग हर महीने पहुंच रहे अस्पताल**

बीके अस्पताल में रैबिज का टीका लगवाने के लिए करीब तीन हजार लोग हर महीने अस्पताल पहुंच रहे है। इनमें कुत्ते के काटे जाने वाले मरीज अधिक है जबकि दूसरे नंबर पर बंदर द्वारा घायल लोग हैं। मरीजों की संख्या बढ़ने की वजह से अस्पताल में रैबीज के इंजेक्शन का भी टोटा हो जाता है। लोगों का कहना है कि इससे उनकी परेशानी बढ़ जाती है।

## संक्षिप्त खबरें

### जेबीएल फ्लिप 6 भारत में 14,999 रुपये में हुआ लॉन्च

बेंगलुरु। ऑडियो उपकरण निर्माता जेबीएल बाय हरमन ने भारत में अभिनव सुविधाओं के साथ एक नया पोर्टेबल स्पीकर जेबीएल फ्लिप 6 लॉन्च किया है। 14,999 रुपये की कीमत वाला जेबीएल फ्लिप 6 ओशन ब्लू, मिडनाइट ब्लैक और स्क्वाड रंगों में ऑफलाइन और ऑनलाइन स्टोर पर उपलब्ध होगा। हरमन इंडिया के लाइफस्टाइल वाइस प्रेसिडेंट विक्रम खेर ने एक बयान में कहा, जेबीएल फ्लिप 6 एक बोल्ड नया लोगो डिजाइन पेश करता है, जो अपने पूर्ववर्तियों की तुलना में अधिक शक्तिशाली है और लेटेस्ट जेबीएल साउंड टेक्नोलॉजी से लैस है। जेबीएल फ्लिप 6 में ड्यूल पैसिव रेडिएटर्स, शक्तिशाली रेसट्रेक-शेप्ड वूफर और अलग ट्वीटर के साथ एक बिल्कुल नया ऑडियो कॉन्फिगरेशन है।

### टोयोटा किर्लोस्कर की एसयूवी हिलक्स की कीमत 33.99 लाख रुपये से शुरू

नई दिल्ली। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसकी एसयूवी हिलक्स की कीमत 33.99 लाख रुपये से 36.8 लाख रुपये के बीच रखी गई है। ये गाड़ी इस साल की शुरूआत में लांच की गई थी। टीकेएम के कार्यकारी उपाध्यक्ष तादाशी असाजुमा ने एक बयान में कहा कि बेहतरीन इंजीनियरिंग से युक्त, सुरक्षित और आरामदायक हिलक्स रोमांच का आनंद लेने वालों के लिए खास है। वैश्विक स्तर पर हिलक्स की 180 देशों में अब तक दो करोड़ इकाइयां बिक चुकी हैं। टीकेएम ने यह गाड़ी जनवरी में लांच की थी लेकिन गाड़ी की भारी मांग और आपूर्ति प्रभावित करने वाले कारकों के चलते फरवरी में इसकी बुकिंग अस्थायी तौर पर रोक दी गई थी।

### गेल 1,083 करोड़ रुपये में करीब 5.7 करोड़ शेयर की पुनर्खरीद करेगी

नई दिल्ली। गेल (इंडिया) लिमिटेड ने बृहस्पतिवार को कहा कि अपने मजबूत बही-खाते को देखते हुए वह अपने शेयरधारकों को इसका लाभ पहुंचाना चाहती है इसलिए 1,083 करोड़ रुपये में करीब 5.7 करोड़ शेयर की पुनर्खरीद करेगी। इससे पहले गेल ने 2020-21 में भी 1,046.35 करोड़ रुपये से शेयर पुनर्खरीद की थी। कंपनी ने एक बयान में कहा कि गेल के निदेशक मंडल ने 190 रुपये प्रति शेयर की कीमत में करीब 5.70 करोड़ शेयर की 1,083 करोड़ रुपये में पुनर्खरीद की मंजूरी दी है। शेयरों को वापस खरीदना शेयरधारकों को पुरस्कृत करने का एक कर-कुशल तरीका माना जाता है।

### एयरटेल, टेक महिंद्रा ने 5जी, निजी नेटवर्क पर डिजिटल समाधानों के लिए हाथ मिलाया

नई दिल्ली। दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल और टेक महिंद्रा ने 5जी, निजी नेटवर्क और क्लाउड पर डिजिटल समाधानों का संयुक्त रूप से विकास और विपणन करने के लिए एक समझौता किया है। एयरटेल देश में जहां 5जी का प्रदर्शन और परीक्षण कर रही है, वहीं सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी टेक महिंद्रा ने 5जी एप्लिकेशन और मंचों को तैयार किया है। इस संबंध में बृहस्पतिवार को जारी बयान के अनुसार, एयरटेल और टेक महिंद्रा देश में 5जी, निजी नेटवर्क और क्लाउट पर उपक्रम ग्रेड के डिजिटल समाधानों का संयुक्त विकास करेंगी। दोनों कंपनियां भारतीय और वैश्विक बाजारों के लिए मेक-इन-इंडिया के उत्पादों को विकसित करने के लिए एक संयुक्त 5जी नवाचार प्रयोगशाला स्थापित करेंगी।

# लगातार चौथे दिन शेयर बाजार में तेजी का रुख

नई दिल्ली, एजेंसी



सप्ताह के चौथे कारोबारी दिन गुरुवार को भी घरेलू शेयर बाजार में तेजी का रुख नजर आ रहा है। अभी तक के कारोबार में कल जैसी जोरदार तेजी नजर नहीं आई है, लेकिन बाजार पर फिलहाल खरीदारों का जोर बना हुआ नजर आ रहा है। खरीदारी के सपोर्ट से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक मजबूती के साथ हरे निशान में कारोबार कर रहे हैं।

बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सेंसेक्स आज 95.72 अंक की बढ़त के साथ 58,779.71 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत में ही बाजार में तेज बिकवाली शुरू हो गई, जिसके कारण शुरुआती 15 मिनट में ही सेंसेक्स 63.21 अंक की कमजोरी के साथ 58,620.78 अंक के स्तर पर आ गया। लेकिन इसके बाद बाजार में खरीदारों ने मोर्चा संभाल लिया और चौतरफा खरीदारी शुरू कर दी। खरीदारी के सपोर्ट से सेंसेक्स ने ऊपर की रफ्तार पकड़ ली और थोड़ी देर में ही दोबारा हरे निशान में पहुंचकर कारोबार करने लगा। खरीद बिक्री के बीच शुरुआती 1 घंटे का कारोबार पूरा होने के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 133.19 अंक की मजबूती के साथ 58,817.18 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स की तरह ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के निफ्टी ने भी 20.95 अंक की मजबूती के साथ 17,519.20 अंक के स्तर से आज के कारोबार की शुरुआत की। शुरुआती 15 मिनट के कारोबार में निफ्टी में भी बिकवाली का दबाव की वजह से गिरावट आई। जिसके कारण ये सूचकांक 11.85 अंक की कमजोरी के साथ लाल निशान में 17,486.40 अंक के स्तर पर पहुंच गया।

इस गिरावट के तुरंत बाद शेयर बाजार में खरीदार एक्टिव हो गए और बाजार को लिवाली का सपोर्ट मिल गया। लगातार हो रही खरीदारी के सपोर्ट से निफ्टी ने भी ऊपर की छलांग लगाई और सुबह 10 बजे के थोड़ी देर पहले ही 17,559.80 अंक के स्तर पर पहुंच गया। हालांकि इस स्तर पर बाजार में हल्की बिकवाली भी शुरू हो गई, जिसके कारण ये सूचकांक भी थोड़ा नीचे आ गया। बाजार में जारी खरीद बिक्री के बीच शुरुआती 1 घंटे का कारोबार होने बाद सुबह 10:15 बजे निफ्टी 42.85 अंक की मजबूती के साथ 17,541.10 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

**कमजोरी**
- शुरूआती 15 मिनट में ही सेंसेक्स 63.21 अंक की कमजोरी के साथ 58,620.78 अंक के स्तर पर आ गया

आज मिले जुले ग्लोबल संकेतों के बीच प्री-ओपनिंग सेशन में भी भारतीय बाजार ने मजबूत शुरुआत की थी। बीएसई का सेंसेक्स 116.52 अंक यानी 0.20 प्रतिशत की मजबूती के साथ 58,800.51 अंक के स्तर पर था। वहीं निफ्टी प्री ओपनिंग सेशन में 32.10 अंक यानी 0.18 प्रतिशत की बढ़त के साथ 17,530.35 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ था। इसके पहले पिछले कारोबारी दिन बुधवार को सेंसेक्स 740.34 अंक यानी 1.28 प्रतिशत की मजबूती के साथ 58,683.99 अंक के स्तर पर बंद हुआ था।

### पूंजीगत प्रवाह के जोखिमों को कम करने के लिए भारत ने सुरक्षा उपाय कर रखे हैं : आईएमएफ

**वाशिंगटन।** अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने कहा कि कोविड-19 संकट के बावजूद भारत को बीते कुछ वर्षों में रिकॉर्ड प्रत्यक्ष विदेशी निवेश प्राप्त हुआ है और पूंजीगत प्रवाह के जोखिम को कम करने के लिए भारत में कुछ सुरक्षा उपाय हैं। आईएमएफ की पहली उप प्रबंध निदेशक गीता गोपीनाथ ने यहां संवाददाताओं से कहा, पूंजीगत प्रवाह के अनेक लाभ होते हैं। वे आवश्यक निवेशों के लिए वित्तपोषण उपलब्ध करवाते हैं और कुछ प्रकार के जोखिमों के खिलाफ सुरक्षा देने में मदद करते हैं। भारत में पूंजी प्रवाह होने से देशों को कई लाभ होते हैं और उन पूंजी प्रवाहों को प्राप्त करने से भी लाभ होता है। आईएमएफ ने पूंजी प्रवाह के उदारीकरण और प्रबंधन पर संस्थागत दृष्टिकोण (आईवी) की समीक्षा पर एक दस्तावेज जारी किया। आईवी को 2012 में अपनाया गया था और यह पूंजी प्रवाह से संबंधित नीतियों पर कोष परामर्श के लिए लगातार आधार प्रदान करता है। गोपीनाथ ने एक सवाल के जवाब में कहा कि कई बड़ी मात्रा में पूंजी प्रवाह होने से अन्य प्रकार के वित्तीय जोखिम जुड़े होते हैं। उन्होंने कहा, जहां तक भारत की बात है तो वहां बड़ी संख्या में पूंजी प्रतिबंध पहले से लागू हैं। बाहरी माहौल के बदलावों से निपटने के लिए भारत की सरकार इन प्रतिबंधों का इस्तेमाल काफी सक्रियता के साथ करती है।

## महंगाई की मार, दिल्ली में 80 प्रति लीटर महंगा हुआ पेट्रोल-डीजल

नई दिल्ली, एजेंसी




**महंगाई**
- तेल कंपनियां बीते दस दिनों में अब तक पेट्रोल-डीजल की कीमतें नौ बार बढ़ा चुकी हैं

देश में तेल विपणन करने वाली कंपनियों ने गुरुवार को लगातार सातवें दिन पेट्रोल और डीजल के दाम वृद्धि की। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पेट्रोल-डीजल के दामों में क्रमश- 80-80 पैसे प्रति लीटर की बढ़ोतरी हुयी है। इस वृद्धि के बाद दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 101.81 रुपये प्रति लीटर और डीजल के दाम 93.07 रुपये प्रति लीटर हो गया है। राष्ट्रीय राजधानी में बुधवार को पेट्रोल की कीमत 101.01 रुपये और डीजल 92.27 रुपये प्रति लीटर थी।

मुंबई में पेट्रोल-डीजल के दामों में 84 पैसे प्रति लीटर की वृद्धि की गयी, जिससे यहां पेट्रोल की कीमत बढ़कर 116.72 रुपये प्रति लीटर और डीजल के दाम 100.94 रुपये प्रति लीटर हो गए हैं। तेल कंपनियां बीते दस दिनों में अब तक पेट्रोल-डीजल की कीमतें नौ बार बढ़ा चुकी हैं। पेट्रोल-डीजल की कीमतें 137 दिनों की स्थिरता के बाद बढ़नी शुरू हुई हैं। रूस के यूक्रेन पर हमला करने के कारण वैश्विक स्तर पर तेल और प्राकृतिक गैस की आपूर्ति बाधित होने की आशंका में इनकी कीमतों में उछाल आया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है।

लंदन ब्रेंट क्रूड आज 4.54 प्रतिशत गिरकर 108.30 डॉलर प्रति बैरल पर और अमेरिकी क्रूड 5.50 प्रतिशत की गिरावट के साथ 101.89 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। उल्लेखनीय है कि पेट्रोल-डीजल के मूल्यों की नित्य प्रतिदिन समीक्षा होती है और उसके आधार पर प्रतिदिन सुबह छह बजे से नई कीमतें लागू की जाती हैं।

# डिजिटल दुनिया की बैंकिंग में एडवांस्ड प्रोग्राम और लीडरशिप की घोषणा

पटना, प्रात: किरण संवाददाता



टैलेंटस्प्रिंट, जो ग्लोबल एडटेक कंपनी और परिवर्तनकारी डीपटेक कार्यक्रमों में मार्केट लीडर है और नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ बैंक मैनेजमेंट (एनआईबीएम), भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और बैंकों द्वारा स्थापित स्वायत्त एपेक्स संस्थान ने आज बैंकिंग और वित्तीय सेवाओं की अगली पीढ़ी के लिए प्रतिभा बनाने के लिए सहयोगात्मक प्रयास की घोषणा की। बीएफएसआई सेक्टर द्वारा सुधारवादी प्रौद्योगिकी अपनाने से तकनीक-प्रेमी पेशेवरों के महत्व में वृद्धि हुई है और डिजिटल-फर्स्ट समय के लिए बीएफएसआई पेशेवरों को री-स्किल और अप-स्किल की आवश्यकता को बढ़ावा मिला है। नतीजतन, नए जमाने के बैंकरों और वित्त पेशेवरों को भविष्य के लिए अपने कार्यक्षेत्र के ज्ञान को डिजिटल कौशल के साथ जोड़ना चाहिए। वित्तीय सेवा के क्षेत्र में डिजिटलाइजेशन अब कोई नई बात नहीं है। बीएफएसआई सेक्टर में या उसके लिए काम कर रहे बैंकिंग, वित्त, तकनीक या परामर्श पेशेवर आज एक चौराहे पर हैं। उनके लिए आगे का रास्ता परिवर्तनकारी डिजिटल तकनीकों में उस विशेषज्ञता का निर्माण करना है जो उद्योग को बाधित कर रहे हैं। सीखने की इस प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने के लिए, टैलेंटस्प्रिंट और एनआईबीएम ने डिजिटल दुनिया के लिए बैंकिंग और लीडरशिप में अपनी तरह का पहला एडवांस्ड प्रोग्राम तैयार किया है। यह प्रोग्राम उन प्रतिभागियों पर लक्षित है जो डिजिटल-फर्स्ट पेशेवर बनने की इच्छा रखते हैं और अपने संगठनों के अंदर डिजिटल परिवर्तन की पहल करते हैं।

कार्यक्रम के शुभारंभ पर टिप्पणी करते हुए, सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) के अध्यक्ष, बी वी चौबल ने कहा, एडवांस्ड एक्जीक्यूटिव प्रोग्राम सही समय पर शुरू किया जा रहा है क्योंकि बैंकिंग ईकोसिस्टम पूरी तरह बदल रहा है।

आधुनिक समय के बैंकरों को विश्लेषणात्मक क्षमताओं के साथ-साथ तकनीक की समझ का प्रदर्शन करना चाहिए। उन्हें नए समय के उत्पाद और सेवाएं वितरित करने के लिए पर्याप्त सक्षम होना चाहिए जो बेहतर ग्राहक अनुभव का वादा करते हैं। विशेष रूप से, गति, सुरक्षा और सुरक्षा गैर-परक्राम्य हैं। एनआईबीएम और टैलेंटस्प्रिंट द्वारा पेश किया गया यह कार्यक्रम डिजिटल बैंकिंग और वित्त के प्रमुख पहलुओं को कवर करेगा और आधुनिक लीडरशिप कौशल हासिल करने के लिए प्रवर्तक के रूप में कार्य करेगा।

### प्रतिस्पर्धा आयोग की जांच में पूरा सहयोग कर रहे: अपोलो टायर्स

**नई दिल्ली।** टायर विनिमार्ता कंपनी अपोलो टायर्स ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने प्रतिस्पर्धा संबंधी कानूनों के अनुरूप काम किया है और भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) की जांच में वह पूरा सहयोग कर रही है। सीसीआई के अधिकारी अपोलो टायर्स के दफ्तर पहुंचे थे। अपोलो टायर्स ने एक बयान में कहा, हम नियामक की जांच में पूरा सहयोग दे रहे हैं और जो भी जानकारी मांगी गई थी वह उपलब्ध करवा दी गई है। उसके प्रवक्ता ने कहा, हमने प्रतिस्पर्धा कानूनों के अनुरूप काम किया है। टायर विनिमार्ता एक और कंपनी सीएट लिमिटेड ने भी कहा था कि सीसीआई अधिकारी नियमित जांच के लिए उसके यहां पहुंचे थे। उसने कारोबार करने में किसी तरह के गलत आचरण से इनकार किया। सीएट लिमिटेड के प्रवक्ता ने कहा कि सीसीआई अधिकारियों ने नियमित जांच के लिए कंपनी के दफ्तर का दौरा किया था। उन्होंने कहा, एक जिम्मेदार कॉरपोरेट कंपनी होने के नाते हम जांच में अधिकारियों का सहयोग कर रहे हैं।

# यूट्यूब को मिल सकता है समर्पित पॉडकास्ट होमपेज

सैन फ्रांसिस्को, एजेंसी




गूगल के स्वामित्व वाले वीडियो स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म यूट्यूब को एक समर्पित पॉडकास्ट होमपेज मिलने की संभावना है। टेकक्रंच के अनुसार, विवरण पॉडन्यूज द्वारा प्रकाशित किया गया था, जिसे हाल ही में 84-पृष्ठ की प्रस्तुति पर हाथ मिलाया जहां यूट्यूब ने अपने पॉडकास्ट रोडमैप का वर्णन किया।

दस्तावेज में, कंपनी ने कहा कि वह पॉडकास्ट आरएसएस फीड में खींचने की क्षमता का संचालन करके पॉडकास्ट अंतर्ग्रहण में सुधार करेगी। इसने यह भी कहा कि यह यूट्यूब डॉट कॉम/पॉडकास्टस पर एक नए होमपेज पर पॉडकास्ट को केंद्रीकृत करने की योजना बना रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि यूआरएल अभी तक काम नहीं करता है; लेकिन यह स्वचालित रूप से यूट्यूब होमपेज पर रीडायरेक्ट नहीं करता है, यदि आप स्लैश के बाद अन्य याधच्छिक शब्द डालते हैं तो यह वही करता है। दस्तावेज से पता चलता है कि यूट्यूब गूगल के साथ-साथ अन्य भागीदारों द्वारा बेचे जाने वाले ऑडियो विज्ञापनों को प्रदर्शित करेगा। इसमें ऑडियो-फर्स्ट क्रिएटर्स के लिए डिजाइन किए गए नए मेट्रिक्स के समर्थन और उद्योग-मानक पॉडकास्ट मापन प्लेटफॉर्म में यूट्यूब डेटा को एकीकृत करने की क्षमता का उल्लेख किया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि एक पेज में नीलसन, चार्टेबल और पॉडट्रैक जैसे ब्रांड पार्टनर के रूप में सूचीबद्ध हैं।

### इस्पात, ईंधन की बढ़ी हुई कीमतों से आगामी तिमाहियों में इस्पात की मांग होगी प्रभावित: स्टीलमिंट

**नई दिल्ली।** इस्पात उद्योग की परामर्शदाता कंपनी स्टीलमिंट इंडिया के मुताबिक ईंधन की लगातार बढ़ती कीमतें और इस्पात के बहुत ऊंचे दामों के कारण घरेलू स्तर पर इस्पात की मांग आने वाली तिमाहियों में प्रभावित होगी। स्टीलमिंट इंडिया ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत में इस्पात के दाम सर्वकालिक उच्च स्तर पर हैं। हॉट रोल्ड कॉयल (एचआरसी) की कीमत 76,000-77,000 रुपये प्रति टन, कोल्ड रोल्ड कॉयल (सीआरसी) 85,000-86,000 रुपये प्रति टन और इस्पात की छड़ों (रेबार) के दाम 72,000-73,000 रुपये प्रति टन हैं। मार्च के पहले हफ्ते एचआरसी के दाम 68,000-69,000 रुपये प्रति टन, सीआरसी 73,000-74,000 रुपये प्रति टन और रेबार की 67,500-68,500 रुपये प्रति टन थे। स्टीलमिंट ने कहा, इस्पात की बढ़ती कीमतों और ईंधन के ऊंचे दामों के कारण आने वाली तिमाहियों में खरीदारी संबंधी गतिविधियां प्रभावित होगी और मांग नकारात्मक रह सकती है। उसने कहा कि अप्रैल 2021 से मार्च 2022 के बीच घरेलू स्तर पर इस्पात की खपत 9.8 करोड़ टन रह सकती है।

# हीरो इलेक्ट्रॉनिक्स ने भारत में लॉन्च किया ऑडियो सनग्लास

नई दिल्ली, एजेंसी




हीरो ग्रुप की प्रौद्योगिकी कंपनी हीरो इलेक्ट्रॉनिक्स ने गुरुवार को क्यूबो गो ऑडियो सनग्लास की अपनी लेटेस्ट रिलीज के साथ स्मार्ट लाइफस्टाइल क्षेत्र में कदम रखा है। 5,990 रुपये की कीमत पर, नया ऑडियो सनग्लास क्लासिक वेफेयरर आकार में और पांच रोमांचक लेंस कलर्स- क्लासिक ब्लैक, कूल ब्लू, शिमर येलो, क्लासिक ग्रीन और शाइनी ऑरेंज में उपलब्ध होगा।

कंपनी ने एक बयान में कहा, इन धूप के चश्मे में क्वालकॉम एपीटीएक्स एचडी ऑडियो आपको अपने कानों को कवर करने की परेशानी के बिना संगीत सुनने की सुविधा देता है। वे सिरी और गूगल असिस्टेंट के साथ आसानी से काम करते हैं, जिससे आप हैंड्स-फ्री कॉल कर सकते हैं। चाहे आप सूरज की किरनों के बीच बाइक चला रहे हों या ड्राइविंग कर रहे हों। ऑडियो दिशा निर्देश आपको आसानी से नेविगेट करने में मदद करेंगे। कंपनी के मुताबिक, क्यूबो गो ऑडियो सनग्लास आधुनिक लाइफस्टाइल का स्मार्ट अपग्रेड है। ये ब्लूटूथ-सक्षम धूप के चश्मे ध्रुवीकृत यूवी सुरक्षा लेंस, दिशात्मक खुले कान के स्पीकर और एक उन्नत इनबिल्ट माइक्रोफोन से सुसज्जित हैं।

6 घंटे तक प्लेटाइम के साथ, इन धूप के चश्मे का उपयोग विभिन्न प्रकार की बाहरी गतिविधियों जैसे दौड़ना, साइकिल चलाना, स्केटिंग, बाइक की सवारी, लंबी पैदल यात्रा, काम पर यात्रा, योग, खरीदारी, आदि के लिए किया जा सकता है।

# बिस्किट खरीदना होगा महंगा, दामों में 7 फीसदी बढ़ोतरी कर सकती है ब्रिटानिया

नई दिल्ली, एजेंसी

महंगाई का सामना कर रहे आम नागरिकों को एक और झटका लग सकता है। भारत की सबसे बड़ी कुकी निमार्ता ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज लिमिटेड इस साल कीमतों में 7% तक की बढ़ोतरी करने की योजना बना रही है। यह एक और संकेत है कि मुद्रास्फीति के दबाव से गरीब उपभोक्ताओं को सबसे ज्यादा नुकसान होगा, क्योंकि यूक्रेन में युद्ध फूड सप्लाई चेन पर कहर बरपा रहा है।

कभी भी दो साल इतने बुरे नहीं देखे बेंगलुरु स्थित कंपनी के मुख्यालय में एक इंटरव्यू में कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर वरुण बेरी ने कहा, मैंने कभी भी दो साल इतने बुरे नहीं देखे हैं। हमारी पहली धारणा इस साल 3% मुद्रास्फीति की थी, जो स्पष्ट रूप से गलत थी। दुर्भाग्य से यह 8-9 फीसदी से अधिक हो रहा है। यूक्रेन पर रूस के हमले ने पहले से ही लेबर शॉर्टेज



और सप्लाई चेन की बाधाओं से जूझ रहे दुनिया भर की कंज्यूमर फर्मों के लिए मुश्किलें खड़ी कर दी है।

मुद्रास्फीति के झटके ने बुनियादी चीजों की लागत को बढ़ा दिया है, जिससे दुनिया के कमजोर वर्गों को सबसे ज्यादा जूझना पड़ रहा है। भारत में बढ़ती कीमतों से मांग में कमी आने का जोखिम है जहां निजी खपत जीडीपी का लगभग 60 फीसदी है। दिसंबर तिमाही के दौरान शुद्ध आय में 19% की गिरावट भारत में गुड डे और मैरी गोल्ड कुकीज जैसे ब्रांड बनाने वाली 130 साल पुरानी कंपनी ब्रिटानिया ने दिसंबर तिमाही के दौरान शुद्ध आय में 19% की गिरावट दर्ज की, जो औसत विश्लेषक अनुमानों से भी बदतर थी। वरुण बेरी ने कहा कि कंपनी द्वारा इस्तेमाल किया जाने वाला हर कच्चा माल महंगा होता जा रहा है और इस साल कीमतों में बढ़ोतरी करने की योजना है।

# रीडर ऐप्स को बाहरी लिंक का उपयोग करने की अनुमति देगा एप्पल

सैन फ्रांसिस्को, एजेंसी

एप्पल ने घोषणा की है कि वह अब रीडर ऐप्स को बाहरी वेबसाइट के लिए एक लिंक की पेशकश करने की अनुमति देगा ताकि उपयोगकर्ता ऐप स्टोर के बाहर अकाउंट बना और प्रबंधित कर सकें। कंपनी ने घोषणा की है कि रीडर ऐप अब अपने यूजर्स को अकाउंट निर्माण और प्रबंधन के लिए डेवलपर की वेबसाइट से जोड़ सकते हैं।

कंपनी ने एक बयान में कहा, ऐप स्टोर रिव्यू गाइडलाइन 3.1.3 (ए) के अपडेट के साथ, रीडर ऐप के डेवलपर्स अब एक्सटर्नल लिंक अकाउंट एंटाइटेलमेंट तक पहुंच का अनुरोध कर सकते हैं। रीडर ऐप ऐसे ऐप हैं जो ऐप की प्राथमिक कार्यक्षमता के रूप में निम्नलिखित में से एक या अधिक डिजिटल सामग्री प्रकार पत्रिकाएं, समाचार पत्र, किताबें, ऑडियो, संगीत या वीडियो प्रदान करते हैं। पिछले ऐप स्टोर दिशानिर्देशों ने पाठक ऐप्स को उनके वेबसाइट समकक्षों से लिंक करने से रोका था। इससे पहले, एप्पल ने कुछ ऐप्स को उनकी संबंधित वेबसाइटों से लिंक करने की अनुमति देने पर सहमति व्यक्त की थी ताकि एंटी-ट्रस्ट जांच बंद हो सके। हालांकि यह परिवर्तन जापान-केंद्रित था, एप्पल ने सितंबर में वापस कहा कि अपडेटेड दिशानिर्देश दुनिया भर में लागू होंगे। इसके अलावा, एपिक गेम्स बनाम एप्पल मुकदमे में एक फैसले में कहा गया है कि आईफोन निमार्ता ऐप्स को ग्राहकों को उनकी सदस्यता और खाता पृष्ठों पर निर्देशित करने की अनुमति देता है।

**योजना** हमारी अगले वित्त वर्ष में लगभग 250 करोड़ रुपये की पूंजी का व्यय करने की योजना है

# टीसीआई ने एकीकृत मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स के लिए 250 करोड़ पूंजी व्यय की योजना बनाई

गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता

भारत की अग्रणी एकीकृत आपूर्ति श्रृंखला और लॉजिस्टिक्स सेवा प्रदाता ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (टीसीआई) ने घोषणा करते हुए बताया कि इसकी अगले वित्त वर्ष 2023 में लगभग 250 करोड़ रुपये की पूंजी का व्यय करने की योजना है। कुल पूंजी में से 100-125 करोड़ रुपये कंपनी जहाजों और कंटेनरों पर खर्च करेगी।

टीसीआई शीर्षस्थ में 12-15 फीसदी और आधाररेखा में 20 फीसदी वृद्धि की उम्मीद कर रही है। पूंजी योजनाओं पर टिप्पणी करते हुए, टीसीआई के प्रबंध निदेशक श्री विनीत अग्रवाल ने कहा, हमारी अगले वित्त वर्ष में लगभग 250 करोड़ रुपये की पूंजी का व्यय करने की योजना है। इसमें से लगभग 100-125 करोड़ रुपये जहाजों और कंटेनरों पर खर्च किए जाएंगे और निश्चित रूप से कुछ राशि - 30-50 करोड़ रुपये- ट्रकों पर खर्च किए जा सकते हैं। हम गोदामों के निर्माण पर भी कुछ राशि खर्च करेंगे, जो कि लगभग 75 करोड़ रुपये होगा। जब आप देखते हैं कि बुनियादी ढाँचा का विकास हो रहा है, जो कि मल्टीमॉडल हैं, तो हमारे रेल व्यवसाय या समुद्री मार्ग के व्यवसाय को उसमें गति मिलनी चाहिए। हम ग्राहकों की माँग में बदलाव देख रहे हैं। सामान्य माल संचार वैसे भी हो रही है और हमारा परिवहन संचार कारोबार भी वहां अपेक्षाकृत अच्छा कर रहा है। इसलिए, हम बाजार में आने वाली वृद्धि पर कब्जा करने के लिए काफी अच्छी स्थिति में हैं।

**उपलब्धि**
- हम बाजार में आने वाली वृद्धि पर कब्जा करने के लिए काफी अच्छी स्थिति में हैं

श्री अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री की गति शक्ति पहल एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है क्योंकि इसका एक उद्देश्य लॉजिस्टिक्स लागत को कम करना है, जो कि मल्टीमॉडल परिवहन में बदलाव होने पर ही होगा। उन्होंने कहा, आने वाले वर्ष में, हम लगभग 12 -15 प्रतिशत की वृद्धि देख रहे हैं और 20 प्रतिशत (विकास) आधार रेखा में वृद्धि देख रहे हैं। इसलिए, लॉजिस्टिक्स लागत को कम करने के लिए मल्टीमॉडल में शिफ्ट होना चाहिए। भारत के मल्टीमॉडल इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण के लिए हो रहे सभी प्रयासों और गतिविधियों को एक साथ करने के लिए यह कार्यक्रम हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण होगा।

मल्टीमॉडल का मतलब है, कि आप परिवहन के विभिन्न साधनों के बीच निर्बाध रूप से चलने में सक्षम हैं। यह लॉजिस्टिक्स प्रदाता के साथ-साथ ग्राहक के लिए भी निर्बाध होना चाहिए। यह अनुमान है कि अगले 5-10 वर्षों में विद्युतीकरण, जो वर्तमान में मील या शहर के स्तर पर है, में वृद्धि होगी।

# अप्रैल में 15 दिन बंद रहेंगे बैंक

नई दिल्ली, एजेंसी




पहली अप्रैल, 2022 से नए वित्त वर्ष 2022-23 की शुरूआत होगी। अप्रैल में गुड़ी पड़वा, अंबेडकर जयंती और बैशाखी जैसे प्रमुख त्योहार हैं। अप्रैल में 15 दिन बैंकों में अवकाश रहेगा। इन छुट्टियों में महीने के दूसरे और चौथे शनिवार के साथ साप्ताहिक अवकाश और अलग-अलग राज्यों में पड़ने वाले त्योहार भी शामिल हैं। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने बैंकों की अप्रैल की छुट्टियों से संबंधित सूची जारी की है। ऐसे में बैंक से जुड़ा हुआ यदि कोई जरूरी काम है तो इसकी योजना आप पहले से बना लें, ताकि आपको कोई असुविधा न हो।

अप्रैल में बैंक में छुट्टियों की लिस्ट 1 अप्रैल :- बैंक खातों की सालाना क्लोजिंग की वजह से सामान्य कामकाज नहीं होगा। लेकिन आइजोल, चंडीगढ़, शिलांग, शिमला में खुले रहेंगे बैंक। 2 अप्रैल :- गुड़ी पड़वा/उगाडी फेस्टिवल/पहला नवरात्र/तुलुगु न्यू ईयर का दिन/साजीबू नॉन्गमापनबा (बेलापुर, बेंग्लुरु, चेन्नई, हैदराबाद, इंफाल, जम्मू, मुंबई, नागपुर, पणजी, श्रीनगर में बैंक बंद रहेंगे। 3 अप्रैल :- रविवार को साप्ताहिक अवकाश की वजह से बैंक बंद रहेंगे। 4 अप्रैल :- सरहुल के अवसर पर रांची में बैंक बंद रहेंगे। 5 अप्रैल :- बाबू जगजीवन राम जयंती है। हैदराबाद में बैंक बंद रहेंगे। 9 अप्रैल :- महीने का दूसरा शनिवार होने की वजह से बैंक बंद रहेंगे। 10 अप्रैल :- रविवार को साप्ताहिक अवकाश की वजह से बैंक बंद रहेंगे। 14 अप्रैल :- डॉ. बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर जयंती/महावीर जयंती/बैसाखी/तमिल न्यू ईयर डे/चेराओबा/बीजू फेस्टिवल/बोहाग बिहू के अवसर पर शिलांग और शिमला को छोड़कर बाकी जगह बैंक बंद रहेंगे। 15 अप्रैल :- गुड फ्राइडे/बंगाली न्यू ईयर डे (नबाबर्षा)/हिमाचल डे/विशू/बोहाग बिहू के मौके पर जयपुर, जम्मू- श्रीनगर को छोड़कर बाकी जगह बैंक बंद रहेंगे। 16 अप्रैल :- बोहाग बिहू के अवसर पर गुवाहाटी में बैंक बंद रहेंगे। 17 अप्रैल :- रविवार को साप्ताहिक अवकाश की वजह से बैंक बंद रहेंगे। 21 अप्रैल :- गारिया पूजा के अवसर पर अगरतला में बैंक बंद रहेंगे। 23 अप्रैल :- महीने का चौथा शनिवार होने की वजह से बैंक बंद रहेंगे। 24 अप्रैल :- रविवार को साप्ताहिक अवकाश की वजह से बैंक बंद रहेंगे। 29 अप्रैल :- शब-ए-कादर/जमात-उल-विदा के अवसर पर जम्मू-श्रीनगर में बैंक बंद रहेंगे।

### शुरूआती कारोबार में डॉलर के मुकाबले रुपया 23 पैसे बढ़कर 75.67 पर

**मुंबई।** वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट और घरेलू शेयर बाजार में बढ़त से रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले बृहस्पतिवार को शुरूआती कारोबार में 23 पैसे की मजबूती के साथ 75.67 रुपये प्रति डॉलर पर पहुंच गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 75.67 के भाव पर खुला जो पिछले बंद भाव के मुकाबले 23 पैसे की बढ़त दशार्ता है। पिछले कारोबारी दिवस, बुधवार को रुपया 17 पैसे की गिरावट के साथ 75.90 रुपये प्रति डॉलर के भाव पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती को आंकने वाला डॉलर सूचकांक 0.14 प्रतिशत बढ़कर 97.92 पर आ गया। ऐसी खबरें आई थीं कि अमेरिका का जो बाइडन प्रशासन ऊर्जा की बढ़ती कीमतों को नियंत्रण में लाने के लिए देश के रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार से बड़े पैमाने पर कच्चा तेल जारी कर सकता है जिसके बाद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चा तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा 4.54 प्रतिशत गिरकर 108.30 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।

## संक्षिप्त खबरें

### कोस्टा रिका से हारने के बावजूद अमेरिका ने विश्व कप के लिये क्वालीफाई किया

सान जोस। अमेरिका ने बुधवार की रात अपने अंतिम क्वालीफाइंग मैच में कोस्टा रिका से 0-2 से हारने के बावजूद कतर में होने वाले विश्व कप के लिये क्वालीफाई किया। अमेरिकी टीम 2018 में रूस में हुए विश्व कप के लिये क्वालीफाई नहीं कर सकी थी जो उसके लिये सदमे की तरह था। कोस्टा रिका के लिये जुआन पाब्लो वरगास ने 51वें मिनट में और एंथोनी कांट्रेरास ने 59वें मिनट में गोल किये। लेकिन पिछले हफ्ते पनामा पर 5-1 की जीत की बदौलत अमेरिका गोल अंतर में कोस्टा रिका से ऊपर तीसरे स्थान पर रहा और उसने विश्व कप के लिये क्वालीफाई किया। अमेरिका के 25 अंक रहे।

### कोरोना पॉजिटिव पाए गए रियल मैड्रिड के कोच कार्लो एंसेलोट

मैड्रिड। स्पेन फुटबॉल क्लब रियल मैड्रिड के कोच कार्लो एंसेलोट कोरोना वायरस से संक्रमित हो गए हैं। रियल मैड्रिड ने पुष्टि की और कहा कि कोच कार्लो एंसेलोटी कोविड-19 पॉजिटिव पाए गए हैं। क्लब ने 62 वर्षीय एंसेलोटी की स्थिति को बताए बिना अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर यह खबर दी। उल्लेखनीय है कि स्पेन में कोविड -19 से संक्रमित लोगों के लिए नियम सोमवार को बदल गए हैं। सैद्धांतिक रूप में यदि श्री एंसेलोटी में वायरस के केवल हल्के लक्षण दिखाई देता है या इस वायरस के लक्षण दिखाई नहीं देते हैं, तो उन्हें सात दिनों के लिए क्वारंटीन में नहीं रहना पड़ेगा। वह सामाजिक दूरी बनाए रख कर काम कर सकते हैं।

### अंशु मलिक और सरिता करेंगी महिला टीम का नेतृत्व

नई दिल्ली। विश्व चैंपियनशिप की सिल्वर मेडलिस्ट अंशु मलिक और कांस्य पदक विजेता सरिता मोर मंगोलिया के उलानबटेर में होने वाली एशियाई चैंपियनशिप में 10 सदस्यीय भारतीय महिला कुश्ती टीम की अगुआई करेंगी। अंशु ने ओस्लो में 2021 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में रजत पदक जीता था। वह 57 किलो वर्ग में भाग लेंगी। जबकि सरिता 59 किलो वर्ग में उतरेंगी। सरिता ने 2021 विश्व चैंपियनशिप में अपने वर्ग में कांस्य पदक जीता था। टीम का चयन लखनऊ में शुक्रवार को साई प्रशिक्षण केंद्र पर चयन ट्रायल के बाद किया गया। ट्रायल में 62 किलो वर्ग में मनीषा ने रियो ओलंपिक की पदक विजेता साक्षी मलिक को 5-1 से हराया। एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता विनेश फोगाट ट्रायल में नहीं आई. मनीषा (50 किलो), स्वाति शिंदे (53 किलो), सुषमा शोकीन (55 किलो), राधिका (65 किलो), सोनिका हुड्डा (68 किलो), निक्की (72 किलो) और सुदेश (76 किलो) ने भी टीम में जगह बनाई है। एशियन चैंयनशिप 19 से 24 अप्रैल के बीच खेली जाएगी।

### आखिरी ओवरों में कार्तिक का अनुभव काम आया : डु प्लेसी

नवी मुंबई। कोलकाता नाइट राइडर्स को कम स्कोर वाले मैच में तीन विकेट से हराने के बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के कप्तान फाफ डु प्लेसी ने कहा कि आखिरी ओवरों में दिनेश कार्तिक का अनुभव उनकी टीम के काम आया। आरसीबी को जीत के लिये 129 रन के लक्ष्य के जवाब में आखिरी ओवर में सात रन चाहिये थे। कार्तिक ने पहली दो गेंद पर छक्का और चौका जड़कर टीम को जीत तक पहुंचाया। डु प्लेसी ने कहा, यह अच्छी जीत थी। छोटे स्कोर का पीछा करते समय सकारात्मक सोच के साथ उतरना चाहिये और इतने आखिर तक मैच नहीं जाना चाहिये था लेकिन उनके गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया।

शिवम ने अपनी इस पारी में 30 गेंदों पर 5 चौके और 2 छक्का लगाया

# चेन्नई सुपरकिंग्स ने लखनऊ सुपर जायंट्स को दिया 211 रनों का लक्ष्य

मुंबई, एजेंसी




केएल राहुल की कप्तानी वाली लखनऊ सुपर जायंट्स और रवींद्र जडेजा की अगुआई वाली चेन्नई सुपरकिंग्स की टीम आईपीएल के सातवें मुकाबले गुरूवार को हुई। यह मुकाबला मुंबई के ब्रेबोर्न स्टेडियम में खेला जा रहा है। दोनों टीमें अपना पहला मैच हार चुकी हैं। ऐसे में दोनों की कोशिश इस मैच को जीतने की होगी। चेन्नई सुपरकिंग्स ने लखनऊ सुपर जायंट्स के सामने 211 रनों का लक्ष्य रखा है।

सीएसके ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट पर 210 रन बनाए.। सीएसके की ओर से उथप्पा ने अर्धशतक जड़े। शिवम दूबे 49 रन बनाकर आउट हुए वहीं मोईन अली 35 रन बनाकर आउट हुए। एमएस धोनी ने छह गेंदों पर 16 रन की पारी खेली। सुपर जायंट्स की ओर से आवेश खान, रवि बिश्नोई और एंड्र्यू टाय ने दो दो विकेट झटके। चेन्नई सुपरकिंग्स को छठा झटका कप्तान रवींद्र जडेजा के रूप में लगा। एंड्र्यू टाय ने पारी के 20वें ओवर की दूसरी गेंद पर मनीष पांडे के हाथों कैच कराया। जडेजा 9 गेंदों पर 17 रन बनाकर आउट हुए। शिवम दूबे अर्धशतक से चूक गए हैं। उन्हें 19वें ओवर में आवेश खान ने 49 के स्कोर पर इविन लुईस के हाथों कैच कराया। शिवम ने अपनी इस पारी में 30 गेंदों पर 5 चौके और 2 छक्का लगाया। चेन्नई सुपरकिंग्स का चौथा विकेट रवि बिश्नोई ने झटका। बिश्नोई ने 17वें ओवर की दूसरी गेंद पर रायडू को बोल्ड कर दिया। रायडू ने 20 गेंदों पर 27 रन की पारी खेली। सीएसके ने इस ओवर में 15 रन जुटाए। चेन्नई सुपरकिंग्स ने अपने 150 रन 16वें ओवर में पूरे किए। शिवम दुबे ने क्रुणाल पंडया की दूसरी गेंद पर डीप कवर में चौका जड़कर सीएसके का स्कोर 150 के पार पहुंचाया। सीएसके ने 16 ओवर के बाद 3 विकेट पर 162 रन बना लिए हैं। सीएसके ने 15 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 147 रन बना लिए हैं। शिवम दुबे 32 रन बनाकर खेल रहे हैं जबकि अंबाती रायडू 20 रन पर नाबाद हैं। पारी के 15वें ओवर में एंड्रयू टाय ने 11 रन खर्च किए। मौजूदा चैंपियन चेन्नई सुपरकिंग्स ने 13 ओवर में 3 विकेट पर 130 रन बना लिए हैं। शिवम दुबे और अंबाती रायडू की जोड़ी इस समय क्रीज पर मौजूद है। लखनऊ सुपर जायंट्स की ओर से 13वें ओवर में दीपक हुडा ने 12 रन खर्च किए।

### स्कोरकार्ड

चेन्नई 210/7 (20.0)

| बल्लेबाज | R | B | 4s | 6s | SR |
|---|---|---|---|---|---|
| रॉबिन उथप्पा<br>एल बी डब्ल्यू बोल्ड रवि बिश्नोई | 50 | 27 | 8 | 1 | 185.18 |
| ऋतुराज गायकवाड<br>रन आउट (रवि बिश्नोई) | 1 | 4 | 0 | 0 | 25 |
| मोईन अली<br>बोल्ड आवेश खान | 35 | 22 | 4 | 2 | 159.09 |
| शिवम दुबे<br>कॉट एविन लुइस बोल्ड आवेश खान | 49 | 30 | 5 | 2 | 163.33 |
| अंबाती रायडू<br>बोल्ड रवि बिश्नोई | 27 | 20 | 2 | 2 | 135 |
| रवींद्र जडेजा<br>कॉट मनीष पांडे बोल्ड एंड्रयू टाई | 17 | 9 | 3 | 0 | 188.88 |
| एमएस धोनी<br>नाबाद | 16 | 6 | 2 | 1 | 266.66 |
| ड्वेन प्रिटोरियस<br>एल बी डब्ल्यू बोल्ड एंड्रयू टाई | 🦆 | 1 | 0 | 0 | 0 |
| ड्वेन ब्रावो<br>नाबाद | 1 | 1 | 0 | 0 | 100 |
| अतिरिक्त | 14 Runs (B: 4, LB: 7, WD: 3, NB: 0) | | | | |
| कुल | 210/7 (20.0/) (RR: 10.5) | | | | |

| गेंदबाजी | O | M | R | W | Econ |
|---|---|---|---|---|---|
| आवेश खान | 4 | 0 | 38 | 2 | 9.50 |
| दुश्मंथा चमीरा | 4 | 0 | 49 | 0 | 12.25 |
| एंड्रयू टाई | 4 | 0 | 40 | 2 | 10.00 |
| क्रुणाल पंड्या | 3 | 0 | 36 | 0 | 12.00 |
| रवि बिश्नोई | 4 | 0 | 24 | 2 | 6.00 |
| दीपक हूडा | 1 | 0 | 12 | 0 | 12.00 |

## आईपीएल नीलामी से हटने का फैसला सही था, चोटिल सैम करन ने कहा

नई दिल्ली, एजेंसी



**आईपीएल**

- मैं निश्चित रूप से किसी चरण में आईपीएल में वापस जाना चाहता हूं क्योंकि आप अपने टी20 खेल के बारे में वहां काफी कुछ सीखते हो

पीठ की चोट से उबर रहे इंग्लैंड के आल राउंडर सैम करन ने कहा कि वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इस सत्र में नहीं खेल पाने से निराश हैं लेकिन उन्हें लगता है कि नीलामी से हटने का उनका फैसला सही था। करन ने कहा कि इसमें वापसी शायद उनके लिये जल्दबाजी होती क्योंकि वह अपने करियर की सबसे गंभीर चोट से उबर रहे हैं।

चेन्नई सुपर किंग्स के लिये खेल चुके करन ने ईएसपीएनक्रिकइंफो से कहा, मैं निराश हूं कि मैं नहीं खेल रहा हूं। घर से बैठकर इसे (आईपीएल) को देखना निराशाजनक है। उन्होंने कहा, मैं नीलामी में शामिल होना चाहता था, लेकिन अंत में मैंने ऐसा नहीं किया, जो शायद सर्वश्रेष्ठ फैसला था। मुड़कर देखूं तो आइपीएल शायद थोड़ा जल्दबाजी होता। बायें हाथ के मध्यम गति के 23 साल के गेंदबाज को पिछले साल अक्टूबर में आईपीएल के दूसरे चरण के दौरान पीठ के निचले हिस्से में स्ट्रेस फ्रेक्चर हो गया था। उन्होंने कहा, मैं निश्चित रूप से किसी चरण में आईपीएल में वापस जाना चाहता हूं क्योंकि आप अपने टी20 खेल के बारे में वहां काफी कुछ सीखते हो। यह ऐसा टूनार्मेंट है जहां आप सिर्फ क्रिकेट के बारे में ही बात करते और सीखते हो। आप सुबह के नाश्ते पर जाओ तो आप सुपरस्टार के साथ बैठे होते हो और खेल के बारे में बातचीत कर रहे होते हो। वह अगले हफ्ते एजबेस्टन में वारविकशर के खिलाफ सरे के काउंटी चैम्पियनशिप के शुरूआती मैच में अच्छा प्रदर्शन करना चाहते हैं जबकि उनका ध्यान जून में न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के लिये और अक्टूबर में आस्ट्रेलिया में टी20 विश्व कप के लिये टीम में अपना स्थान हासिल करने पर लगा होगा।

# कोलकाता नाइट राइडर्स और पंजाब किंग्स के बीच आज महामुकाबला

मुंबई, एजेंसी




कोलकाता नाइट राइडर्स और पंजाब किंग्स की टीमें आईपीएल 2022 के आठवें मैच में आज आमने-सामने होंगी। पिछले मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स को रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर से तीन विकेट की हार मिली थी, हालांकि टीम कम स्कोर के बावजूद मैच को करीबी बनाने में सफल रही थी। पंजाब किंग्स ने अपना अभियान जीत से शुरू किया और टीम अपने गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद करेगी क्योंकि उसने अपने पहले मैच में 200 से ज्यादा रन गंवा दिए थे।

दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा के तीन दिवसीय क्वारंटीन पूरा करने के बाद खेलने की उम्मीद है जिससे पंजाब के आक्रमण को मजबूती मिलेगी। वानखेड़े की पिच पर अभी तक दो ही मैच खेले गए हैं और उन्हें देखते हुए लग रहा है कि बल्लेबाजी करना आसान नहीं रहा है। दो महीने लंबे समय तक चलने वाले आईपीएल के लिए यह शुरूआत ही हो लेकिन टॉस अभी से ही मैच के नतीजों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है क्योंकि मैच की दूसरी पारी में ओस का असर पड़ रहा है। कोलकाता के सलामी बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे और आक्रामक वेंकटेश अय्यर आरसीबी के खिलाफ सस्ते में आउट हो गए थे जिससे अब ये दोनों टीम को मजबूत शुरूआत कराने की कोशिश करेंगे। कप्तान श्रेयस अय्यर आरसीबी के खिलाफ भले ही विफल रहे हों लेकिन वह अच्छी फॉर्म में हैं और वह टीम के लिए अहम खिलाड़ी हैं लेकिन उन्हें अन्य साथियों जैसे नीतिश राणा के सहयोग की जरूरत होगी।

बाएं हाथ के बल्लेबाज राणा के लिए निरंतर प्रदर्शन करना महत्वपूर्ण होगा। इन दोनों के अलावा मध्यक्रम की जिम्मेदारी सैम बिलिंग्स, शेल्डन जैक्सन और बिग हिटर आंद्र रसेल के कंधों पर होगी।

## हॉकी महिला जूनियर विश्व कप के लिए भारत पूरी तरह से तैयार

साउथ अफ्रीका, एजेंसी



सलीमा टेटे के नेतृत्व में भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप के लिए पूरी तरह से तैयार है, जो यहां आज से शुरू हो रहा है। दक्षिण अफ्रीका में ओमीक्रोन के कारण प्रतिष्ठित चतुष्कोणीय टूनार्मेंट दिसंबर 2021 से स्थगित कर दिया गया था, भारतीय टीम 2 अप्रैल को वेल्स के खिलाफ पूल डी में अपने मैच से पहले उत्साहित है। 2018 में यूथ ओलंपिक खेलों में एक ऐतिहासिक रजत पदक के लिए अंडर-18 टीम का नेतृत्व करने वाली कप्तान सलीमा टेटे ने कहा, खिलाड़ियों में बहुत उत्साह है। सभी ने इस पल के लिए बहुत मेहनत की है और बेहतर प्रदर्शन हासिल करने के लिए अच्छी तैयारी की है, एक टीम के रूप में सुधार किया ताकि हम यहां अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकें। उन्होंने टूनार्मेंट की अगुवाई में टीम की तैयारियों पर प्रकाश डाला, जो अपने पहले मैच से लगभग एक सप्ताह पहले पोटचेफस्ट्रूम में उतरी थी। उन्होंने कहा, यहां जल्दी आने से हमें काफी मदद मिली है। हम यहां बेहतर प्रशिक्षण सत्र प्राप्त करने में सक्षम हैं, जिससे मौसम के अनुकूल होने में मदद मिली है। यह दिन के दौरान बहुत गर्म हो जाती है। इससे निश्चित रूप से पहले हमारे अंतिम शिविर में मदद मिली है। ओडिशा से यहां आकर हमने काफी गर्म परिस्थितियों में प्रशिक्षण लिया। भारतीय टीम अपने अभियान की शुरूआत दो अप्रैल को वेल्स के खिलाफ करेगी और उसके बाद उसका दूसरा पूल डी मैच जर्मनी के खिलाफ होगा।

## मेरे पसंदीदा फुटबॉलर नेमार हैं, इसलिए मैंने उनकी तरह जश्न मनाया : हसरंगा

मुंबई, एजेंसी




रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के हरफनमौला खिलाड़ी वानिंदु हसरंगा ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपना पहला मैन ऑफ द मैच पुरस्कार जीता, उन्हें केकआर के खिलाफ 4/20 के शानदार आंकड़े के लिए इस पुरस्कार से नवाजा गया। विकेट लेने के बाद खास अंदाज में जश्न मनाते नजर आए श्रीलंकाई स्पिनर ने कहा कि वह ब्राजील के फुटबॉल स्टार नेमार जूनियर से प्रेरित हैं। हसरंगा ने कहा, मेरे पसंदीदा फुटबॉलर नेमार हैं और वे भी ऐसे ही जश्न मनाते हैं जैसा मैंने मनाया है। हसरंगा ने मैच के बाद प्रस्तुति समारोह के दौरान स्टार स्पोर्ट्स से कहा, मैं वास्तव में खुश हूं। जब मैं खेलने जाता हूं, तो मैं कोई दबाव नहीं बनाता, इसलिए मुझे लगता है कि मुझे सफलता मिली है। इस बीच, केकेआर के कप्तान श्रेयस अय्यर ने हसरंगा के 4/20 के स्पैल की तारीफ की। हसरंगा ने वास्तव में अच्छी गेंदबाजी की, मेरा विकेट लेने के बाद उन्होंने और अच्छी गेंदबाजी की। मैं शुरूआत में उनकी गेंदबाजी को बहुत अच्छे से परख रहा था। हमने फैसला किया था कि हम उन्हें ऑफ स्पिनर के रूप में खेलेंगे लेकिन दुर्भाग्य से ऐसा नहीं हो पाया। वह काफी अनुभवी हैं और उन्हें इस विकेट पर काफी मदद मिली है। आईपीएल 2022 के सीजन में बुधवार को रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने कोलकाता नाइट राइडर्स को तीन विकेट से हराया। कोलकाता को सिर्फ 128 रन पर आउट करने के बाद, बैंगलोर ने पावर-प्ले में अपने पहले तीन बल्लेबाजों को खो दिया।

# वूमेंस वर्ल्ड कप के दूसरे सेमीफाइनल में इंग्लैंड ने दक्षिण अफ्रीका को 137 रनों से हराया

नई दिल्ली, एजेंसी




**वर्ल्ड कप**

- साउथ अफ्रीकी टीम पुरुष और महिला वर्ग में आज तक टी-20 और वनडे के फाइनल में नहीं पहुंच पाई है

वुमेंस वर्ल्ड कप के दूसरे सेमीफाइनल में इंग्लैंड की टीम ने दक्षिण अफ्रीका को 137 रनों के बड़े अंतर से हराया। फाइनल में इंग्लैंड का मुकाबला ऑस्ट्रेलियाई टीम से होगा। इस मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका की टीम टॉस जीता और पहले गेंदबाजी का फैसला किया।

इंग्लैंड की टीम ने निर्धारित 50 ओवर में आठ विकेट के नुकसान पर 293 रन बनाए। इंग्लैंड की ओर से ओपनिंग बैटर डेनियल वॉट ने 125 रनों की आकर्षक पारी खेली। इस लक्ष्य के जवाब में दक्षिण अफ्रीका की पूरी टीम 38 ओवर में 156 रन पर ऑलआउट हो गई। साउथ अफ्रीकी टीम पुरुष और महिला वर्ग में आज तक टी-20 और वनडे के फाइनल में नहीं पहुंच पाई है। इसके साथ ही अफ्रीकी टीम एक बार फिर से फाइनल में जगह बनाने से चूक गई है। इंग्लैंड की ओर से सोफी एलेक्सटोन ने जबरदस्त गेंदबाजी करते हुए 38 रन देकर छह विकेट झटके। इंग्लैंड की शुरूआत अच्छी नहीं रही इससे पहले टास हार कर पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड की टीम की शुरूआत अच्छी नहीं रही। इंग्लैंड का पहला विकेट 10 रन पर ही गिर गया। वही इंग्लैंड की तरफ से डैनी वायट ने शतकीय पारी खेली। उन्होंने 125 गेंदों में 12 चौकों के साथ 129 रन बनाए। उनका वर्ल्ड कप में पहला और वनडे में दूसरा शतक है। वहीं सोफिया डंकली ने 60 रन बनाए। इन दोनों खिलाड़ियों की बदौलत इंग्लैंड का स्कोर 293 तक पहुंच पाया। दक्षिण अफ्रीका की तरफ से शबनीम इस्माइल ने अच्छी गेंदबाजी की और 46 रन देकर 3 विकेट हासिल किए। इस्माइल के अलावा काप और मसाबता क्लास ने 2-2 विकेट अर्जित किए। अफ्रीका ने 8 रन पर 2 विकेट खोए।

वहीं टारगेट का पीछा करने उतरी अफ्रीकी टीम 38 ओवर में 156 रनों पर ही सिमट गई। साउथ अफ्रीकी टीम की शुरूआत अच्छी नहीं रही। 1 रन पर ही लौरा वोलवार्ड बिना खाता खोले ही पवेलियन लौट गई। वहीं 8 रन पर लिजेल ली 2 रन बनाकर लौट गईं। अफ्रीका की ओर से मिग्नोन डू प्रीज ने 48 गेंदों पर सबसे ज्यादा 30 रन बनाईं। वहीं इंग्लैंड की तरफ से सोफी एक्लेस्टोन ने 8 ओवरों में 36 रन खर्च कर सबसे ज्यादा 6 विकेट हासिल किए।

## आरसीबी से मिली हार के बावजूद अय्यर को अपनी टीम के प्रदर्शन पर गर्व

नवी मुंबई, एजेंसी




कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान श्रेयस अय्यर बुधवार को नवी मुंबई में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के खिलाफ 3 विकेट से मिली हार के बावजूद टीम के प्रदर्शन से खुश हैं। आरसीबी ने लो स्कोरिंग मैच में केकेआर को तीन विकेट से हराया। मैच के बाद अय्यर ने कहा, मुझे वास्तव में यह मैच रोमांचक लगा। मैदान पर जाने से पहले, मैंने अपने लड़कों से बात की और उन्हें बताया कि यह मैच मैदान पर हमारे चरित्र और रवैये को परिभाषित करने वाला है, चाहे हम बचाव करें या न करें जिस तरह से हम इस मैच में लड़ेंगे, वह वास्तव में अगले कुछ मैचों में हमारी मानसिकता को दर्शाएगा।

जिस तरह से हमने इस मैच में खेला और इसे अंतिम ओवर तक ले गए, उसपर मुझे वास्तव में गर्व है। अंतिम तीन ओवरों में आरसीबी को 24 रनों की आवश्यकता थी और टिम साउदी ने रदरफोर्ड और वानिंदु हसरंगा को आउट कर मैच को केकेआर की तरफ ला दिया। लेकिन इसके बाद हर्षल पटेल ने वेंकटेश अय्यर के ओवर में दो निर्णायक चौके लगाए, इससे पहले दिनेश कार्तिक ने छक्का और एक चौका लगाकर टीम को लक्ष्य के पास पहुंचा दिया था। उन अंतिम तीन ओवरों की बात करते हुए, अय्यर ने कहा, वह समय वास्तव में कठिन था क्योंकि मैं अपने सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजों को वहां पहुंचाना चाहता था और कुछ विकेट जल्दी हासिल करना चाहता था, लेकिन आरसीबी के बल्लेबाजों ने बीच में वास्तव में अच्छा खेला। अंत में, मैंने वेंकी के साथ जाने का फैसला किया क्योंकि उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गेंदबाजी करने का भी वास्तव में अच्छा अनुभव मिला है और आपको जरूरत है उनका समर्थन करने के लिए, विशेष रूप से टूनार्मेंट की शुरूआत में।

यह वास्तव में महत्वपूर्ण है कि वे जल्द से जल्द आत्मविश्वास हासिल करें और इसे पाने के लिए यह सबसे अच्छे मैचों में से एक था। इस मुकाबले में बैंगलोर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। कोलकाता की बल्लेबाजी काफी निराशाजनक रही और टीम 18.5 ओवर में 128 रन पर ढेर हो गई। बैंगलोर ने इस लक्ष्य को 4 गेंद शेष रहते 7 विकेट खोकर हासिल कर लिया। बैंगलोर के लिए शरफेन रदरफर्ड ने 28, शाहबाज अहमद ने 27 और डेविड विली ने 18 रन बनाए। बैंगलोर की इस सीजन में यह पहली जीत है तो वहीं, कोलकाता को पहली हार का सामना करना पड़ा है।

## फीफा वर्ल्ड कप के लिए अब तक बिके 8,00,000 से ज्यादा टिकट

ज्यूरिख, एजेंसी




इस साल के आखिर में कतर में आयोजित होने वाले फीफा विश्व कप 2022 के लिए टिकटों की बिक्री के पहले चरण अब तक दुनियाभर 8,00,000 से अधिक लोगों ने टिकट खरीदी है। यह जानकारी फीफा की ओर से दी गयी है। फीफा ने कहा, 'प्रशंसकों ने इस साल के अंत में कतर में आयोजित होने वाले विश्व कप के मैचों के लिए टिकटों की बिक्री के पहले चरण में 8,04,186 टिकट खरीदी हैं।' फीफा ने कहा है कि अमेरिका, इंग्लैंड, मैक्सिको, संयुक्त अरब अमीरात, जर्मनी, भारत, ब्राजील, अर्जेंटीना और सऊदी अरब जैसे देशों के लोगों ने मुख्य रूप से टिकट खरीदने में रूचि दिखाई है। फीफा के मुताबिक फीफा विश्व कप 2022 की ओपनिंग और फाइनल मैच को देखने में ज्यादा लोगों ने रूचि दिखाई है। फीफा ने बताया कि जिन प्रशंसकों को पहले चरण में टिकट नहीं मिल पाया है, उन्हें 5 अप्रैल को फीफा की वेबसाइट पर अगले रैंडम सिलेक्शन ड्रॉ सेल अवधि' के दौरान इसके लिए आवेदन करने का एक और मौका मिलेगा।

# मेक्सिको ने जीतकर लगातार आठवीं बार सीधे विश्व कप के लिये क्वालीफाई किया

मेक्सिको सिटी, एजेंसी



मेक्सिको ने अपने अंतिम क्वालीफाइंग मैच में एल साल्वाडोर को 2-0 से हराकर लगातार आठवीं बार सीधे फुटबॉल विश्व कप के लिये जगह पक्की की।

कॉनकाकाफ (उत्तर और मध्य अमेरिका और कैरेबियाई फुटबॉल संघों का परिसंघ) की ओर से तीन स्वतः क्वालीफाई करने वाली टीमें कनाडा, मेक्सिको और अमेरिका हैं। कनाडा ने पहले ही रविवार को टोरंटो में जमैका पर 4-0 की जीत से 36 साल में पहली बार विश्व कप के लिये क्वालीफाई किया। कनाडा की टीम अपने अंतिम मैच में पनामा से 0-1 से हार गयी लेकिन वह आठ टीम की तालिका में 28 अंक लेकर शीर्ष पर रही। मेक्सिको 28 अंक हासिल करने के बावजूद गोल अंतर से दूसरे स्थान पर रहा। अमेरिकी टीम रूस में 2018 विश्व कप में जगह नहीं बना सकी थी, लेकिन वह कोस्टा रिका से 0-2 की हार के बावजूद 25 अंक से तीसरे स्थान पर रहकर विश्व कप के लिये क्वालीफाई करने में सफल रही। मेक्सिको के लिये अजटेका स्टेडियम में हुए मैच में उरीयल अंतुना ने 16वें मिनट में गोल किया और फिर रॉल जिमेनेज ने पहले हाफ खत्म होने से तुरंत पहले पेनल्टी किक को गोल में तब्दील किया। कोस्टा रिका ने पिछले हफ्ते कनाडा को 1-0 से हराया था और रविवार को उसने होंडुरास को 2-1 से पराजित किया था।

वह तालिका में चौथे स्थान पर रही जिससे वह उपमहाद्वीपीय प्लेऑफ में न्यूजीलैंड से भिड़ेगी जिसने ओसनिया क्षेत्र के मुकाबले में सोलोमन आइलैंड को 5-0 से हराया था। इस साल 21 नवंबर को शुरू होने वाले विश्व कप का ड्रा शुक्रवार को होगा जिसमें आठ शीर्ष वरीय टीमें मेजबान कतर, अर्जेंटीना, बेल्जियम, ब्राजील, इंग्लैंड, फ्रांस, पुर्तगाल और स्पेन हैं।

## सानिया मिर्जा और रोहन बोपन्ना को मियामी ओपन में मिली हार

मियामी, एजेंसी



भारत के रोहन बोपन्ना और स्टार टेनिस प्लेयर सानिया मिर्जा अपने-अपने युगल मैचों के क्वार्टर फाइनल में हारकर मियामी ओपन टेनिस टूनार्मेंट से बाहर हो गए। पिछले तीन साल से ज्यादातर टूनार्मेंट में जोड़ी बनाकर खेल रहे बोपन्ना और कनाडा के डेनिस शापोवलोव को अंतिम-8 के मैच में नीदरलैंड के वेस्ले कूलहोफ और ब्रिटेन के नील स्कूप्स्की से शिकस्त झेलनी पड़ी। रोहन बोपन्ना और शापोवलोव की गैर वरीयता प्राप्त जोड़ी टूनार्मेंट के क्वार्टर फाइनल में छठी वरीयता प्राप्त वेस्ले कूलहोफ और नील स्कूप्स्की की जोड़ी से 2-6, 1-6 से हार गई। इससे पहले बोपन्ना और शापोवलोव ने पिछले दौर में निकोला मेक्टिच और मेट पाविच की शीर्ष वरीयता प्राप्त क्रोएशियाई जोड़ी को सीधे सेटों में हराकर उलटफेर किया था। सानिया मिर्जा और बेल्जियम की उनकी जोड़ीदार कर्स्टन फ्लिपकेन्स ने कड़ी चुनौती पेश की लेकिन आखिर में उन्हें एक घंटे 23 मिनट तक चले मैच में रूस की एकातेरिना अलेक्जेंड्रोवा और चीन की चाओसुआन यांग से 3-6 6-7 (3) से हार का सामना करना पड़ा।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के ऑन करें
www.pratahkiran.com
@Pratahkiran
epaper.pratahkiran.com
@Pratahkiran



## संक्षिप्त खबरें

### दो वर्षों में इलेक्ट्रिक वाहनों की कीमत पेट्रोल चलित वाहनों के बराबर होगी : गडकरी

नई दिल्ली। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि अगले दो वर्षों में इलेक्ट्रिक वाहनों की कीमत पेट्रोल चलित वाहनों के बराबर हो जायेगी। गडकरी लोकसभा में गुरुवार को एक पूरक प्रश्न के जवाब में कहा, मैं इस सदन को आश्वस्त करना चाहता हूं कि अगले दो वर्षों में इलेक्ट्रिक दो पहिया, तिपहिया और चार पहिया वाहनों की कीमत पेट्रोल चलित वाहनों के बराबर हो जायेगी। इस दिशा में हमारी नीति आयात का विकल्प तैयार करने, लागत कम करने, प्रदूषण मुक्त वातावरण बनाने तथा स्वदेशी के विकास पर आधारित है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, मेरा लोकसभा अध्यक्ष से आग्रह है कि संसद परिसर में पार्किंग स्थलों पर इलेक्ट्रिक वाहन का चार्जिंग स्टेशन स्थापित किया जाए ताकि सांसद वहां कार को चार्ज कर सकें। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि लेकिन यह भुगतान के साथ होना चाहिए। इस पर श्री गडकरी ने कहा, आप जो कहेंगे, वह करेंगे। मेरा आग्रह है कि नये भवन में छत पर सौर ऊर्जा पैनल की व्यवस्था कर दी जाए और इससे निःशुल्क बिजली मिल जायेगी। कोई खर्च भी नहीं लगेगा।

### राजस्थान में महिला चिकित्सक की खुदकुशी का विषय लोकसभा में उठा

नई दिल्ली। भाजपा सांसद जसकौर मीणा और उमेश जाधव ने राजस्थान में एक महिला चिकित्सक की कथित खुदकुशी का विषय बृहस्पतिवार को लोकसभा में उठाया और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। दोनों सांसदों ने कहा कि चिकित्सकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिए। राजस्थान के दौसा से सांसद जसकौर मीणा ने सदन में शून्यकाल के दौरान यह विषय उठाते हुए कहा, यह मेरे क्षेत्र का विषय है एक महिला चिकित्सक का खुदकुशी करना दुखद है। उन्होंने दावा किया कि राजस्थान सरकार ने एक गर्भवती की मौत होने पर इस चिकित्सक के खिलाफ धारा 302 के तहत मामला दर्ज किया। मीणा ने आरोप लगाया कि प्रदेश की सरकार अपराध से महिलाओं की सुरक्षा नहीं कर पा रही है, लेकिन एक चिकित्सक पर हत्या का मामला दर्ज कर उन्हें हतोत्साहित करती है।

### भाजपा में 75 वर्ष की आयु पूरी करने वालों को भी ऊपरी सदन में लाना जाना चाहिए : राम गोपाल

नई दिल्ली। भाजपा के 75 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले वरिष्ठ नेताओं को मार्गदर्शक मंडल में रखने के निर्णय पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सदस्य प्रो रामगोपाल यादव ने गुरुवार को भाजपा से ऐसे वरिष्ठ सदस्यों को सदन में लाने की अपील की जो 75 वर्ष की आयु पूरी कर चुके हैं लेकिन पूरी तरह से स्वस्थ्य हैं और अपने अनुभव साझा कर सकते हैं। प्रो यादव ने सदन में अपना कार्यकाल पूरा कर सेवानिवृत्त हो रहे 72 सदस्यों को धन्यवाद दिये जाने के अवसर पर कहा कि इस सदन में बहुत वरिष्ठ सदस्य आते हैं। लेकिन भाजपा में 75 वर्ष की आयु पूरी करने वालों को अब सदन में भेजना बंद कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा के ऐसे वरिष्ठ नेताओं को भी सदन में लाया जाना चाहिए जो 75 वर्ष पूर्ण करने के बाद भी पूरी तरह से स्वस्थ हैं और अपने अनुभव से सदन को गैरवान्वित कर सके।

### रूस और यूक्रेन के बीच जंग 36वें दिन भी जारी

# यूक्रेन के मददगार देशों पर साइबर अटैक की तैयारी में रूस

कीव/मॉस्को



- अमेरिका ने भी सुरक्षा देने से इनकार किया
- रूस से छीन भारत को दी गई चेस ओलिंपियाड की जिम्मेदारी

रूस और यूक्रेन के बीच जंग 36वें दिन भी जारी है। इस बीच ब्रिटेन का दावा है कि रूस यूक्रेन की मदद करने वाले देशों पर साइबर हमले की तैयारी में है। वहीं दूसरी तरफ व्हाइट हाउस की तरफ से कहा गया है कि अमेरिका यूक्रेन को सुरक्षा की कोई गांरटी नहीं देगा, क्योंकि जो बाइडेन रूस के साथ सीधा सैन्य टकराव नहीं चाहते हैं। इसके पहले अमेरिकी अधिकारियों ने दावा किया था कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन को यूक्रेन में रूसी सेना के खराब प्रदर्शन के बारे में उनके सलाहकार गलत सूचना दे रहे हैं। एक अधिकारी ने बताया कि इसके चलते पुतिन और वरिष्ठ रूसी सैन्य अधिकारियों के बीच तनाव बना हुआ है।

**बाइडेन ने जेलेंस्की से की बात**

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोल्दोमीर जेलेंस्की के साथ बात की है। एपी की रिपोर्ट के मुताबिक, बाइडेन ने यूक्रेन की मदद के लिए 500 मिलियन डॉलर की अतिरिक्त सहायता देने का वादा किया। व्हाइट हाउस कार्यालय के मुताबिक, बाइडेन ने रूस-यूक्रेन संकट की स्थिति में यूक्रेन के लिए अमेरिका की तरफ से समर्थन देने पर चर्चा की। जुलाई में रूस में होने वाली 44वीं चेस ओलिंपियाड अब भारत में होगा। रूस के यूक्रेन पर आक्रमण की वजह से इंटरनेशनल चेस फेडरेशन ने रूस से मेजबानी छिन कर भारत को इसकी मेजबानी सौंपी है। जिसकी अधिकारिक घोषणा शुक्रवार को नई दिल्ली में होगा। इस अवसर पर इंटरनेशनल चेस फेडरेशन के अधिकारी और विश्वनाथ आनंद मौजूद रहेंगे। रूस ने कहा है कि वह आज मारियुपोल में सीजफायर रखेगा, जिससे शहर के अंदर फंसे हुए लोगों को बाहर निकाला जा सके। चेर्नोबिल न्यूक्लियर साइट से भी अब रूसी सैनिकों ने पीछे हटना शुरू कर दिया है।

UNICEF ने कहा है कि जंग के चलते अब तक यूक्रेन से करीब 20 लाख बच्चों ने पलायन किया है। ब्रिटेन का कहना है कि उसने अब तक युद्ध से भाग रहे करीब 25,500 यूक्रेनियों को वीजा जारी किया है। स्लोवाकिया ने यूक्रेन पर हमले के विरोध में 35 रूसी राजनयिकों को अपने देश से निकाल दिया है।

**रूसी मिलिट्री कैंप पर यूक्रेन का हमला**

विस्फोट की जगह रूसी-यूक्रेनी सीमा से सिर्फ 12 मील की दूर है। विस्फोट की जगह रूसी-यूक्रेनी सीमा से सिर्फ 12 मील की दूर है। द डेली मेल की रिपोर्ट के मुताबिक, पश्चिमी रूस के बेलग्रेड में यूक्रेनी सेना ने मिलिट्री कैंप पर मिसाइल से हमला किया है। गवर्नर व्याचेस्लाव ग्लैडकोव ने बताया है कि इस मिसाइल हमले में कोई हताहत नहीं हुआ है। हालांकि यूक्रेनी रक्षा अधिकारियों ने अभी हमले की पुष्टि नहीं की है। रूसी हवाई हमलों ने मारियुपोल में एक रेड क्रॉस की इमारत को निशाना बनाया है।

WHO के मुताबिक अब तक 80 से ज्यादा हॉस्पिटल और हेल्थ केयर सेंटर्स पर हमले हुए हैं। इन हमलों में 72 लोगों की मौत हुई है और 43 लोग घायल हुई हैं। कीव स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स ने दावा किया है कि जंग में यूक्रेन का 63 अरब डॉलर (4.78 लाख करोड़ रुपये) का इंफ्रास्ट्रक्चर तबाह हो गया है। यूक्रेन की सेना का दावा है कि रूसी हमलों में देश के 60 से ज्यादा धार्मिक स्थलों को नुकसान पहुंचा है। UNICEF ने कहा- रूसी हमलों में 100 से ज्यादा बच्चों की मौत हुई है। यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने नार्वे की 169 सदस्यीय संसद स्टॉर्टिनजेट को वर्चुअली संबोधित करते हुए कहा कि रूस यूरोप की बुनियाद को नष्ट कर देना चाहता है। उन्होंने कहा कि यूरोप का भविष्य अब निर्धारित किया जा रहा है।

# हर साल 12.1 करोड़ गर्भधारण अनचाहे होते हैं : संरा रिपोर्ट

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी



दुनिया भर में लगभग हर साल 12.1 करोड़ गर्भधारण अनचाहे होते हैं। एक नए अध्ययन में यह बात सामने आई है, जिसे संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष ने एक ह्यह्यएक उपेक्षित संकट बताया है। स्टेट ऑफ वर्ल्ड पॉपुलेशन की वार्षिक रिपोर्ट बुधवार को जारी की गई, जिसमें संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष ने बताया कि 60 प्रतिशत से अधिक अनचाहे गर्भधारण का परिणाम गर्भपात के रूप में सामने आता है। इनमें से अनुमानित 45 प्रतिशत गर्भपात असुरक्षित होते हैं, जिससे 5 से 13 प्रतिशत माताओं की मौत हो जाती है। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष की कार्यकारी निदेशक डॉ. नतालिया कनेम ने कहा कि यह रिपोर्ट एक खतरे की घंटी की तरह है। उन्होंने कहा, महिलाओं के पास गर्भवती होने या नहीं होने से जुड़ा कोई विकल्प ही नहीं है, क्योंकि अनचाहे गर्भधारण के चौंका देने वाले यह आंकड़े महिलाओं और लड़कियों के बुनियादी मानवाधिकारों को बनाए रखने में दुनिया की विफलता को दशार्ते हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, 1990 से 2019 के बीच अनचाहे गर्भधारण की दर में प्रत्येक 1,000 महिलाओं पर 79 से 64 तक की गिरावट आई है और यह कुछ राहत देने वाली बात है। इनमें 15 से 49 वर्ष की आयुवर्ग की महिलाएं शामिल हैं। हालांकि, इस तथ्य पर भी ध्यान दिया जाना जरूरी है कि जनसंख्या बढ़ने के कारण 30 साल की अवधि में अनचाहे गर्भधारण का अनुभव करने वाली महिलाओं की कुल संख्या में लगभग 13 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। अध्ययन के अनुसार, दुनिया भर में अनुमानित 25.7 करोड़ महिलाएं जो गर्भवती नहीं होना चाहतीं, वे गर्भनिरोधक के सुरक्षित तथा आधुनिक तरीकों का उपयोग नहीं कर रही हैं। 47 देशों में यौन संबंध बनाने वाली लगभग 40 प्रतिशत महिलाएं गर्भनिरोधक तरीकों का इस्तेमाल नहीं कर रही हैं। संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों के अनुसार, इस वर्ष 64 देशों में 23 प्रतिशत महिलाएं यौन संबंध बनाने के लिए ना कहने में असमर्थ थीं, 24 प्रतिशत महिलाएं अपनी स्वास्थ्य देखभाल के बारे में निर्णय लेने में असमर्थ थीं और 8 प्रतिशत महिलाएं गर्भनिरोधक के बारे में निर्णय लेने में असमर्थ थीं। रिपोर्ट में कहा गया, इसका मतलब है कि केवल 57 प्रतिशत महिलाएं ही यौन संबंध बनाने और गर्भधारण करने संबंधी निर्णय लेने में सक्षम थीं।

### पीटीआई नेता का दावा

# प्रधानमंत्री इमरान खान की जान को खतरा

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तानी सियासत में भारी खींचतान और संकट के बादलों के बीच घटनाक्रमों में तेजी से बदलाव के साथ सनसनीखेज बयान सामने आ रहे हैं। ताजा बयान पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के वरिष्ठ नेता फैसल वावदा का है, जिन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री इमरान खान की जान खतरे में है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की हत्या की साजिश रची जा रही है। एक न्यूज चैनल पर फैसल वावदा ने कहा कि खतरे की आशंका के चलते इमरान को रैलियों के दौरान बुलेटप्रूफ शील्ड का इस्तेमाल करने की सलाह दी गई है लेकिन इमरान ने सभी खतरों को दरकिनार करते हुए कहा है कि अल्लाह ने जब उनकी मौत तय की होगी, तब ही वह इस दुनिया से जाएंगे। पाकिस्तान में चल रहे सियासी संग्राम के बीच वावदा ने कहा है कि प्रधानमंत्री इस स्थिति का बहादुरी से सामना कर रहे हैं। वो देश को किसी के आगे भी झुकने नहीं देंगे। विदेश नीति पर इमरान खान के रुख पर सफाई देते हुए वावदा ने कहा कि अब पाकिस्तान किसी के युद्ध का हिस्सा नहीं बनेगा। देश का एयरबेस हमारे पड़ोसी देशों पर हमला करने के लिए किसी को भी नहीं दिया जाएगा। इमरान खान की नीतियों के चलते बड़ी तादाद में सत्तारूढ़ पार्टी के नेता असंतुष्ट हैं। इस बीच, आमिर लियाकत हुसैन सहित कुल 22 असंतुष्ट पीटीआई नेताओं ने इस्लामाबाद के सिंध हाउस में विपक्षी गठबंधन के सत्र में हिस्सा लिया। इससे पहले इमरान खान ने कहा था कि वो विदेशी वित्त पोषित साजिश पत्र को वरिष्ठ पत्रकारों और सहयोगी पार्टी के सदस्यों के साथ साझा करेंगे।

### यूक्रेन को प्रत्यक्ष बजटीय सहायता में 500 मिलियन डॉलर देगा अमेरिका : बाइडेन

वॉशिंगटन, एजेंसी

व्हाइट हाउस ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने अपने यूक्रेनी समकक्ष, वलोडिमिर जेलेंस्की से कहा कि अमेरिका यूक्रेन को प्रत्यक्ष बजटीय सहायता में 500 मिलियन डॉलर प्रदान करेगा। बुधवार को, व्हाइट हाउस ने कहा कि बाइडेन ने जेलेंस्की को बताया कि अमेरिका यूक्रेनी सरकार को प्रत्यक्ष बजटीय सहायता में 500 मिलियन डॉलर प्रदान करने का इरादा रखता है। सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने व्हाइट हाउस के हवाले से कहा कि नेताओं ने चर्चा करते हुए कहा कि कैसे संयुक्त राज्य अमेरिका यूक्रेन द्वारा मुख्य सुरक्षा सहायता अनुरोधों को पूरा करने के लिए चौबीसों घंटे काम कर रहा है, संघर्ष पर उन हथियारों के महत्वपूर्ण प्रभाव, और मदद के लिए अतिरिक्त क्षमताओं की पहचान करने के लिए सहयोगियों और भागीदारों के साथ अमेरिका द्वारा प्रयास जारी रखें। यूक्रेनी सेना अपने देश की रक्षा कर रही है।

# रूसी राष्ट्रपति का यूक्रेन पर आक्रमण एक रणनीतिक भूल : व्हाइट हाउस

वाशिंगटन, एजेंसी




- कुछ दिन पहले उन्होंने जो कहा था वह स्वाभाविक आक्रोश से भरा बयान था, हमारे पास शासन परिवर्तन की औपचारिक नीति नहीं है

व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव केट बेडिंगफील्ड ने कहा कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का यूक्रेन पर आक्रमण एक रणनीतिक भूल है, जिसने रूस को वैश्विक मंच पर अलग-थलग कर दिया है। बेडिंगफील्ड ने कहा कि अमेरिका को जानकारी मिली है कि रूसी राष्ट्रपति अपनी सेना द्वारा गुमराह किया हुआ महसूस कर रहे हैं, जिससे पुतिन और उनके सैन्य नेतृत्व के बीच लगातार तनाव बना हुआ है। बेडिंगफील्ड ने एक दैनिक संवाददाता सम्मेलन में कहा, हमारा मानना है कि पुतिन को उनके सलाहकारों द्वारा इस संबंध में गलत सूचना दी जा रही है कि रूसी सेना कितना खराब प्रदर्शन कर रही है और रूसी अर्थव्यवस्था को प्रतिबंधों से कैसे पंगु बनाया जा रहा है, क्योंकि उनके वरिष्ठ सलाहकार उन्हें सच बताने से बहुत डरते हैं। उन्होंने कहा, इसलिए, यह स्पष्ट होता जा रहा है कि पुतिन का युद्ध एक रणनीतिक भूल है, जिसने रूस को लंबे समय के लिए कमजोर बना दिया है और विश्व मंच पर वह अलग-थलग पड़ गया है। बेडिंगफील्ड ने कहा कि आक्रमण की शुरूआत में रूस कीव की ओर आक्रामकता से बढ़ रहा था, लेकिन अब वह सार्वजनिक रूप से अपने आक्रमण के लक्ष्यों को फिर से परिभाषित करने की कोशिश कर रहा है, जो पहले से अलग है। पुतिन को उनकी सेना द्वारा गलत जानकारी देने की अमेरिकी खुफिया एजेंसी की रिपोर्ट को सार्वजनिक करने के सवाल पर उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि जानकारी सार्वजनिक करने से यह स्पष्ट होता है कि उनका यह कदम एक रणनीतिक भूल है। इसके साथ ही उन्होंने यह भी दोहराया कि राष्ट्रपति जो बाइडन रूस में शासन परिवर्तन की नीति की वकालत नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा, कुछ दिन पहले उन्होंने जो कहा था वह स्वाभाविक आक्रोश से भरा बयान था, हमारे पास शासन परिवर्तन की औपचारिक नीति नहीं है। हम केवल रूस पर व्यापक प्रतिबंध लगाने पर जोर दे रहे हैं। उन्होंने कहा, हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि रूस अपनी गलती का परिणाम भुगते। पुतिन ने खुद भी कहा है कि प्रतिबंधों का प्रभाव काफी अधिक होगा। इसलिए, हम यूक्रेन को सुरक्षा सहायता प्रदान करने और रूस पर महत्वपूर्ण प्रतिबंध लगाने की अपनी रणनीति पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। गौरतलब है कि बाइडन ने पिछले सप्ताह एक भाषण में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बारे में कहा था कि यह शख्स सत्ता में नहीं रह सकता। इसके बाद, व्हाइट हाउस और अन्य अमेरिकी अधिकारियों ने स्पष्ट किया था कि बाइडन असल में पुतिन को बेदखल करने के बारे में बात नहीं कर रहे थे।

# स्टालिन ने की पीएम मोदी और कांग्रेस अध्यक्ष से मुलाकात

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



- स्टालिन दिल्ली में पार्टी के नए कार्यालय, अन्ना-कालीनार का उद्घाटन 2 अप्रैल को करेंगे

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन गुरुवार से तीन दिवसीय दिल्ली दौरे पर हैं। इस दौरान स्टालिन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यालय पहुँचकर उनसे मुलाकात की। वहीं कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने स्टालिन से मुलाकात की। दिल्ली दौरे पर स्टालिन जीएसटी सहित केंद्रीय करों में, साथ ही बाढ़ राहत के लिए आवंटित धन की मांग रख रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात के बाद स्टालिन गृह मंत्री अमित शाह और केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और अन्य राजनीतिक नेताओं से भी मिलेंगे। स्टालिन केंद्र से तमिलनाडु में परियोजनाओं के लिए वित्तीय आवंटन, राज्य के बुनियादी विकास के मुद्दे पर पर चर्चा के लिए मुलाकात कर रहे हैं। दिल्ली यात्रा के दौरान, दिल्ली में द्रमुक के नए कार्यालय अन्ना-कलैगनार अरिवलयम का भी उद्घाटन करेंगे। साथ ही स्टालिन की ओर से राज्य से संबंधित कई मुद्दों को उठाये जाने की उम्मीद है, जिसमें राज्यपाल के पास लंबित बिल और अन्य बुनियादी ढांचे और विकास के मुद्दे शामिल हैं। स्टालिन दिल्ली में पार्टी के नए कार्यालय, अन्ना-कालीनार का उद्घाटन 2 अप्रैल को करेंगे। ये राष्ट्रीय राजनीति में पार्टी की अपरिहार्यता का प्रतीक है। पार्टी के अध्यक्ष स्टालिन ने कार्यकताओं को लिखे पत्र में कहा कि दीन दयाल उपाध्याय मार्ग पर बनने वाले तीन मंजिला कार्यालय द्रविड़ वास्तुकला के अनुसार बनाए जा रहे हैं, इनमें आधुनिक भवन की सभी सुविधाएं और एक पुस्तकालय भी है। उन्होंने कहा कि कार्यालय का नाम पार्टी के दो बड़े नेताओं, पूर्व मुख्यमंत्रियों, दिवंगत सीएन अन्नादुरई और कलैगनार एम. करुणानिधि के नाम पर रखा गया है। उन्होंने कहा कि उद्घाटन समारोह दिल्ली में दक्षिणी भारत के इतिहास को लिखने के लिए तैयार है और यह कार्यालय पार्टी और उसकी नीतियों के लिए एक महत्वपूर्ण स्थान और द्रविड़ मॉडल को लागू करने के लिए एक वाहन होगा। द्रमुक 2 अप्रैल को नई दिल्ली में पार्टी कार्यालय के उद्घाटन को स्टालिन को राष्ट्रीय मंच पर पहुंचाने के लिए एक प्रमुख राजनीतिक कार्यक्रम बना रही है। इससे पहले द्रमुक संसदीय दल के नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री टी.आर. बालू ने कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और अन्य वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात की और द्रमुक कार्यालय के उद्घाटन का भी निमंत्रण दिया था।

2024 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी के खिलाफ कांग्रेस के साथ गठबंधन में स्टालिन के फ्रंट-लाइन नेता के रूप में उभरने की चर्चा है। इसके बाद गुरुवार को स्टालिन ने भी कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से मुलाकात कर उनको उद्घाटन समारोह में आमंत्रित किया।

# 23 अप्रैल से चलेगी तीर्थ स्थल स्पेशल ट्रेन, बुकिंग शुरू

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

रेलवे आगामी 23 अप्रैल से तीर्थ स्थल स्पेशल ट्रेन शुरू करेगी। गुरुवार इसकी बुकिंग की शुरूआत हो गई है। रेलवे ने इस बार एयरकंडीशन (एसी) और नॉन एसी दोनों कोच में तीर्थ स्थलों के दर्शन के लिए शानदार पैकेज को लॉन्च किया है। इस स्वदेश दर्शन ट्रेन में तीर्थ यात्री अब आगरा एवं बुंदेलखण्ड के क्षेत्रों से अयोध्या में रामलला के दर्शन के साथ काशी कॉरिडोर देख सकते है। इसके अलावा गंगा सागर से होते हुए जगन्नाथ पुरी तक की यात्रा भी कर सकते हैं। इन स्पेशल ट्रेनों की बुकिंग गुरुवार से शुरू हो गई है। गौरतलब है कि 23 अप्रैल से शुरू होने वाली यात्रा में रेलवे ने आगरा, मथुरा, टूण्डला, फिरोजाबाद, ग्वालियर, भिण्ड, मुरैना, झांसी, जालौन एवं उरई क्षेत्र के यात्रियों की बढ़ती मांग को देखते हुए यह पैकेज लॉन्च किया है। इससे पहले बीते मार्च माह में लगभग 2400 यात्रियों ने तीर्थ स्थलों के दर्शन की यात्रा की थी। यह ट्रेन 23 अप्रैल से 01 मई के बीच संचालित की जाएगी। यह ट्रेन अयोध्या में राम जन्मभूमि, हनुमानगढ़ी, सरयू आरती, काशी विश्वनाथ मंदिर, बैद्यनाथ मन्दिर, गंगासागर, काली मंदिर (कोलकाता), पुरी में जगन्नाथ मन्दिर एवं कोणार्क मन्दिर, आदि धार्मिक स्थलों के लिए संचालित की जा रही है। इस यात्रा का पैकेज आठ रात और नौ दिन का है। इस पैकेज का मूल्य प्रति व्यक्ति 3 एसी क्लास का 23,830 रुपए और नॉन एसी क्लास का मात्र 16,700 रुपए है।

**चिंता** — सांसदों से लोक हित में पूरे उत्साह के साथ अपना कर्तव्य निभाने तथा नियमों तथा प्रक्रियाओं का पूरा सम्मान करने का अह्वान किया

# राज्यसभा में पांच वर्षों में 35 फीसदी समय नष्ट हो गया: नायडु

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



- सभपति ने इनमें से विभिन्न सदस्यों का नाम लेकर सदन में उनके व्यक्तिगत योगदान का उल्लेख किया

राज्यसभा के सभापति एम वेंकैया नायडु ने कहा कि पिछले पांच वर्षों में सदन का 35 फीसदी समय नष्ट हो गया है और इस दौरान एक मात्र सदस्य एस आर बालासुब्रमणियन की पूरी उपस्थिति रही है।

सदन का छह वर्षों का कार्यकाल पूरा कर सेवानिवृत्त हो रहे 72 सदस्यों को नायडु के साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे के नेतृत्व में आज सदन ने भावभीनी विदायी दी। सदन में उनके योगदान का याद किया तथा उनके मंगल भविष्य की कामना की। सेवा निवृत हो रहे सदस्यों में 65 सदस्य 19 राज्यों का प्रतिनिधित्व कर रहे थे जबकि सात सदस्य मनोनित थे। इन सदस्यों में श्रीमति निर्मला सीतारमण, श्री पीयूष गोयल, श्री ए के एंटनी, अंबिका सोनी, पी चिदंबरम, आनंद शर्मा, जय राम रमेश , सुरेश प्रभु, प्रफुल्ल पटेल, डॉ सुब्रमण्यम स्वामी, संजय राउत, सतीश चंद्र मिश्रा, एम सी मैरीकॉम, स्वप्न दास गुप्ता और डॉ नरेंद्र जाधव शामिल हैं।

सभपति ने इनमें से विभिन्न सदस्यों का नाम लेकर सदन में उनके व्यक्तिगत योगदान का उल्लेख किया। उन्होंने इस अवसर पर अफसोस भी किया कि पिछले पांच साल में हंगामें के कारण 35 प्रतिशत समय व्यर्थ गया। उन्होंने सांसदों से लोक हित में पूरे उत्साह के साथ अपना कर्तव्य निभाने तथा नियमों तथा प्रक्रियाओं का पूरा सम्मान करने का अह्वान किया। उन्होंने कहा कि विधायिका के सदस्यों को सदन के कार्यवाही में बाधा नहीं डालनी चाहिए और जनता ने जो सम्मान और विश्वास दिया है उसका उन्हें आदर करना चाहिए। नायडु ने कहा कि सदस्यों का यह कर्तव्य है कि वे सदन द्वारा बनाये गये नियमों और नीतियों में जनता के हित को सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि मार्च से जुलाई के बीच सेवानिवृत हो रहे इन सदस्यों का कुल संसदीय अनुभव जोड़ दिया जाये तो वह कुल उनके पास 181 कार्यकाल का अनुभव है जिसमें 143 कार्यकाल राज्यसभा और इससे पहले 38 कार्यकाल लोकसभा का है। उन्होंने कहा ऐसे अवसर कम ही आते हैं जबकि इतने बड़ा अनुभव रखने वाले लोग सेवानिवृत होते हैं। नायडु ने भारत में विधायिकाओं में अनुचित आधार पर बार-बार हंगामें और शोरगुल की स्थिति पर खेद जताते हुए कहा,ह्ल यह चिंता की बात है कि पिछले चार साल में इसी गरिमामय सदन में व्यवधान के कारण काम का 35 प्रतिशत मूल्यवान समय व्यर्थ गया। उन्होंने कहा कि इस प्रवृति पर बिन देरी किए अंकुश लगाने की आवश्यक्ता है। उन्होने इस अवसर पर सूचित किया कि सेवानिवृत हो रहे 84 वर्षिय सदस्य श्री बालसुब्रमणियन एक मात्र ऐसे सदस्य हैं जिन्होंने 2017 में 244 वें सत्र से लेकर पिछले साल शीतकालीन(255वें सत्र) के बीच सभी 234 बैठकों में उपस्थित रहें।

# ऑस्ट्रेलिया ने रूस, बेलारूस पर लगाए अतिरिक्त प्रतिबंध

कैनबरा, एजेंसी



ऑस्ट्रेलिया 25 अप्रैल से रूस और बेलारूस से होने वाले सभी आयातों पर 35 प्रतिशत का अतिरिक्त शुल्क लगाएगा। ऑस्ट्रेलिया की सरकार ने गुरुवार को एक बयान में यह जानकारी दी। बयान में कहा गया,एक अप्रैल 2022 को ऑस्ट्रेलिया रूस और बेलारूस से सबसे पसंदीदा राष्ट्र (एमएफएन) का दर्जा वापस लेने और इन देशों से सभी आयातों पर 35 प्रतिशत का अतिरिक्त टैरिफ शुल्क लागू करने के लिए एक औपचारिक अधिसूचना जारी करेगा। यह 25 अप्रैल 2022 से प्रभावी होगा और वर्तमान में लागू होने वाली सामान्य शुल्क दरों के अतिरिक्त होगा। गत 20 मार्च को ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने कहा था कि यूक्रेन में नागरिकों की सहायता के लिए ऑस्ट्रेलिया की तरफ से अतिरिक्त तीन करोड़ ऑस्ट्रेलियाई डॉलर आबंटित किए जाएंगे। यहां की सरकार की तरफ से यूक्रेन को मानवीय सहायता के रूप में अब तक 6.5 करोड़ ऑस्ट्रेलियाई डॉलर दिए जा चुके हैं। उल्लेखनीय है कि रूस ने यूक्रेन में 24 फरवरी को विशेष सैन्य अभियान की शुरूआत की थी। ऑस्ट्रेलिया उन सभी रूसी नागरिकों, संगठनों, बैंकों और संस्थाओं पर प्रतिबंध लगा चुका है, जिन्होंने यूक्रेन में रूसी सैन्य अभियान को अपना समर्थन दिया है। इसके अलावा, बेलारूस के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लुकाशेंको और उनके परिवार के सदस्यों के साथ-साथ रूस को समर्थन देने वाले बेलारूसी नागरिकों और संस्थाओं पर भी ऑस्ट्रेलिया प्रतिबंध लगा चुका है।

### उन्नाव रेप केस : कुलदीप सेंगर की जमानत याचिका पर सीबीआई को नोटिस

नई दिल्ली, प्रात :किरण संवाददाता

दिल्ली हाई कोर्ट ने उन्नाव रेप मामले के दोषी और भाजपा के पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए सीबीआई को नोटिस जारी किया है। जस्टिस सिद्धार्थ मृदुल की अध्यक्षता वाली बेंच ने 25 भी को अगली सुनवाई करने का आदेश दिया।

दिल्ली के तीस हजारी कोर्ट ने 20 दिसंबर, 2019 को कुलदीप सिंह सेंगर को उम्रकैद की सजा सुनाई थी। कोर्ट ने उम्रकैद के अलावा 25 लाख रुपये का जुमार्ना भी लगाया था। जुमार्ने की इस रकम में से 10 लाख रुपये पीड़ित युवती को देने का आदेश दिया था। तीस हजारी कोर्ट के इस फैसले के खिलाफ कुलदीप सिंह सेंगर ने दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दायर की है।

तीस हजारी कोर्ट ने 13 मार्च, 2020 को युवती के पिता की हत्या के मामले में कुलदीप सिंह सेंगर को दस साल की कैद की सजा सुनाई थी। डिस्ट्रिक्ट एंड सेशंस जज धर्मेश शर्मा ने सेंगर पर दस लाख रुपये का जुमार्ना भी लगाया था।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।)
RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129